श्री दुगड सा एक व्यक्ति न होकर अपितु पूरी एक सस्था है। आपके सहयोग से भारतवर्ष में अनेक स्थानो पर अस्पताल, स्कूल, गौशालाएँ नियमित रूप से चल रही है।

श्री दुगड सा ने त्याग, सेवा दानशीलता की जो मिशाल कायम की है वह समाज के लिए अनुकरणीय है। आपकी सेवा-भावना, त्याग-निष्ठा एव पूर्णरूपेण समर्पण समता के पर्याय बन गये है।

यह ग्रथ समाज के हर व्यक्ति के पास पहुँचे इन्हीं शुभ कामनाओ के साथ।

मीना राका
पूर्व अध्यक्ष श्री अ भा सा जैन महिला समिति

दुगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित नि:शुल्क माइक्रोसर्जरी केम्प के समापन पर

श्री श्यामलकुमार सेन, राज्यपाल, प.बं की बाढ़पीड़ितों के सहायतार्थ चेक भेंट करते हुए

पी.बी.एम अस्पताल बीकानेर के आइ.सी.यू वार्ड जो १९९० से श्री दुगड़जी द्वारा संचालित एवं पोषित है

अपनी भाषा द्वारा आयोजित समारोह में प्रो. लोढ़ा के साथ

सरदार जोध सिंह एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री चन्द्रशेखर के साथ

श्री सुब्रतो मुखर्जी मेयर कोलकाता कॉरपोरेशन श्री सुन्दरलाल दुगड़ का अभिनन्दन करते हुए

कुसुमदेवी दुगड़ आई.टी.यु के उद्घाटन के अवसर पर

शुभाशंसा

मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ रचना है। यदि आदमी की सोच सही एव काम उत्तम है तो वह उत्तरोत्तर ऊँचा उठता जाता है। जो समय पर मनुष्य जीवन का मोल समझ जाता हैऔर मानवोचित कर्म करता रहता है, उसे सफलता अवश्य प्राप्त होती है।

कोलकाता (देशनोक, बीकानेर - राज) निवासी श्री सुन्दरलालजी दुगड का जन्म देशनोक निवासी दुगड (जैन) परिवार मे हुआ। उनके पिताजी श्री मोतीलालजी दुगड समाज सेवक तथा परम गुरु भक्त, सुश्रावक रत्न थे। श्री सुन्दरलालजी दुगड की अष्टम पट्टधर आचार्य श्री नानेश तथा वर्तमान आचार्य प्रवर श्री रामेश के प्रति समर्पणा अवर्णनीय है।

राजस्थान के बीकानेर जिले के देशनोक मे सन् १९५४ मे जन्मे श्री सुन्दरलाल दुगड ने कोलकाता मे कपडे की दुकान प्रारम्भ करते हुए जूट मिल का व्यवसाय चालू किया। वर्तमान मे आप प्लास्टिक, जूट, ऑटोमोबाइल, भवन निर्माण एव प्लाईवुड उद्योग से धनोपार्जन करते हुए निरन्तर सामाजिक, शैक्षणिक एव चिकित्सा सम्बन्धित कार्यो मे धन का मुक्त हस्त से विसर्जन करते हैं, यह सब आपकी श्रम, निष्ठा एव ईमानदारी के साथ-साथ पूर्व मे सचित पुण्यो का भी परिणाम है।

आपश्री का सार्वजनिक जीवन प्रेरक एव अनुकरणीय है। आपके नेतृत्व में आपकी जन्मभूमि देशनोक मे मानव परोपकारी सस्था श्री करणी हॉस्पीटल का निर्माण लगभग पूरा किया है।

आचार्य श्री नानेश की जन्मस्थली दाता मे आपने बहुत बडी राशि दान देकर परम गुरु भक्ति का परिचय दिया है। श्री सुन्दरलालजी की विशेषता है कि आप छोटे से छोटे व्यक्ति को आत्मीयता देकर अपना बना लेते है।

निरभिमानता एव सरलता उनके जीवन के अविभाज्य अग हैं। कोई भी जरुरतमद व्यक्ति उनके यहाँ से खाली हाथ नही जाता है, यह उनका विशेष गुण है। आप दूसरो के कार्यो व तकलीफो मे अपना काम भूलकर उनके कार्य करने को तत्पर रहते है।

एक ओर गरीब, मेधावी एव प्रतिभा सम्पन्न विद्यार्थी आप द्वारा दी जाने वाले छात्रवृत्ति से अपना जीवन निर्माण कर रहे है, दूसरी ओर कत्लखाने मे जाती हुई हजारो गाये इनकी करुणा एव सहयोग से गोशालाओ मे रहकर अकाल मौत से बच रही है। स्वधर्मी तथा अन्य सभी को सहयोग–मन्दिर, अस्पताल, विद्यालय, महाविद्यालय, छात्रावास, समता-साधना भवन, धार्मिक एव चिकित्सा शिविरो के आयोजन मे मुक्त हस्त से दान देना इनका सहज स्वभाव है।

यही कारण है कि समाज की विभिन्न सस्थाओ ने आपको विशिष्ठ पद देकर स्वय को गौरवान्वित किया है। श्री जैन विद्यालय, हावडा के आप अध्यक्ष है। श्री करणी गौशाला, देशनोक के उपाध्यक्ष, जैन कल्याण सघ, कोलकाता के सरक्षक, महेन्द्र मुनि मिशन, कोलकाता एव बीकानेर के कार्डियोकेयर फाउण्डेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी है। साथ ही देशनोक नागरिक सघ, कोलकाता के सस्थापक अध्यक्ष है। आप अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ, बीकानेर के उपाध्यक्ष रह चुके है। राजस्थान के मेवाड अचल में स्थित शैक्षणिक सस्थान जवाहर विद्यापीठ, कानोड के आप अध्यक्ष है।

आपके सुपुत्र श्री विनोदजी दुगड आपके ही पदचिन्हो पर चलते हुए सामाजिक एव धार्मिक कार्यो मे विशेष रुचि रखते है।

समाजसेवी, धर्मानुरागी, सरल स्वभावी श्री सुन्दरलालजी दुगड के यशस्वी एव मगलकारी जीवन की शुभकामना करते हुए परमेश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि समाज का यह रत्न स्वस्थ एव दीर्घायु होकर भारतवर्ष मे काम करने वाली विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एव धार्मिक सस्थाओ को अपनी साधना एव श्रम से उपार्जित धन से सींचते रहे, तन-मन-धन से सरक्षण देते रहे।

शान्तिलाल साड, बैंगलोर

शुभाशंसा

श्रेष्ठीवर्य श्री सुन्दरलालजी दुगड एक अद्भुत व्यक्तित्व के धनी हैं। मरुधर-बीकानेर की वीर भूमि के निकट देशनोक गाँव में आपका जन्म हुआ। विश्व के मानचित्र मे देशनोक मे करणीमाता का मदिर, जिसके दर्शनार्थ हजारो-हजार श्रद्धालु भक्त आते है। आचार्य श्री राम का जन्म भी इसी पावन स्थल पर हुआ। आप एव आपका पूरा परिवार आचार्य श्री रामलालजी म सा के प्रति अनन्य आस्थावान है। श्री दुगडजी का व्यक्तित्व असाधारण है। धर्म, समाज और क्षेत्रिय एव राष्ट्रीय विषमताओ को मिटाने मे आप वडी सजगता से सूझ-बूझ के साथ प्रयत्नशील रहते है। आप क्षेत्रिय, प्रादेशिक और राष्ट्रीय अनेक सस्थाओ से जुडे हुए है, सस्थाओ के मार्गदर्शन में सदैव तत्पर रहना आपका विशेष गुण है। आपकी कर्मभूमि महानगरी कलकत्ता है। आपने अपने श्रम एव दूरदर्शिता से अपने व्यवसाय मे विशेष सफलता अर्जित की है। लक्ष्मीपुत्र दुगडजी ने न केवल पैसा कमाने का लक्ष्य रखा, दान भी उसी तरह से मुक्तहस्त से दे रहे है। कॉलेज हो, स्कूल हो, अस्पताल हो, धार्मिक व सामाजिक कार्य हो या जन कल्याण के कार्य हो सभी मे आपका विशेष योगदान रहता है। हर क्षेत्र मे सदा सहज भाव से आप दान देने मे तत्पर रहते हैं। मृदुभाषी दुगडजी का जीवन सरल, सादगीपूर्ण और निरभिमानी है। दान देकर भूल जाना आपका स्वभाव है। इनकी उदारता को देखकर स्व सोहनलालजी दुगड की सहज ही स्मृति हो जाती है।

काफी समय से मेरा उनका परिचय है। मैने उनके अनेक गुण देखे है। श्री सरदारमलजी काकरिया एक जानेमाने समाज सेवी ही नही, आदमी को परखने की भी उनकी क्षमता विशिष्ट है। दुगडजी जैसे दानवीर, कर्मवीर, धर्मवीर व्यक्ति का अभिनन्दन करने का विचार कर एक सही कदम उठाया है। अभिनन्दन ग्रन्थ का कार्य श्री भूपराजजी जैन जो अभिनदन ग्रथ तैयार करने मे अपना सानी नहीं रखते, को सौपकर एक सही कदम उठाया है।

हम दुगडजी के यशस्वी, स्वस्थ एव दीर्घायु जीवन के लिए मगल कामना करते है कि वे इसी तरह राष्ट्र, धर्म और समाज की सेवा करते रहे।

केशरीचन्द सेठिया, चैन्नई

बहुत ही हर्ष का विषय है कि विनम्र समाज सेवी, दानवीर श्री सुन्दरलालजी दुगड कोलकाता के अभिनदन ग्रथ का प्रकाशन होने जा रहा है।

मै आपका कृतज्ञ हूँ कि इस महान् व्यक्ति पर आपने मेरे विचार आमत्रित किये हैं। श्री दुगडजी के लिए डॉ बशीर बद्र की ये पक्तियाँ बहुत ही मौजू होगी।

'मै शाहराह नही, रास्ते का पत्थर हूँ ।
यहाँ सवार भी, पैदल उतरकर चलते थे ।।"

श्री सुन्दरलाल दुगड जैसे अनेक भामाशाहो को प्रणाम।

अरुण खाबिया, नीमच (उ प्र)

श्री सोमेन मित्रा, एम.एल.ए के साथ श्री सुन्दरलालजी के दौहित्र जीत झाबक

श्री जैन हॉस्पीटल में श्री राजेशजी, IPS एस.पी हावड़ा का सम्मान करते हुए

श्री दुगडजी का अभिनन्दन करते हुए श्री विनोद मिन्नी मंत्री श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा

श्वेताम्बर जैन कॉन्फ्रेंस कार्यालय में होली प्रीति सम्मेलन २००६

झंडावन्दन करते हुए श्री सरदारमल कांकरिया के साथ

SHREE VISHUDHANAND HOSPITAL
&
RESEARCH INSTITUTE
35 & 37, BURTOLLA STREET, CALCUTTA-700007

बिशुद्धानंद हॉस्पीटल स्मारिका का बिमोचन करते हुए

बिशुद्धानद हॉस्पीटल में श्री कृष्णगोपाल सिन्हा के साथ

शुभाशंसा

मै श्रीमान् सुन्दरलालजी सा दुगड से पिछले २०-२२ वर्षो से परिचित हूँ। श्रीमान् दुगड सा एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे न केवल तन से ही सुन्दर है अपितु मन, वचन और कर्म से भी सुन्दर है। उनका जीवन अपने सकल्पो और उद्देश्यो की पूर्ति के लिए सदा ही जागरुक रहता है। मानव जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसमे उनका सहयोग नहीं हो। कोई अर्थाभाव से पीडित हो, सहयोग के अभाव मे यदि किसी की प्रगति कुठित हो रही हो, उचित चिकित्सा के अभाव मे कोई असहाय लग रहा हो तो श्री सुन्दरलालजी दुगड का हाथ हमेशा आगे बढजाता है एव अपने अविकल सहयोग से उसे उन अभावो, सकटो एव कष्ट कठिनाइयो से मुक्ति ही नही दिलाते, अपितु स्नेह-प्रेम एव सौजन्य से अपना बना लेते हैं।

ऐसे श्री सुन्दरलालजी सा दुगड के दीर्घायु एव मगलमय जीवन हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ।

वीरेन्द्र सिह लोढा, उपाध्यक्ष
आगम अहिंसा-समता एव प्राकृत सस्थान, उदयपुर

श्री सुन्दरलालजी सा अपने जीवन के कार्यकाल मे प्रारभ से ही सघर्षरत रहे। आपने सघर्ष व साहस के बल पर अपने सफलता के रथ को आगे बढाया। पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आपसे मेरा सगे सबधी का व्यवहार था। आपने कोलकाता की कर्मभूमि पर अपनी सफलता का परचम, समाज सेवा, उदारता व सहायता के रूप मे फहराया। उसी का परिणाम है कि आज दानवीर के रूप मे आपकी पहचान जैन जगत मे विख्यात है।

श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ बीकानेर के जब श्री चुन्नीलालजी मेहता अध्यक्ष थे और मैं मत्री पद पर था एव सघ के कार्यालय 'समता भवन' मे निर्माण कार्य करा रहा था लेकिन अर्थाभाव था। मैने श्रीमान् भवरलालजी दुगड कोलकाता से मिलने के प्रसग पर बातचीत मे बतलाया कि हमें 'समता भवन' के विकास के लिए थोडी आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तब उन्होने कहा कि आप हमारे सहृदय उदार व्यक्ति श्री सुन्दरलाल दुगड से सम्पर्क करे, वे आपकी समस्या हल कर देगे। मैने श्री दुगड सा को पत्र प्रेषित किया जिसमे समता भवन हेतु सहयोग व श्री अ भा साधुमार्गी सघ से सक्रिय रूप से जुडने हेतु निवेदन किया। आपने मेरे निवेदन पर ध्यान ही नहीं दिया बल्कि सघ की प्रत्येक गतिविधियो मे सक्रिय अग्रिम सहयोगी होकर उभरे। तब से अब तक आप सघ के साहित्य प्रकाशन मे, समता भवनो के निर्माण व धार्मिक अध्ययन-अध्यापन, धार्मिक शिविरो के सचालन आदि सभी कार्यो मे मुक्तहस्त से दान दे रहे हैं। केवल यह धार्मिक सघ ही नही आपके पास कोई सद्कार्यो की सहायता हेतु उपस्थित व्यक्ति यथोचित सहायता प्राप्त करता है, जिसकी सूची बहुत लम्बी है।

कई एक प्रसग पर जब आपसे बातचीत होती है तो आपने कई बार कहा कि "श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ से तो पहले आपने ही मुझे जोडा"।

ऐसे उदार हृदय, सरल व्यक्तित्व के धनी, दानवीर, व्यवहार कुशल व्यक्ति का अभिनन्दन सद्गुणो का अभिनन्दन है। मै भी सर्वतोभाव से आपका अभिनदन करता हूँ। आप दीर्घायु हो और इसी प्रकार सर्वजन सुखाय उदारतापूर्वक सेवा करते हुए अपने को धन्य-धन्य बनावे।

धनराज बेताला

शुभाशंसा

धर्म आत्मा का विज्ञान है। अत धर्म का सम्बन्ध आत्मा से है। काव्य या भक्ति का सम्बन्ध हृदय स है और दर्शन तथा विज्ञान का सम्बन्ध मस्तिष्क से है। मस्तिष्क, हृदय एव आत्मा, जब तीनो के मध्य समन्वय, एक लयवद्धता स्थापित होती है तब हमारे भीतर, भावो के आकाश मे "सत्य" की ज्योति का आविर्भाव होता है, तत्क्षण अहकार के अन्धकार की मृत्यु हो जाती है, फलस्वरूप समता का "शिव" सगीत ध्वनित होता है। मृत्यु सदा असत्य की होती है। शरीर मृत है, आत्मा अमृत है, यह वोध जब घटित होता है तब वह व्यक्ति शरीर को शव मानकर समता के "शिव" की यात्रा की ओर उन्मुख हो जाता है, तव आनद की वृष्टि होती है, उसमे निरतर सरावोर जो रहता है, वह कहलाता है– "सुन्दर", जो सुन्दर होता है, वही ईश्वर के प्रति समर्पित होता है और समर्पण के फलस्वरूप उसे सहज अनुभव होता है – "मैं" नही, "तूँ" ही तूँ और "तेरा तुझको अर्पण क्या लागै मेरा"। धर्म के प्रति समर्पित व्यक्ति, आत्म-सौन्दर्य से उपजी, समता की क्षमता से, सहानुभूति की जगह समानुभूति मे प्रवेश करता हुआ, सर्व के दु ख को अपनी करुणा प्रदान करता है, अर्थदान के माध्यम से पीडित की वेदना दूर करने मे सदैव सहज रूपेण तत्पर रहता है।

"सत्यम्-शिवम्-सुन्दरम्" को अपने मे समेट कर, कलापूर्ण जीवन जीने वाले, ऐसे है हम सव के प्रिय-सुप्रिय-जनप्रिय – "श्री सुन्दरलालजी दुगड"। अजातशत्रु वनकर, अपनी मृदुल-मुस्कान से सर्व के हृदय को सहज स्पर्श करते हुए, "जन सेवा" की ओर अवाध गति से अग्रसर है, अत वे निर्विवाद रूपेण वन्दनीय है, अभिनन्दनीय है।

उनके वैशिष्ट्य को शब्दो के माध्यम से अभिव्यक्त करना, किसी साहित्य-मनीषी के लिए सम्भव है, मेरे लिए तो असम्भव है। शब्दो की अपनी सीमा है और भाव असीमित होते है। भावो की प्रगाढता के समक्ष शब्द कगाल हो जाते है।

श्री सुन्दरलालजी दुगड के अन्त करण मे अध्यात्म की रश्मियाँ प्रवेश कर चुकी है। मेरा व मेरे परिवार का उनसे एक गहरा स्नेह सम्बन्ध विगत कई वर्षो से स्थापित होने के कारण, जो मेरे अनुभव मे उनकी भाव-दशा आई, मात्र उसे उल्लेखित करने का मैंने प्रयत्न किया है।

आयु के वेद की समस्त ऋचाये उन पर वरसती रहे, वे दीर्घायु हो और उनकी कीर्ति पताका अधिक से अधिकतर लहराती रहे। अपनी सवेदना की सम्पूर्ण गहराइयो के साथ इस गृहस्थाश्रम के मनीषी का प्रणाम करता हूँ।

राजेन्द्र सोपानी, कोलकाता

Shree Sunderlal Dugar has been known to me for sometime past I have seen him to be kind to the poorest sections of the society I have also seen him to be of great help to the poor people who are unable to meet the expenses for their costly medical treatment

It is a fact that he has come forward to donate clothes to the poorest sections of the society at the time of national festival like Durgapuja Kalipuja, Id Diwali etc He has also taken keen interest to promote sports in the remotest corner of the state by giving sports materials to different clubs

Debendra Nath Biswas
Member W Bengal Legislative Assembly

बच्चों का देश, राष्ट्रीय बाल मासिक के द्वारा आयोजित समारोह में महामहिम राज्यपाल आचार्य विष्णुकान्त शास्त्री के साथ

श्री जैन विद्यालय एवं श्री जैन सभा द्वारा सहायता राशि का चेक देते हुए दुगड़जी

श्री कृष्णगोपाल सिन्हा, श्री सरदारमल कांकरिया आदि अतिथियों से सम्मानित श्री दुगड़जी

बच्चों का देश पत्रिका में पुरस्कृत करते हुए

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा के पदाधिकारियों के साथ

आचार्य नानेश समता छात्रावास में विशिष्ट अतिथि श्री कांकरिया, श्री भूपराज जैन, श्री कृष्णगोपाल सिन्हा के साथ

प.बं. प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा आयोजित समारोह में श्री दुगड़जी, श्रीमती आशा गुटगुटिया, श्रीमती अलका छाजेड़, श्री गौरीशंकरजी कांचा, श्री संदीप भुतोड़िया

शुभाशंसा

वैसे दुगड साहब से मेरा बहुत पुराना परिचय है। वे हमारे परिवार के निकटस्थो मे से भी हैं। इसलिये उनके कार्यो से हमारा परिवार सदा प्रभावित रहा है। ये हमारे समाज के ऐसे व्यक्ति है जिनको पाकर हमारा जैन समाज ही गौरवान्वित नही हुआ है अपितु जो भी उनके सम्पर्क मे आया, जो भी पीडित व्यक्ति उनके पास गया तो उसके दु ख को, बिना किसी भेदभाव के दूर करने मे उन्होने अपनी पूरी शक्ति लगा दी। ऐसे व्यक्ति को अभावो व कष्टो से मुक्ति पाने मे ही मदद नही की बल्कि उसे इतना स्नेह व प्रेम दिया कि वह सदा के लिये उनका वन कर रह गया।

जब भी मैंने किसी सस्था या व्यक्ति को उनको मदद करने के लिये कहा तो बिना कुछ पूछताछ किये तत्काल उसकी मदद करने को तैयार हो गये। जब भी मैंने पूछा कि सस्था मे इस राशि की जो रशीद बनेगी वह आपके नाम से बना ले क्या तो कहा कि नही मेरे नाम से न जमा-खर्च करना है, न रसीद कटवाना, किसी को भी यह खबर नही होनी चाहिये कि मैंने मदद की है। लाखो का दान सतत देते रहने पर भी नाम व प्रशसा से इन्होने सदैव अपने को दूर ही रखा है। इनका सदा यही मानना रहा कि मेरी थोडी-सी मदद से भी यदि जनता व समाज मे दु खो को थोडा भी कम करने मे मदद मिलती है तो इससे ज्यादा प्रसन्नता व सन्तोष की बात मेरे लिये क्या हो सकती है ?

ऐसे बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी केवल नाम से ही सुन्दरलाल नही, मन, वचन व कर्म से भी ये सर्वांग सुन्दर हैं। ऐसे व्यक्ति को पाकर समाज धन्य ही हुआ है। आज के युग मे सुन्दरलालजी जैसा निस्पृह व्यक्ति मिलना बहुत कठिन हो गया है जो दानी के साथ निर्लेप व निर्वकार भी हो। इनको मैंने कभी गुस्सा करते नही देखा, और न किसी से कभी कोई अपेक्षा रखते देखा।

ये शतायु होकर अपने जीवन व कर्म से औरो के जीवन को भी धन्य बनाने मे जुटे रहे और हमे सदैव प्रेरणा व प्रकाश देते रहे। समाज ऐसे ही अनेक प्रकाश पुज पैदा करने मे सफल हो, यही मेरी मगल कामना है।

डॉ सम्पतकुमार जैन, जयपुर

श्री सुन्दरलाल दुगड का अभिनन्दन समाज के प्रति उनके द्वारा की गई सेवा और कार्यो के लिए हो रहा है। इससे परोपकार, दयालुता और सहयोग जैसी भावनाएँ वलवती हागी जिनकी समाज मे नितात आवश्यकता है।

श्री दुगड ने एक समाजसेवी के रूप मे परोपकार और पर-पीडा मे पडने वाले व्यक्तित्व के रूप मे ख्याति अर्जित की, लेकिन इसके वावजूद भी उनमे लेशमात्र भी अभिमान नहीं है। मानवता के प्रति सवेदनशीलता, दीनहीन की सेवा के साथ-साथ मातृ, पितृ और गुरु भक्ति की त्रिवेणी भी उनके जीवन मे देखने को मिली। ऐसे व्यक्ति धन्य हैं, जो अनवरत सफलताओ को वरण करते है।

मैं इनके दीर्घायु होने की कामना करता हूँ एव समाजसेवा के पुनीत कार्यो मे इसी प्रकार जुटे रहने हेतु इनके उज्ज्वल भविष्य की मगल कामनाएँ करता हूँ।

डॉ बुलाकीदास कल्ला, विधायक
अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश काग्रेस कमेटी

शुभाशंसा

मुझे अति आनन्द की अनुभूति हो रही है कि युवक एव गभीर हृदय आदरणीय श्री सुन्दरलालजी दुगड का अभिनन्दन ग्रन्थ प्रकाशित किया जा रहा है। राजस्थान मे बीकानेर के उपनगर देशनोक के वासी कोलकाता प्रवासी श्री दुगडजी कुछ ऐसी ही महत्वपूर्ण विशेषताएँ समेटे हुए हैं। जहाँ तक मैंने उनके जीवन को परखा, मुझे लगा उनकी सफलता का राज निरअहकारिता तथा श्रद्धाशीलता है। समता व विनम्रता ने उनके 'विलपावर' को निरन्तर वृद्धिगत किया है। उनकी मिलनसारिता एव उदारता सराहनीय है। उन्होंने जैन, अजैन आदि देश की अनेक सस्थाओ को उदारतापूर्वक जनसेवा कार्यो के विकास हेतु निरन्तर आर्थिक सहयोग दिया है।

उन्होंने अपने औद्योगिक क्षेत्र मे भी अच्छी सफलता प्राप्त की है जिसका मुख्य कारण श्रम, सम्पत्ति एव व्यवस्था का सतुलन सही रूप मे करना है। दुगडजी ने अनेक सस्थाओ मे विशेष शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। शिक्षा एव चिकित्सा के क्षेत्रो मे भी उनका आर्थिक सहयोग निरन्तर रहा है। मानसिक सतुलन मे उनकी मन स्थिति को निष्प्रकम्प रखा है। आने वाली पीढी श्री सुन्दरलालजी के धार्मिक जीवन से प्रेरणा लेकर तन, मन और धन से राष्ट्र और समाज हित के उपयोगी कार्य करती रहे, यही भावना है।

मै श्री दुगडजी के दीर्घायु की हृदय से कामना करता हूँ तथा उनकी उदारवृत्ति मे निरन्तर राष्ट्र हित के और ठोस कार्य होते रहे।

रतनलाल रामपुरिया
पूर्व अध्यक्ष, श्री जैन श्वेताम्बर तेरापथी महासभा, कोलकाता

श्री मदनजी दिलावर -समाज कल्याण मंत्री, राजस्थान सरकार के कलकत्ता आने पर स्वागत करते हुए श्री सत्यनारायण बजाज, भूतपूर्व विधायक, श्री जुगलकिशोर जैथलिया के साथ

श्री सुन्दरलाल दुगड़ को माल्यार्पण करते हुए श्री भँवरलाल बैद

भामाशाह पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री सत्यव्रत मुखर्जी M.I.C. भारतीय सरकार द्वारा

एक ओर जहाँ मानव मात्र मे करुणा का स्रोत सूख रहा है वही दानवीर श्री सुदरलालजी दुगड अपनी हृदय स्थली मे असीम करुणा का सागर लिये बिना किसी जाति भेद के अभावग्रस्त मानव की सेवा करने मे सदैव तत्पर रहते है। आज जहाँ दुनिया नाम, यश एव कीर्ति के पीछे अधी होकर भाग रही है वही एक हाथ से दान देकर दूसरे को खबर ही न हो इस उक्ति को चरितार्थ करते हुए श्री दुगडजी उदार चित्त से सेवा कार्यो मे निरतर जुडे हुए है।

कोई भी जरुरतमद व्यक्ति हो, सेवा कार्यो से जुडी किसी भी तरह की सेवास्थली हो, इस 'भामाशाह' की थैलियाँ सदैव खुली रहती हैं। इस व्यक्ति के बारे मे मुझे यह कहने मे तनिक भी अतिशयोक्ति नही लग रही है कि अपने युग के प्रख्यात दानवीर स्वर्गीय सेठ श्री सोहनलालजी दुगड के पश्चात् कलकत्ता के जैन समाज मे अगर कोई महादानवीर का नाम उभरा है तो वह नि सदेह रूप से 'श्री सुन्दरलाल दुगड' ही है।

सादा जीवन उच्च विचार के सिद्धात मे आस्था रखने वाले, पीडित मानव की अधेरी जिदगी मे प्रकाश की ज्योति प्रज्ज्वलित करने वाले श्री दुगड एक शिक्षक की भाँति अपने आचरण एव सौम्य व्यवहार से भावी पीढी को करुणा, सेवा, उदारता, मैत्री एव सर्वधर्म समभाव का पाठ पढा रहे है।

विराट व्यक्तित्व के धनी, मृदुभाषी, उदारमना, मिलनसार "यथा नाम तथा गुण" स्वभाव से, गुण से, सर्व दृष्टि से "सुन्दर", समाज की इस विलक्षण प्रतिभा को मेरा अतर्मन से बहुत बहुत अभिनदन।

फागमल अभानी, कोलकाता

कोलकाता वस्त्र व्यवसायी समिति द्वारा आयोजित समारोह में

राजस्थान परिषद द्वारा आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश श्री ए.के. माथुर के साथ

महामहिम राज्यपाल श्री बीरेन.जे. शाह सभा को सम्बोधित करते हुए।
समाज के विशिष्ट व्यक्तियों के साथ श्री दुगड़जी

शुभाशंसा

आदरणीय सुन्दरलालजी दुगड के बारे मे लिखना बहुत ही कठिन काम है क्योंकि श्री दुगड साहब के अन्दर अनेक गुण विद्यमान है। किस गुण के बारे मे लिखा जाए, यह विचारणीय प्रश्न है।

श्री दुगड साहब सहृदय, लम्बी सोच वाले उद्योगपति, दानवीर, भामाशाह, अच्छे गृहस्थ, जाबाज इसान है। जिस तरह खुले हाथो से आप अनेक सस्थाओ को प्रतिवर्ष दान देते है शायद भारतवर्ष मे इनके मुकाबले ऊगली पर गिन लो, इतने ही व्यक्ति होगे।

आप अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ बीकानेर के समता भवन निर्माण के अखिल भारतीय सयोजक है। आपके इस कार्यकाल मे देश मे अनेक जगहो पर आपके उदार सहयोग से समता भवन निर्माण ने गजब की गति प्राप्त की है तथा गाँव-गाँव मे समता भवनो का निर्माण चल रहा है। पहले मैंने दुगड साहब के बारे मे सुन रखा था तथा श्रमणोपासक से जानकारी मिलती थी।

आपके द्वारा नानेशनगर (दाता), नानेश ध्यान केन्द्र उदयपुर तथा अनेक शिक्षा सस्थाओ एव चिकित्सालयो मे उदार भाव से दान देने के बारे मे सुन रखा था।

आप जब नीमच पधारे प्रसग था श्री रामेश समता भवन के शिलान्यास समारोह का। आपसे प्रत्यक्ष मिलने का अवसर मिला तब पता चला कि आप तो सादा जीवन उच्च विचार वाले व्यक्तित्व के धनी है। आपकी सादगी एव सरलता देखकर लगता है कि ''लक्ष्मी अच्छे इन्सानो के यहाँ ही निवास करती है'', यह कहावत चरितार्थ होती है।

आपने श्री रामेश समता भवन हेतु पहले ५ लाख रुपये का मानस बना रखा है परन्तु रामेश समता भवन की निर्माण लागत १ करोड रुपये से ऊपर की देखकर आपने साधुमार्गी जैन सघ, नीमच के आग्रह पर यह राशि सहज भाव से ११ लाख रुपये कर दी।

ऐसे व्यक्तित्व के धनी को मै बार-बार साधुवाद ज्ञापित करता हूँ तथा भगवान से प्रार्थना करता हूँ कि आप सदा स्वस्थ रहें एव दीर्घायु हो एव इसी तरह से मानव सेवा करते रहे।

अशोक जैन (रगवाला)
नीमच

बहुआयामी, कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व का यह अभिनन्दन है। ''मानव की पूजा कौन करे, मानवता पूजी जाती है'', ''जैसा नाम वैसा काम''।

इस भौतिक जगत मे शिक्षा, सस्कार-सस्कृति जैसी स्थाई पूजी का अस्तित्व बनाये रखना है, शाति-सात्वना को जीवित रखना है तो दानवीरो, आध्यात्मिको, राष्ट्रभक्तो का सम्मान, अभिनन्दन होना ही श्रेयष्कर है। यह पुनीत कार्य सेवाभावी, दूरदृष्टा श्री सरदारमलजी काकरिया के सयोजकत्त्व मे पूर्ण हो रहा है, यह और भी गौरव की बात है।

''अभिनन्दन समारोह'' की सफलता के लिए अनेकानेक शुभकामनाएँ। यह अभिनन्दन समारोह सबके जीवन का मार्गदर्शक बने।

मनोहरलाल जैन
पूर्व अध्यक्ष-जिला पचायत, मन्दसौर (म प्र)

शुभाशंसा

इस ससार म अधिकाश लोग अपने सुख और स्वार्थ के लिए यह अनमोल मानव जीवन व्यर्थ गवा देते है। कतिपय लोग इस ससार मे ऐसे आते है जो अपना जीवन निस्वार्थ भाव से परोपकार मे लगाकर महान वन जाते है।

मनुष्य जन्म से महान् नहीं होता है। जो स्वार्थ से ऊपर उठकर परार्थ और परमार्थ के क्षेत्र मे अपन जीवन का उत्सर्ग करते हैं तथा अपनी कर्मजा-शक्ति को मानवोद्धार जैसे महत् कार्यो मे सतत नियोजित करते हुए इस पुनीत लक्ष्य की अभिसिद्धि मे अपने जीवन को आहूत कर दत है वे जन-जन के लिए वन्दनीय बन जाते है। ऐसे इन्सानियत के मसीहा, परानुकम्पी श्री सुन्दरलाल दुगड की मानवीय खशवू समाज और राष्ट्र के बीच सदैव सुवासित होती रहेगी।

रत्नगर्भा देशनोक की माटी मे महापुरुषो को पैदा करने की शोहरता प्राप्त है। ज्ञात इतिहास क पन्ना पर दृष्टिपात करते हैं तो अनेक महापुरुषो ने आध्यात्मिक, धार्मिक एव सामाजिक जीवन मे अद्वितीय कीर्तिमान स्थापित कर यहाँ की मरुधरा को तीर्थ-स्थल का रूप प्रदान किया है। वर्तमान मे आचार्य श्री रामेश ने अपने व्यक्तित्व और कर्तव्य से न सिर्फ स्वय को प्रतिष्ठित किया वरन उनके अवतरण से समग्र मानवता धन्य हुई है। अनेक सत-सतियो ने इस महान पावन धरा पर जन्म लेकर आध्यात्मिक जगत मे अलख जगाई है। धर्म सघ के दो प्रमुख पद श्रमणो मे आचार्य एव श्रावको में सघ अध्यक्ष, ये दोनो पदो का गौरव इस माटी पर जन्मे महापुरुषो को प्राप्त हुआ है।

इस अविछिन्न जैसी शृखला मे आदर योग्य एक नाम परोपकारी, गरीवो के मसीहा, उदात्त हृदय श्री सुन्दरलाल दुगड का है।

रण वाकुरे मारवाड की धरती पर जिनका जन्म हुआ, रेगिस्तानी रेतीले टीलो के बीच जिनका वचपन बीता, वही शिक्षा प्राप्त की। लघुवय मे कलकत्ता को अपनी कर्मभूमि स्वीकारते हुए कपडे का व्यवसाय प्रारम्भ किया तत्पश्चात् भवन निर्माण कार्य मे सलग्न हुए। भवन निर्माण कार्य की ऊँचाइयो को छूते हुए अन्य व्यवसायो से जुडे और ख्याति प्राप्त की। साहस और धैर्य के अधिष्ठान श्री दुगड ने अनेक आपदाओ, विपदाओ को पार करते हुए अपनी कार्यकुशलता एव दूरदर्शिता के साथ लक्ष्मी का सदुपयोग समाज सेवा मे करते हुए जो कीर्ति और यश अर्जित किया है, वह अक्षुण्ण है। सरलता जिनका गहना है, सहजता जिनकी पूजी है एव अपनापन का अकूत भडार जिसके मन मे समाहित है। यही कारण है कि आज वे समाज के अविस्मरणीय निधि हो गये है।

अपने सतत क्रियाशील जीवन म श्री दुगड ने अनेक सस्थाओ के अस्तित्व को सार्थक बनाया है एव अवलम्ब प्रदान किया है। आपकी नि स्वार्थ सेवा-भावना एव लक्ष्य पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता हम सभी के लिये एव विशेष रूप मे नयी पीढी के लिये अनुकरणीय है।

उदार एव उदात्त व्यक्तित्व के धनी माननीय दुगड सा वस्तुत कर्मवीर है। धार्मिक व बहुआयामी सेवा प्रकल्पो में अनुदान प्रदान कर उन्होने अनेक ऊँचाईयो को स्पर्श किया है।

ऐसे महान् परानुकम्पी श्री सुन्दरलाल दुगड सर्वदा सेवारत होकर समाज और राष्ट्र के उन्नयन मे अग्रणी बने रहे यह मगल कामना है। आपके दीर्घ जीवन की शुभाशसा के साथ –

इन्दरचन्द वैद

सम्पादक, समता सौरभ, सूरत

अहिंसा परिषद् द्वारा आयोजित समारोह में श्री दुगड़जी का अभिनंदन करते हुए श्री [illegible]

निर्मल जैन स्मृति पुस्तकालय

निर्मल जैन स्मृति पुस्तकालय में आयोजित समारोह में दुगड़जी श्री कांकरिया के साथ

ध्यान केन्द्र, उदयपुर में दुगड़जी का स्वागत

2005

श्री दुगड़जी का सांभर क्लब द्वारा अभिनंदन

श्री ज्ञानसिंह सोहनपाल एम.एल.ए के साथ खड़गपुर के कार्यक्रम में

नानेशनगर में दुगड़ विंग के निर्माण के लिए भूमि पूजन करते हुए

दुगड़जी के सम्मान में आयोजित सभा में

शुभाशंसा

श्री सुन्दरलालजी दुगड कुशल व्यवसायी एव धर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी होने के साथ-साथ सामाजिक, चिकित्सा एव शिक्षा सेवा एव जीवन के किसी भी मोड पर जहाँ पर कोई व्यक्ति असहाय लग रहा हो तो आप उसे सर्वतोभावेन बिना किसी प्रदर्शन, तन, मन व धन से सहयोग करने मे अग्रणी रहते है।

श्री दुगड श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ के समर्पित सदस्य/पदाधिकारी है, जिन्होने आचार्य श्री नानेश-रामेश के प्रति अपनी पूर्ण श्रद्धा, निष्ठा एव समर्पणा रखते हुए जैन समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक क्षेत्र मे तन, मन, धन से पूर्ण सहयोग प्रदान कर समाज के श्रावको के मन मस्तिष्क मे अपना अविस्मरणीय स्थान बनाया है।

हमारे कलकत्ता प्रवास पर आपने अपनी व्यस्ततम दिनचर्या से समय निकाल कर जो आथित्य सेवा का अनुपम कार्य किया, वह अविस्मरणीय है। आपकी सरलता, सहजता व सादगी सभी के लिए प्रेरणास्पद है। आप लक्ष्मीपुत्र है पर लक्ष्मी के दास नहीं, आप दीन-दुखियो व जरुरतमद व्यक्तियो एव विभिन्न परोपकारी सामाजिक सस्थाओ को मुक्तहस्त से दान देते हैं। आप मे सबसे बडा गुण है कि हर समाज मे आप मुक्त हाथ से दान देते हैं परन्तु आपमे कभी भी अभिमान देखने मे नहीं आया।

आप जैसे सरल, उदारमन, सहयोगी-दानवीर व्यक्तित्व के प्रति हम कृतज्ञ हैं। वीर प्रभु से यही प्रार्थना है कि आपकी धर्मभावना, सेवा भावनाओ मे अभिवृद्धि होती रहे। आपका जीवन एक कोहिनूर हीरे की तरह समाज, प्रदेश, देश एव विदेश मे प्रख्यात हो, आप पूर्ण स्वस्थ जीवन के साथ शतायु प्राप्त करे, इन्ही शुभ मगलमय भावनाओ के साथ-

राजमल चोरडिया, जयपुर

श्री सुन्दरलालजी दुगड एक कुशल व्यवसायी होने के साथ-साथ श्रद्धावान श्रावक भी हैं। आचार्य श्री नानेश व रामेश के प्रति पूर्ण समर्पित है। आप यथा नाम तथा गुण वाली कहावत को चरितार्थ करते है। आपके जीवन मे अहकार नाम मात्र का भी नही है।

आप सामाजिक-धार्मिक-शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र मे उदारमन से सहयोग करते हैं। आपकी भावना यही रहती है कि मै ज्यादा से ज्यादा सहयोग कर सकू। आपमे नाम मात्र का भी अभिमान नहीं है। आप मे करुणा दया की भावना कूट-कूट कर भरी है।

आपकी भावनानुसार दो बार विवाह के अवसर एव सघ की मीटिंग मे दो बार जाने का अवसर मिला। उस अवसर पर आपकी आत्मीयता मन को झकझोर गई। देशनोक मे हॉस्पीटल के शिलान्यास के अवसर पर भी जाने का अवसर मिला तव आपकी भावना देखने लायक थी।

आपके ऊपर लक्ष्मीजी की पूरी कृपा है। उसी अनुरूप आप जरुरतमदो को व सस्थाआ को दान देकर लक्ष्मी का सही उपयोग करके आत्मसतोष प्राप्त करते हैं। वीर प्रभु से यही प्रार्थना है कि आप शतायु होवे और ज्यादा से ज्यादा सघ व समाज की सेवा करते रहे।

चीडी चोच भर ले गई, नदी ना घटियो नीर।
दान दिये धन ना घटे, कह गये दास कवीरा।।

निर्मला चोरडिया, जयपुर
पूर्व अध्यक्ष, श्री अ भा सा जैन महिला समिति

मितभाषी, निरभिमानी, स्पष्टवक्ता, उदारमना श्री सुन्दरलाल दुगड किसी सम्प्रदाय या धर्म से बन्धे नहीं है। गत बीस वर्षो के सामाजिक जीवन मे मैंने उन्हे हर मच पर पाया है। जो भी उनसे एक बार मिलता है वह उन्हीं का बन जाता है। उनकी आत्मीयता उसे अपना बना लेती है। पूरे भारत के विभिन्न दानवीरों, उद्योगपतियो व सामाजिक कार्यकर्त्ताओ से सम्पर्क रहा है किन्तु श्री सुन्दरलाल दुगड की जोडी का दूसरा व्यक्ति देखने को नहीं मिला। ऐसे व्यक्ति का अभिनन्दन कर हम गौरवान्वित है। परमात्मा उन्हे शतायु करे और स्वस्थ रखे, यही शुभ कामना-

पदमचन्द नाहटा

इक्कीसवीं सदी के भारतव्यापी जैन महासघो की प्रधान शृखला मे सबके प्रिय सबके हितकारी, जिन शासन भक्त, जैन एव अजैन लोगो के सुख-दु ख मे सहभागी बनकर अपने अविकल सहयोग से अभावो एव सकटो से मुक्ति दिला स्नेह, प्रेम एव सौजन्य की अविरल धारा से अपनापन महसूस करने वाले श्री सुदरलालजी दुगड को भला कौन नही जानता ? बहुमुखी प्रतिभा के धनी एव बहुआयामी व्यक्तित्व से सम्पन्न श्री दुगड साहब का अन्त करण गगाजल सम पवित्र, पुष्प सम प्रफुल्लित एव चन्दन सम स्वय कष्ट सहन कर सौरभ समर्पण करने वाला है। आपके व्यक्तित्व मे सरलता, सौम्यता, विनम्रता, उदारता, वात्सल्यता, सवेदनशीलता, कर्मठता एव सहृदयता सदा दृष्टिगोचर होती है। समस्त बडो के प्रति आपका आदरभाव, सबके साथ सहज सम्मान, प्रेम के साथ मिलना-जुलना, सुरुचिमय धर्मनिष्ठता, दीन-दुखियो के प्रति आत्मीय भाव एव सामाजिक एव परोपकारी कार्यो मे पहल करने को तत्पर आपकी अनुकरणीय विशेषताएँ हैं।

आप समाज एव जैन धर्म की उत्तरोत्तर समृद्धि के लिए सर्वात्मना समर्पण से अपने को सहभागी बना समाज उन्नयन एव समाज विकास मे अभिवृद्धि कर रहे है। निष्काम सेवा-भावना एव बौद्धिक प्रतिभा के कारण आप अनेक सस्थाओ से किसी न किसी रूप से जुडकर रचनात्मक सहयोग प्रदान करने मे तत्पर बने हुए हैं। अनेक जैन एव जैनेत्तर कल्याणकारी सस्थाओ, शिक्षण सस्थाओ, स्वयसेवी सस्थाओ, ट्रस्टो इत्यादि को प्राण-पोषित कर शिक्षा, स्वास्थ्य एव जनहित के कार्यो मे अपनी उदात्त मनस्विता का परिचय देते हुए अविस्मरणीय योगदान कर रहे है। निर्धन, असहाय, जरुरतमद लोगो के प्रति आपके मन मे दया-भावना बडी प्रबलता लिए हुए है। आपके मन में सदैव इनके प्रति कुछ सहायता करते रहने की इच्छा रहती है और इस वर्ग को सहायता प्रदान कर समाज की स्थिति को सुदृढता प्रदान कर रहे है।

आप अपने पुरुषार्थ द्वारा उपार्जित लक्ष्मी का सदुपयोग विभिन्न धार्मिक एव सामाजिक कार्यो यथा शिक्षण सस्थानो, उपाश्रयों, विश्रान्तिगृहो, अस्पतालो एव विभन्न जनहितकारी अनुष्ठानो मे मुक्त हस्त से दान देकर जन-जन को लाभानवित कर रहे है। आप अपना प्रभूत धनदान करने के बावजूद अपने श्रीमुख से यह कहना कि-"देने वाला तो कोई और है जो दिन-रात देता है, मै तो मात्र उनके सेवक के रूप मे यत्किंचित ही दे पाता हूँ अत ये नयन ऊपर नही उठ पाते है"। इतने बडे दानशील व्यक्ति के लिए यह विनम्रता की पराकाष्ठा का परिचायक है।

ऋषभकुमार मुरडिया
कानोड (राज)

राजस्थानियों के अभिनंदन समारोह में मंचस्थ श्री दुगड़जी, श्रीमती मीना पुरोहित एवं श्री रामअवतार गुप्त, सम्पादक सन्मार्ग

श्री एस. एस. जैन सभा द्वारा आयोजित समारोह में श्री चंपालाल बच्छावत, श्री रतनचन्द नाहटा, श्री हरखचन्द कांकरिया, श्री सरदारमल कांकरिया एवं श्री सुरेन्द्रकुमार बोथिया के साथ

श्री सुरेशदादा जैन, एम.आइ.सी., महाराष्ट्र सरकार के साथ दीप प्रज्जवलित करते हुए श्री दुगड़जी एवं श्री कांकरियाजी

कोलकाता वस्त्र व्यवसायी समिति को होली-प्रीति सम्मेलन का दीप प्रज्वलित करते श्री सुन्दरलाल दुगड, श्री रामगोपाल चौधरी, अध्यक्ष

आगम अहिंसा समता शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित साहित्य विमोचन के अवसर पर श्री सुन्दरलालजी को सम्मान पत्र भेंट करते हुए श्री सरदारमल कांकरिया

श्री प्रह्लादराय अग्रवाल, रुपा एण्ड कं. द्वारा सम्मान प्राप्त करते हुए श्री बिशुद्धानंद सरस्वती हस्पताल में आयोजित समारोह में

शुभाशंसा

राजस्थान की पावन धरा, मरुधर प्रान्त मे देशनोक शहर के श्रेष्ठीवर्य श्री मोतीलालजी सा दुगड के सुपुत्र श्री सुन्दरलालजी सा दुगड ने अपनी दानवीरता से सम्पूर्ण भारत मे विशेष ख्याति प्राप्त की है। देशनोक मे करणी माता का मन्दिर है जो बहुत विख्यात है। सेठ श्री सुन्दरलालजी दुगड मूल निवासी तो देशनोक के है परन्तु वर्तमान मे व्यवसाय के निमित्त भारत के महानगर कोलकाता मे निवास कर रहे है।

आप सभी क्षेत्रो मे, सभी धार्मिक समाज सेवी प्रवृत्तियो मे मुक्तहस्त से दान देते है। आपकी दान की प्रवृत्ति इतनी व्यापक है कि प्रतिवर्ष हजारो व्यक्ति एव सस्थाएँ लाभान्वित होती हैं। मैंने जब कभी भी किसी भी सस्था या व्यक्ति के लिये सहयोग हेतु निवेदन किया, आपने पूर्ण उदारता पूर्वक दान दिया है। मै सोचता हूँ कि सम्भवत एक भी व्यक्ति या सस्था आज तक आपके द्वार से खाली नहीं लौटी होगी।

समता भवन एव धर्म स्थान के लिए आप प्रतिवर्ष लाखो रुपया दान देते है। इसी प्रकार जैन, अजैन सभी मन्दिरो के निर्माण मे, गोशालाओ के लिए, विद्यालय भवनो, अस्पतालो के लिए, छात्र-छात्राओ के शिक्षण हेतु, असहाय-निर्धन परिवारो के भरण-पोषण हेतु एव ऐसे अनेक सेवा कार्यो के लिए आप सदैव तन, मन, धन से तत्पर रहते है। नि सन्देह आपकी उदारता अत्यन्त प्रशसनीय है। श्री अ भा साधु जैन सघ अनेक प्रवृत्तियो का सचालन करती है। उनमे समता प्रचार सघ भी एक है, जो पूर्ण आध्यात्मिक प्रवृत्ति है। आपकी समता प्रचार सघ के प्रति अच्छी श्रद्धा है। गत तीन वर्षो से निरन्तर आप समता प्रचार सघ के सेवा प्रदान करने वाले स्वाध्यायियो के लिए पुरस्कार स्वरूप उपहार प्रदान कर रहे है। वर्ष २००४ मे फोल्डिग बैग (अटेचीनुमा), वर्ष २००५ मे 'जिण धम्मो' पुस्तक एव २००६ मे सुन्दर बैग प्रदान किये है। वर्ष २००६ मे लगभग ५०० स्वाध्यायियों को पुरस्कृत किया गया।

इस वर्ष ग्रीष्मावकाश मे छात्र-छात्राओ के सस्कार निर्माण एव ज्ञान चेतना के अनेक शिविरो का आयोजन किया गया था। सभी शिविरो मे शिविरार्थियो को आपकी ओर से सुन्दर, उपयोगी बेग वितरित किये गये।

दान की इतनी उदारता के उपरान्त भी मन मे इनके अह भाव नही है। आप सरलता एव निरभिमानता की साक्षात् मूर्ति है। दानवीरता के साथ-साथ आपकी सरलता, आत्मीयता, अहकारशून्यता देखकर मुझे 'नवाब रहीम' की याद आ जाती है। नवाब रहीम दान देते समय बहुत लघुता मे रमण करते थे, नेत्र नीचे करते हुए बहुत सरल भाव से दान देते थे। ऐसा देखकर उनके मित्र कवि गग से नहीं रहा गया, पूछ ही लिया –

सीखे कहा नवाब जु देनी ऐसी दैन ।
ज्यो-ज्यो कर ऊँचो चढे त्यो-त्यो नीचे नैन ।।

नवाब रहीम ने उत्तर दिया –

देनहार कोऊ ओर है, देता है दिन रैन,
मानव भ्रम मुझ पे करे याते नीचे नैन ।

धन्य है ऐसे दानवीर को। सेठ दुगड सा दीर्घायु हो, शतायु हो, स्वस्थ जीवन जीएँ एव अधिक से अधिक दान प्रदान करे, मै ऐसी शुभकामना करता हूँ।

सज्जनसिह मेहता 'साथी'
वडीसादडी (राज)

प्रवृति से उदार, विचारो से सौम्य, विरोधियो के साथ भी सहिष्णु, धर्मप्रिय व्यक्तित्व के धनी, यथा नाम तथा गुण के धारक श्रीमान् सुन्दरलालजी दुगड करुणा के सागर है। लगभग ३ दशक से भी ज्यादा आप कलकत्ता मे व्यवसाय मे व्यस्त रहकर भी आप धार्मिक, आध्यात्मिक, शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा का क्षेत्र हो, उसके उत्थान मे अपना योगदान करते आये हैं।

महानगर कोलकाता मे रहते हुए आपने राजनैतिक, व्यापारिक क्षेत्र मे अपनी नई पहचान बनाई है। इतना ही नही केन्द्रीय मत्रीमण्डल मे भी आपकी अच्छी पैठ है। दिल साफ और उदार होने के साथ ही आपका एक महत्वपूर्ण गुण है–मितभाषिता। आप अपने पुरुषार्थ से उपार्जित सम्पत्ति का उपयोग अपने उपभोग मे ही न कर जन कल्याणकारी कार्यों मे भी उदार दिल से करते हैं। आपने जैन-अजैन की भावना से ऊपर उठकर जन कल्याणकारी एव प्राणीमात्र के कल्याण के कार्यो में करोडो रुपये का दान कर एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। सरलता, सहजता, मिलनसारिता, विनम्रता एव उदारता से भरपूर व्यक्तित्व के आप धनी हैं। प्रदर्शन, आडम्बर से आप कोसो दूर है। आपका जीवन सादगी, सेवा तथा उदारता का ज्वलत आदर्श है। आपका व्यक्तित्व किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह एक जीता जागता प्रकाश स्तम्भ है।

पी बी एम अस्पताल से आप लगभग १५ सालो से जुडे हुए है। आपने अनेक जन हितार्थ कार्य इस अस्पताल मे करवाये हैं। कार्डियोलॉजी डिपार्टमेन्ट को सुचारु रूप से चलाने हेतु उसकी व्यवस्था मे योगदान देने हेतु उसे गोद ले रखा है।

आज तक लाखो रुपयो का दान इस कार्य हेतु दिया गया है। केथलेब मे आपका अत्यधिक सहयाग रहा है। अनेक जरुरतमद रोगियो को आपने सहयोग देकर मृत्यु के मुँह से उन्हे बाहर निकाला है। आज तक यह सेवा सुचारु रूप से चल रही है जिससे बीकानेर और राजस्थान ही नही अपितु हरियाणा, पजाब के लोग भी फायदा उठा रहे है।

धन्य है आप और आपका परिवार। भविष्य मे भी आपकी सेवाएँ हमे मिलती रहेगी इन्ही आशाओ के साथ हम हैं आपके शुभेच्छु।

डॉ विनोद बिहाणी
अधीक्षक, पी बी एम हॉस्पीटल, बीकानेर

श्री सुन्दरलाल दुगड बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी है और इनका अमूल्य व अतुल्य सहयोग समाज के प्रत्येक वर्ग को मिला है, जो कि प्रेरणादायक है। मै श्री दुगड के कार्यो के लिए कहना चाहूगा कि–

जननी थू दोय जणै, का दाता का शूर।
नीतर रहजै वाझडी, मत गवाजै नूर।।

उक्त दोहे को श्री सुन्दरलाल दुगड ने सत्य रूप में चरितार्थ किया है। त्यागी, मनस्वी व मरुधरा के भामाशाह का अभिनन्दन करना अपने आप मे गौरवमय क्षण होगा। पुरुषार्थ की इस कड़ी मे प्रकाशित अभिनन्दन ग्रथ के प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएँ व कोटि-कोटि अभिनन्दन।

देवीसिह भाटी
विधायक (कोलायत) एव पूर्व सिचाई मत्री, बीकानेर

राजस्थान ब्राह्मण संघ द्वारा आयोजित समारोह में

कानवन, जिला धार में समता भवन शिलान्यास

आ. श्री नानेश की दीक्षा स्थली पर समता युवा संघ एवं सर्वोदय विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ अपना जन्म दिवस मनाते हुए

श्री विशुद्धानंद सरस्वती हस्पताल में श्री दुगड़जी को सम्मानित करते हुए श्री पुखराज जैन

हॉस्पीटल कालोनी का शिलान्यास श्री दुगड़जी द्वारा, साथ में है श्री हमराबसिंह ओस्तवाल एवं श्रीचंदजी कृपलानी

श्री दुगड़जी का अभिनंदन उत्तर हावड़ा जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा द्वारा

जैन विद्या प्राकृत विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान माला में डॉ सागरमल जैन, श्रीमती मीना पुरोहित, श्री सरदारमल कांकरिया एवं श्री प्रकाश चिंडालिया के साथ

शुभाशंसा

सुप्रसिद्ध समाजसेवी, दानवीर, धर्मवीर, मरुभूमि के भामाशाह, उदार हृदय के बादशाह, यथा नाम तथा गुण के धनी, करुणा के सागर श्रीमान् सुन्दरलालजी दुगड देशनोक निवासी एक ऐसा नररत्न है जो मन, वचन, काया से भी सुन्दर ही नही अति सुन्दर है। लक्ष्मीपति हजारों नहीं लाखा मिलेगे, तिजोरियाँ जिनकी हमेशा भरी मिलेंगी मगर उन तिजोरियो को जरुरतमदो के लिए खोलना सुन्दरलालजी दुगड जैसा नररत्न कोई-कोई ही होता है।

आपके पिताश्री से मेरा आत्मीय सम्बन्ध था। देशनोक मे अनेको बार, अनेको कार्यो से उनके साथ आना-जाना लगा रहता था। आपकी माताश्री धर्मपरायण महिला थी, जिन्होने अपने मनुष्य जीवन को १९ दिन के सथारे के साथ सम्पन्न किया और इस भारत भूमि पर महावीर के शासन को चमकाया। इस दौरान आप कलकत्ता से देशनोक पधारे थे। मेरा आना-जाना बराबर रहता था। पूरे परिवार के साथ-साथ आप भी माताश्री की सेवा मे हर समय तत्पर रहते थे। उनके छोटे-छोटे काम मे भी हमेशा श्रवण कुमार की तरह लगे रहते थे।

देशनोक मे अत्यधिक रहने से व्यापार एव कामकाज मे विपरीत असर आना स्वाभाविक ही था। उन्होंने मुझसे कहा जब तक माताजी स्वस्थ न हों जाय या सथारा सम्पूर्ण न हो जाय मैं यहाँ से नहीं जाऊँगा। कलकत्ते मे भले ही कितना ही नुकसान हो जाय मै माताजी की सेवा छोडकर नहीं जाऊँगा।

धन्य है ऐसी माँ जिनकी कुक्षी से ऐसे नररत्न हुए जो आज पूरे देश मे कहीं न कही सेवा के कार्य से चौबीसो घटे जुडे मिलेगे। सैकडो सस्थाओ से जुडे रहना, हजारो जगह रुपयो का सदुपयोग करना चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या चिकित्सा का क्षेत्र, चाहे आध्यात्मिकता का क्षेत्र, जैन ही नही, अजैन सस्थाओ मे भी आपका हमेशा तन-मन-धन से सहयोग रहता है।

अनेक बार आपके साथ रहने का मौका मिला, अनेक बार आपसे निवेदन भी किया। आपने मेरे प्रस्ताव को हमेशा सराहा और हमेशा उदार भावो से उस कार्य को पूर्ण किया। चाहे अरिहत मार्गी जैन सघ का कार्य हो, चाहे साधुमार्गी जैन सघ का कार्य हो, यानी शिक्षा, चिकित्सा और आध्यात्मिक कार्यो मे आपने करोडो रुपयों का योगदान दिया है और दे रहे है। धन्य हैं आप, धन्य है आपका परिवार। कहा भी है "जननी जणे तो ऐसा जणे के दाता के शूर नहीं तो रहीजे वाझणी मत गमाइजे नूर" आज हमे आपकी माताजी, आपके पिताजी और आपके गाँव पर गर्व है। लिखने को तो बहुत-सी बाते है, सैकडो पेज भर जाएँगे। मुझे हमेशा कहते हैं सुखानीजी आर्थिक दृष्टि से कमजोर भाई-बहन, शिक्षा और चिकित्सा से वचित न रहे, इसका आप ध्यान रखे।

हमने अनेक भाई बहनो का इलाज कराकर उन्हे स्वस्थ कराकर उन्हे अपने यथा स्थान भेजा। इलाज का सारा खर्चा श्री सुन्दरलालजी दुगड की तरफ से मिला करता था। हमलोग सुगनीदेवी जैसराज वैद हॉस्पीटल को देखते है, उसमे भी मुझे कई बार कहा कि मेरे लायक कार्य हो तो बताये, जब भी आपका फोन आता है, हमेशा यही कहते हैं कामकाज बताओ।

खुशी की बात यह है कि जब भी कहा, जब भी बताया, बोले--ठीक है जर्मनी से मशीने मगवानी थी, आई आर सी लेजर किरणो से इलाज करने हेतु, खून की जाँच हेतु सेमीऑटो इन्हेलाइजर की बात की बोले, तुरत मगवाओ, ड्राफ्ट भेज रहा हूँ।

ऐसी उदारता आपके सुपुत्र विनोद बाबू भी रखते है। आखिर सस्कार जो आपके है। हम कभी-कभी सकोच कर लते है लेकिन आप हमारा सकोच तुरत तोड देते है, कहते हैं कि मेरे लायक और सेवा मुझे बताओ। धन्य है आप और आपकी लायकी-- शब्दो मे नम्रता, बोली मे मिठास, मान-सम्मान के साथ आप हमेशा औरो से बात करते है। आप युग-युग जीओ और माता-पिता, जाति गोत्र, गाँव और गुरु का नाम रोशन करो और ज्यादा सेवा करो। आप द्वारा आई आर सी मशीन द्वारा केम्प लगाकर सैकडो मरीजो को राहत दिलाई है।

इन्हीं शुभकामनाओ के साथ-

जयचन्दलाल सुखाणी

उपाध्यक्ष, सुगनीदेवी जैसराज वैद अस्पताल एव रिसर्च सेन्टर, बीकानेर

शुभाशंसा

विरले व्यक्तित्त्व ऐसे होते हैं जिनके ससर्ग के क्षण जीवन को आल्हादित करते है। जिनके साथ गुजारा गया समय कुछ करने व कुछ उनसे करवाने की प्रेरणा देता है जिनकी सहजता, सरलता, मृदुता व निस्पृह जीवन जीने की प्रेरणा देता है। असहाय, जरुरतमद लोगो के सहारे व समाज विकास के प्रतीक व्यक्तित्त्व का नाम है श्री सुदरलालजी दुगड।

लंबे अरसे स उनके साथ सघ प्रवासो, बैठको व अधिवेशनों मे सान्निध्य पाने का अवसर मिलता रहा है। गुरुचरणो मे आध्यात्मिक आल्हाद के भावो के साथ भामाशाह जैसे दानवीरो की स्मृति, स्मृति पटल पर आपके सपर्क मे होती रही है।

विशष प्रसग रहा भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम राजनादगाव का लोकार्पण समारोह। समारोह के अध्यक्ष की आसदी को सुशोभित कर आपने लोकार्पण समारोह को अद्वितीय बना दिया। २९ जून २००५ को आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमत्री डॉ रमन सिह थे। जबकि लोकनिर्माण मत्री श्री राजेश मुणत, उच्चशिक्षा मत्री श्री अजय चद्राकर, महिला व बालविकास मत्री सुश्री लता उसेंडी व श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ बीकानेर के तत्कालीन अध्यक्ष श्री उमरावसिहजी ओस्तवाल की विशेष उपस्थिति म छत्तीसगढ, महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश मे नये अदाज व भरपूर सुविधाओ से सुसज्जित भगवान महावीर समता वृद्धाश्रम का लोकार्पण जहाँ सेवा की मिसाल बन गया, वहीं श्री दुगडजी द्वारा ५ लाख रुपये का स्तुत्य दान समता मच राजनादगाव के पृष्ठो को स्वर्णांकित कर गया। इस समारोह मे श्री देव आनद जैन शिक्षण सघ के बच्चो द्वारा अहिंसा व जीवदया पर आधारित नृत्य नाटिका ने आपको अभिभूत किया तथा आपने सस्कार युक्त शिक्षा के उन्नयन हेतु १ लाख रुपये सघ को प्रदान किया।

दूसरा विशेष प्रसग रहा कि श्री अ भा साधुमार्गी जैन सघ के इदौर अधिवेशन का। अधिवेशन समारोह मे आपने सभा मे जिस दृढता से अपनी कमजोरी का उल्लेख किया और अपनी कमजोरी पर खेद व्यक्त करते हुए इसे दूर करने की दिशा मे प्रयासरत रहने की बात कही और साथ मे कहा कि यह सघ मेरा प्राण है, दायित्व ग्रहण करू या नही इसकी सेवा मे सदैव तत्पर रहूँगा। आपकी इस अभिव्यक्ति ने समारोह मे उपस्थित सभी श्रोताओ को आपका बना दिया।

जिस व्यक्तित्व की जन्मभूमि व प्रारभिक शिक्षा का स्थान अपने आराध्य देव गुरुदेव के साथ ही अथवा एक हो वह व्यक्ति स्वय ही धन्य हो जाता है। देशनोक की पावन माटी जिसने परमागम रहस्य ज्ञाता, तपोपूत, कठोर साधक, नानेश पट्टधर आचार्य श्री रामेश को दिया उसी ने भामाशाह, सहज सरल व्यक्तित्व की प्रतिमूर्ति श्री सुदरलाल दुगड को दिया, वह माटी धन्य हुई।

पुरानी स्मृतियो के पटल पर आपश्री के पिता मोतीलालजी दुगड से मेरा निकटता का परिचय था। उनका आशीर्वाद पाने का मुझे भी सौभाग्य मिला। वीर प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि आपका सान्निध्य हमे लबे समय तक मिलता रहे व आपके सान्निध्य व सहयोग से हम भी कुछ कर गुजरने मे कामयाब हो। सघ नायक, शासनेश हम सबकी आस्था के केन्द्र, हुक्मसघ के नवम नक्षत्र, नानेश पट्टधर आचार्य श्री रामेश की सद्शिक्षाएँ व उनका आशीष हमारे सबके जीवन को मगलपथ का राही बनाये, यही मगल कामना है।

गौतम पारख

राजनादगाव (छ ग)

श्री गणेश जैन छात्रावास ... श्री दुगडजी को सम्मानित करते हुए पदाधिकारी

नानेश रामेश व्यसन मुक्ति केन्द्र का उद्घाटन करते हुए

श्री कन्हैयालालजी सेठिया के सम्मान के अवसर पर

समता भवन द्वारा आयोजित समारोह में मंचस्थ दुगडजी

आगम अहिंसा प्राकृत संस्थान उदयपुर में दुगड़जी का अभिनंदन करते वरिष्ठ पदाधिकारी

आपको एवार्ड देते हुए भू. लो॰ स॰ स्पीकर खीजरु, प्रशस्ति पत्र देते हुए महा॰ वि॰ अध्यक्ष श्री मधुकर राव चौधरी, कर्नाटक के उ॰ मंत्री श्री नजीर अहमद, श्री कुलबीर सिंह

श्री सुदरलालजी दुगड का व्यक्तित्व एव कृतित्व सरलता, सहजता, विनम्रता, त्याग एव सेवा भावनाओं से ओत-प्रोत है। आप जैसे धर्मनिष्ठ एव भामाशाह दानवीर शासन एव सघ सेवा के लिए तन-मन-धन से समर्पित ऐसे आदर्श श्रावक रत्न का सम्मान एव अभिनन्दन निश्चय ही होना चाहिए जिससे बहुत से लोगो को प्रेरणा मिलती है। श्रीमान् दुगड साहव समस्त जैन समाज के लिए महान प्रकाश स्तभ है। आप हमेशा समाज को नई चेतना, नई दिशा देने के लिए तत्पर रहते है तथा समाज के प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। आप अपने जीवनकाल में अनेक सामाजिक सस्थाओ और शिक्षा सस्थान में अपना पूरा सहयोग प्रदान करते हुए आ रहे है। निर्धन व्यक्तियो, धार्मिक कार्यो, रोगियो तथा विद्यार्थियों के लिए हमेशा पूर्ण सहयोग प्रदान करते हैं। वास्तव मे यह आपकी निस्वार्थ रूप से की जाने वाली समाज सेवा एव सामाजिक क्षेत्रो मे दिए गए उल्लेखनीय अतुल अर्थ योगदान का ही प्रतिफल है कि आप दानवीर एव भामाशाह आदि पदों से अलकृत किए गए हैं।

श्री सुदरलालजी दुगड जैन समाज के एक ऐसे विरले एव वरिष्ठ सुश्रावक हैं जिनकी दृढ श्रद्धा, निष्ठा, धार्मिकता और दानशीलता सभी के लिए प्रेरणादायी है। आपश्री ने त्याग, सेवा, उदारता और दानवीरता की जो मिसाल कायम की है वह समाज के लिए अनुकरणीय है। आपके सहयोग से भारत मे कई सस्थाएँ पोषित और पल्लवित हो रही हैं। उदार हृदय से दान देना आपकी सहज प्रकृति है। घर आए कोई भी व्यक्ति आपके यहाँ से खाली हाथ नहीं लौटता है।

अत मे मै आपके यशस्वी एव दीर्घ जीवन की मगल कामना करता हूँ।

पारसमल साखला

वरिष्ठ स्वाध्यायी, समता प्रचार सघ एव

पूर्व मत्री, साधुमार्गी जैन श्री सघ, नीमच (म प्र)

माँ करणी की भूमि देशनोक मे जन्म लेने वाले श्री सुन्दलालजी दुगड को इस शताब्दी के जैन समाज के अग्रणी, दानवीर, धर्म प्रेमी, समतामय, देदीप्यमान सितारे कहूँ तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आपको बचपन से ही आचार्य नानेश से धर्म के सस्कार मिले जिनको उन्होंने जीवन मे प्रतिसात किया। आप मानव मात्र की सेवा मे अग्रणी रहते है। साधुमार्गी सघ ही नहीं सम्पूर्ण जैन समाज की सेवा या सहयोग का मौका आप कभी नहीं चुकते। आप तो मानव मात्र की सेवा करते रहे है, कर रहे है और आगे भी करेगे। आपने सैकडो सस्थाओ को मुक्त हाथो से सहयोग दिया है। इनके यहाँ से कोई व्यक्ति खाली नहीं लौटता। आपने अनेक समता भवन, स्थानक भवन, धर्मशाला, स्कूल, हॉस्पीटल, कॉलेज आदि मे दिल से सहयोग दिया है। आचार्य नानेश ध्यान केन्द्र उदयपुर, जैन हॉस्पीटल हावडा वनाने मे आपका वहुत वडा सहयोग रहा है। आप कभी नाम के पीछे नहीं भागे। जैन समाज के लिए गर्व की वात है कि आपकी धर्मपत्नी, पुत्र, पुत्री व दामाद शुभ कार्यो मे कधे से कधा मिलाकर सहयोग कर रहे है। आप नवगठित जैन समाज की अग्रणी सस्था जीतो (JITO) के भी फाउन्डर चीफ पेट्रोन मेम्वर है। आपकी उम्र सौ वर्षो की हो, ऐसी मेरी कामना है।

सुरेन्द्र दस्सानी

अध्यक्ष, श्री साधुमार्गी जैन सघ मुवई

कुछ व्यक्ति स्वनामधन्य होते हैं। यथा नाम तथा काम। श्री सुन्दरलालजी दुगड यथार्थ मे ऐसे ही व्यक्तित्व के पर्याय हैं। उनके व्यक्तित्व पर दृष्टिपात करता हूँ तो देखता हूँ–

सुन्दर नाम, सुन्दर काम,
नाम सग 'लाल', हृदय विशाल,
अल्पभाषी पर मिष्टभाषी,
सादा लिबास, 'मानव सेवा देवी' का परम दास,
कर्म से उद्यमी पर, उच्च विचारो का धनी,
स्मित मुख मुद्रा, विनम्र भाव सदा,
बेजोड मिलनसारिता, सजोए उदारता की सरिता,
सतत मौन सेवा, नही चाह मिले मेवा,
न नाम की भूख, न पद पिपासा,
न माल्यार्पण की चाह, न मच अभिलाषा,
पर पीर से दु खी, कर सहयोग सुखी ।

न जाने ऐसे कितने ही गुण-अलकार उनके आदर्श व्यक्तित्व के साथ जोडे जा सकते है। लगता है सुन्दरलालजी ने एकदम आत्मसात कर लिया है कि जब–

'पानी बाढे नाव मे, घर मे बाढे दाम,
दोनों हाथो उलीचिये, यही सयानो काम ।'

दखते हैं उनमे महात्मा गाँधी के ट्रस्टीशीप सिद्धान्त का अनुसरण करने वाला मानस। पूज्य गुरुदव तुलसी के शब्दो मे 'जीवन उसी का धन्य है जो अगरबत्ती जैसे महकता है और मामवत्ती जैसे प्रकाश विखेरता है।' श्री सुन्दरलालजी दुगड का जीवन हूबहू ऐसा ही है।

जहाँ आज के उपभोक्तावाद और भौतिकवाद की चकाचौध एव दिन-रात दौडती दुनिया मे लोगो के पास जिन्दगी के लिए भी वक्त नही, गैरो की क्या बात कहे, अपने लिए भी वक्त नहीं, वहाँ दूसरो के दु ख-दर्द को सुनने का ही नहीं, उनके दु ख-दर्द मे शरीक होने का पूरा समय निकालने वाले सुन्दरलालजी का यथोचित सम्मान एव अभिनदन आज के युग मे अति उपयुक्त है क्योंकि इन तमाम होते जीवन के लम्हो को उनकी तरह जो सार्थक कर लेता है, वह शख्स इतिहास की धरोहर बन जाता है, अनुकरणीय-अनुमोदनीय एव अविस्मरणीय गौरवगाथा का प्रणेता बन जाता है, सामाजिकता की दरो-दिवार पर अपना अमिट निशान बना लेता है।

मै श्री सुन्दरलालजी दुगड के निरामय दीर्घायु एव मगलमय भावी जीवन की कामना करता हुआ इश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि उनका यह 'सादा जीवन उच्च विचार एव सेवा भाव' वर्धमान होता रहे।

अन्त मे श्री सुन्दरलालजी के बारे मे उस चारण के शब्दो मे ही कहना चाहूँगा जिससे महाराणा प्रताप के लिए कुछ ऐसा ही कहा था–

जननी जणे तो ऐडा जण, के दाता के सूर ।
नही तो रही जे वाझडी मति गमाईजे नूर ।।

बनेचन्द मालू
कोलकाता

प.बं. क्षत्रीय समाज द्वारा आयोजित सभा में दुगडजी कांकरियाजी के साथ

श्री गणेश जैन छात्रावास में श्री सुन्दरलालजी के अर्थ सहयोग से निर्मित ... सामाजिक हॉल के उद्घाटन के अवसर पर मंचासीन अतिथिगण

दांता में श्रीमती सूरजीदेवी दुगड़ व्यसन मुक्ति भवन के उद्घाटन के अवसर पर अतिथियों के साथ

कलकत्ता पंजाब बिरादरी के दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में, साथ में श्री सुभाष चक्रवर्ती

गणेश जैन छात्रावास द्वारा आयोजित समारोह में

समता भवन खिरकिया शिलान्यास समारोह के अवसर पर संबोधन

कृष्णगोपाल सिन्हा के पुत्र को पटना में आशीर्वाद देते हुए श्री आनन्दमोहन सिंह (एम.पी.), अखलाक अहमद (एम.एल.ए) के साथ

शुभाशंसा

सुन्दरलालजी दुगड एक साधारण व्यक्ति नही बल्कि एक विशाल सामाजिक सस्था है, ऐसा कहूँ तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

प्राणीमात्र की रक्षा, शिक्षा का प्रसार, जिनवाणी व जैन धर्म के प्रचार के लिए आपने उदार हृदय से दान देकर पूरे भारत मे एक मिशाल कायम की है। उसी के साथ-साथ आपने अपनी सरलता का परिचय भी दिया है।

आपकी मृदुभाषिता, सरलता व विनम्रता से सम्पर्क में आने वाला हर व्यक्ति प्रभावित हुए बिना नही रह सकता।

जिनशासन व अ भा साधुमार्गी जैन सघ व विशेषकर आचार्य श्री नानालालजी म सा व वर्तमान आचार्य श्री रामलालजी म सा के प्रति आपकी प्रगाढ श्रद्धा है। सघ की हर गतिविधि मे आपने दिल खोल कर सहयोग दिया है तथा समता भवन निर्माण मे अग्रणी बन कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वास्तव मे दानवीर हो तो आप जैसा।

आप व आपका परिवार खूब फले फूले, आप शतायु हो तथा प्राणीमात्र व जिनशासन की इसी प्रकार सेवा करके पुण्यार्जन करते रहे, इन्ही शुभकामनाओ व मगल भावनाओ के साथ–

सायरचन्द छल्लाणी
गुडगाँव, हरियाणा

श्री सुन्दरलालजी दुगड का जीवन सरलता, सादगी, सतोष, करुणा, कोमलता, सहजता से परिपूर्ण है। ससार सागर से तिरने वाले प्राणी की गुणवत्ता, योग्यता आपमे झलकती है। जैन दर्शन के मूल सिद्धात 'अपरिग्रह' आपके जीवन मे परिलक्षित हैं। पुण्ययायी से प्राप्त अकूट धन सपदा होते हुए भी आप सम्मान, सत्कार मे भी सहज निर्लेप रहते है, उस पर आसक्ति कही से नहीं झलकती है।

आपके जीवन मे देव, गुरु, धर्म के प्रति अगाध स्नेह रहा है। आपका परमागम रहस्यज्ञाता आचार्य प्रवरजी म सा के प्रति समर्पण, भक्ति, सेवा भावना अनेको युवाओ के लिए आदर्श है। जिन शासन की प्रभावना के लिए आपने तन-मन-धन से अपार सेवा की है तथा कर रहे है।

जैन समाज की अनेको सस्थाओ से जुडकर उनको आगे वढाया एव उनको लक्ष्य तक पहुँचाया है। अनेक धार्मिक भवनो, गौशालाओ, अस्पतालो, शिक्षण सस्थाओ मे आपका सहयोग नीव के पत्थर साबित हुए है। धार्मिक शिविरो एव अनुष्ठानो मे आपके सहयोग ने अनेक आत्माओ मे सुसस्कार जागृत किये है।

समाज के हर वर्ग से आपका मुखर सपर्क रहा है। श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन समता युवा सघ का प्रधान कार्यालय आपके सहयोग एव आशीर्वाद से निर्मित एव सुचारु रूप से कार्यरत है। आपके प्रेम स्नेह से सस्था का हर सदस्य अपना मनोवल वढाता है। समता युवा सघ आपके दीर्घ आयुष्य, उज्ज्वल भविष्य, स्वस्थ जीवन की कामना करता है।

सजय वैद
राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री अ भा मा जैन समता युवा सघ, रतलाम

शुभाशंसा

जीवन की इस यात्रा मे अनेक व्यक्तित्वो का सान्निध्य सत्कार व स्नेह पाया। एक ओर जहाँ समता दर्शन प्रणेता आचार्य श्री नानेश की आध्यात्मिक स्नेहिल प्यार भरी शिक्षाये, वर्तमान आचार्य श्री रामेश की साधना, सयम, उपासनाविशुद्धि की दिशाओ ने जीवन को धन्य वनाया। वहीं दूसरी ओर श्रावक सघ के अनेक रत्नो, दिग्गजो ने मेरे मानस को स्नेह, आशीष एव प्रेरणा से सींचकर मेरा मनोवल बढाया। अनेकानेक महानुभावो की ऊर्जा ने मेरे जीवन को प्रशस्त वनाया जिससे मेरी अलग पहचान बन सकी। उन्ही महानुभावो मे एक सुदर नाम है सुदरलालजी दुगड, कोलकाता।

सहजता व सरलता की प्रतिमूर्ति, सामान्यजनो की आशाओ के प्रतिबिब श्री दुगडजी के साथ भारत के अनक स्थानो पर धार्मिक कार्यक्रमो, सामाजिक प्रवासो और सेवा कार्यो मे जाने का सौभाग्य मिला। अनेक समता-भवनो, धर्मस्थानको, शिक्षण सस्थाओ, चिकित्सा प्रकल्पो, सेवाभावी सस्थाओ और साधुमार्गी सघ से जुडी विभिन्न प्रवृत्तियो के उन्नयन व नव निर्माण म आपकी सहभागिता सघ-समाज के स्वर्णिम पृष्ठो मे लिखी जायेगी। जरुरतमद छात्र छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु सहयोग देकर आपने स्वधर्मी वात्सल्य की मिसाल पेश की।

मैने जव भी, जहाँ भी आपश्री से पधारने का अनुरोध किया आपने एक बार मे ही हाँ कर दी। साथ ही किसी भी धार्मिक अनुष्ठान या सामाजिक कार्यो मे अथवा परमार्थ के कार्यो और परमार्थी सस्थाओ को सौजन्य-सहयोग हेतु उनकी बिना अनुमति के मैने घोषणा कर दी तो उन्होंने तत्काल उदारतापूर्वक उसे पूरा भी किया, यह मेरे लिए प्रमोद व सौभाग्य का विषय है, कितनी सहजता व अपनापन "महेश वावू! आप तो आदेश किया करो।" यह वाक्य जव कर्णगोचर होता तो मुझे ऐसा लगता मानो मेरा उनका कोई पूर्व जन्म का नाता है। अर्थ के सदुपयोग के लिए ऐसा लगाव, ऐसा समर्पण अन्यत्र दुर्लभ ही है।

गत वर्ष से पूरे देश मे जहाँ भी धार्मिक शिविर लगा वहाँ आपकी तरफ से प्रत्येक शिविरार्थी का प्रोत्साहित करते हुए प्राइज बाँटे गये। आपकी इस सौजन्यवृत्ति ने नई मिसाल कायम की और शिविरो को नई गति प्रदान की। यह सेवा-सत्कार सभी के लिए प्रेरणास्पद है। इसी तारतम्य मे स्वाध्यायियो के प्रशिक्षण से लेकर उन्हे प्रोत्साहित करने मे आपकी अहम् भूमिका रही। अनेक भवनो व सस्थाओ की नीव से लेकर कलश तक आपका सहयोग चिरस्मरणीय रहा है। ऐसे दानवीर भामाशाह को पाकर मै ही नही पूरा सघ, समाज गौरवान्वित हुआ है।

आपकी श्रद्धा निष्ठा वेजोड है। वीर प्रभु से प्रार्थना करता हूँ कि हम जैसे कार्यकर्त्ताओ के सिर पर आपकी छत्र-छाया बनी रहे। हम अपने लक्ष्य को निस्पृह भाव से आध्यात्मिक जागरण व मानव सेवा के पथ पर पूरा करने मे सदैव कटिवद्ध रहे।

"कुछ लोग ऐसे होते है जो सुख मे फूल जाया करते है
कुछ लोग ऐसे होते है जो दु ख मे घवडा जाया करते है
लेकिन कुछ ऐसे होते है जो सुख-दुख की परवाह किये विना
बस अच्छे कामो मे अपना जीवन विताया करते है।"

सुदीर्घ जीवन की मगल कामना के साथ-

महेश नाहटा, नगरी
(छत्तीसगढ)

कवि का सम्मान करते हुए, मंचस्थ हैं आचार्य लोढ़ाजी

कर्मयोगी के इस रूप के श्री सुन्दरलाल दुगड मे जो दर्शन होते है उसके प्रमाण वे सस्थान है जो शिक्षा-सेवा-साधना के विविध आयामो से सवधित है अथवा धर्म, देशना और प्रशिक्षण जैसी गतिविधियो से जुडे हुए है। निशक्तजनो, दरिद्रजनो, अभावग्रस्त लोगो तथा लाचार और रुग्ण लोगो की विविध रूपो मे निस्पृह भाव से सेवा करना, प्रमाद से मुक्त रहकर सेवा करना, प्रचार-प्रसार या मान-सम्मान की कामना से रहित होकर सेवा करना, मनुष्य का कर्त्तव्य है–धर्म है। जो ऐसा धर्म करते हैं उनके लिये धार्मिक क्रियाओ और आचारो की अलग से पालन की आवश्यकता नही रहती क्योंकि धर्म आचार मे समाया होता है, व्यवहार मे प्रकट होता है और चित्तवृत्ति से उत्पन्न होता है – शेष तो धर्म का पाखण्ड होता है। श्री सुन्दरलाल दुगड की चित्तवृत्ति मे समाया यह धर्म गुरु-सेवा, सघ-सेवा, स्वधर्मी सेवा, धर्म स्थापना और धर्म उन्नयन जैसे कार्यो मे प्रकट होते देखा जा सकता है। मै समझ नही पा रहा हूँ कि धर्म के इस प्रकार कर्म मे रूपान्तरण के कितने और कितनी प्रकार के उदाहरण प्रस्तुत करूँ। स्मृति मे ऐसी घटनाएँ भी कौध रही है जो मानवमात्र के प्रति प्रेम के उन रूपो का दिग्दर्शन कराती हैं जो कोई महामानव ही अपने आचरण द्वारा प्रकट कर सकता है।

श्री दुगड महामानव हैं, यह मैं नही कहूँगा–यह कहना उन्हे अपने आपसे और अपनो से दूर कर देना होगा क्योंकि महामानव सामान्य मानवो की पकड की परिधि से वाहर होते है और इस कारण कई वार उनके लिये प्रेरणास्रोत नही वन पाते। परन्तु श्री दुगड मानवो मे महान् होते हुए भी सवके सबधो की परिधि का अतिक्रमण नही करते। सबके बीच, सबके जैसे बनकर रहते हुए भी अपनी उपस्थिति ऐसी रखते हैं जैसी गुथे हुए हार की मध्यमणि की होती है जो अपनी आभा से गुँथे हुए मोतियो की छवि को द्विगुणित कर देती है। ऐसा व्यक्तित्व किसी विरल मनुष्य का ही होता है और श्री सुन्दरलाल ऐसी विरलता से सम्पन्न है, उसकी रक्षा हेतु सजग हैं, उसमे सक्षम और सफल भी है। यह विरलता उनके व्यक्तित्व की पहिचान करा देती है।

तुलसी ने 'रामचरित मानस' मे लिखा है–

कीरति, भणिति, भूति भल सोई ।
सुरसरि सम सब कह हित होई ।।

श्री दुगड मे इस 'भलता' का सफल सयोग है। उनकी कीर्ति, उनकी यशगाथा और उनकी सम्पदा, सभी का इस रूप मे हित करने वाली है कि वे उन्हे सेवा के मार्ग का अनुसरण करने और लोक-हितकारी कार्य करने की सतत प्रेरणा देती है। मै उन कार्यो अथवा उन गतिविधियो के उदाहरण देना अपेक्षित नहीं समझता जो उनकी प्रेरणा, उनके मार्गदर्शन और उनके व्यक्तित्व के प्रभाव स्वरूप फलदायक बन कर समाज के हित का कारण बनी है।

श्री दुगड़जी द्वारा निर्मित लछबाड़ में आत्मवल्लभ चिकित्सालय के OPD का उद्घाटन करते हुए

आचार्य नानेश सेवा संस्थान आदरणीय दुगड़जी के अर्थ सहयोग से स्थापित

बोधना होम में कुसुमदेवी दुगड़ ब्लॉक का निर्माण सुन्दरलालजी की अनुपम कृति

श्री दुगड़जी द्वारा निर्मित रूपरेखा हॉल कालोड़ का उद्घाटन

श्री सुन्दरलालजी दुगड़ द्वारा निर्मित आचार्य श्री नानेश प्राथमिक विद्यालय, दांता

कुसुमदेवी दुगड़ OPD हॉल

कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी समिति का गंगासागर धर्मशाला का उद्‌घाटन

धर्म का आचरित रूप किसी के कार्यों मे प्रकट हो और वह उनसे दूर ऐसे खडा रहे जैसे कोई इन्द्रजालिक इन्द्रजाल के करतब दिखाता, निर्लिप्त बना खडा रहता है, यह बडी बात है। मै जितनी बार भी श्री दुगड से मिला उनकी इस इन्द्रजालिक छवि ने मुझे अभिभूत ही किया।

श्री सुन्दरलाल व्यवसायी है – मनुष्य को अस्तित्व-रक्षा के लिए कुछ करना तो पडता ही है, पर व्यवसाय साधु-वृत्ति से किया जाय, यह कठिन होता है। आज जब यह व्यवसाय नीति बन गई है कि व्यवसाय मे सब जायज है, व्यवसाय पर धर्म के मूल्य लागू नही होते, जब लाभ कमाना ही उद्देश्य होता है, तब कृत्य-अकृत्य की विवेचना कौन करेगा ? पर यही तो सच्चे व्यवसायी की पहिचान होती है। घर भर लेने का काम तो कोई भी व्यवसायी कर लेता है, व्यवसाय इसीलिये किये जाते है, व्यवसायी घर भरते भी है, देश मे इसीलिये करोडपतियो की गणना गणनीय नही रही है, पर ऐसे भी व्यवसायी होते है जो अपनी सम्पन्नता को बाँटते है, जो धन के 'ट्रस्टी' बनते है और 'ट्रस्ट' (विश्वास) की रक्षा करते हुए उसका सचालन करते है। श्री सुन्दरलाल दुगड ऐसे ही ट्रस्टी है और उनकी ट्रस्टो से कितने लोग और सस्थान लाभान्वित हो रहे हैं, कह पाना सभव नही है क्योंकि दान तो बोया गया दाना होता है कई गुना होकर अपना प्रभाव दिखाता है।

सुजन, आत्मप्रेरित व्यवसायी, धर्मनिष्ठ श्रावक तथा कोमल हदय सामाजिक के रूप मे श्री सुन्दरलाल की अपनी सुन्दर छवि है। ऐसी छवि वाले जितने लोग विषैली अर्थनीति और अर्थोपार्जन के हीन साधनो को त्यागे हुए इस मृत्युलोक को अपनी प्रखर चारित्रिक ऊर्जा से ऊर्जावान बनाए हुए हैं, उनमे निश्चय ही श्री सुन्दरलाल दुगड का अपना विशिष्ट स्थान है। सौभाग्य से ही ऐसे नरश्रेष्ठो से परिचय होता है जो हदय तक अपनी आत्मीयता की छाप उतार देते है। ऐसे पुरुष निश्चय ही स्पर्शमणि होते है, प्रज्ज्वलित दीप होते है, पुण्य की सुवास होते हैं और शीतल चन्द्र कौमुदी होते है। अपनी चुम्बकीय शक्ति से अपने प्रभाव क्षेत्र को आकर्षित करने की वे क्षमता रखते है। ऐसे निस्पृह व्यक्ति सच्चे कर्मयोगी होते है। कर्म के ऐसे ही स्वरूप को स्पष्ट करते हुए भगवान कृष्ण ने अर्जुन से कहा था–

कर्मण्यकर्म य पश्चेदकर्माणि च कर्म य ।
स बुद्धिमान्मनुष्येषु स युक्त कृतसन्न कर्म कृत् ।।

श्रीमद्‌भागवद् गीता ४/१८

जो पुरुष कर्म मे अर्थात् अहकार रहित की हुई सम्पूर्ण चेष्टाओ मे अकर्म अर्थात् वास्तव म उनका न होनापना देखे और जो पुरुष अकर्म मे अर्थात् अज्ञानी पुरुष द्वारा की हुई सम्पूर्ण क्रियाओ के त्याग मे भी, कर्म को अर्थात् त्यागरूप क्रिया को देखे, वह पुरुष मनुष्या म वुद्धिमान है और वह योगी सम्पूर्ण कर्मो का करने वाला है।

कर्म-अकर्म, साधु-श्रावक, धनी-अकिचन, स्वामी-सेवक और दाता-याचक की सीमाओ मे आवद्ध न रहकर तथा उनका अतिक्रमण करके उनके बीच सामजस्य उत्पन्न करना समत्व योग द्वारा ही सभव है। समत्व वुद्धियुक्त पुरुष पुण्य-पाप दोनो मे लिप्तायमान नहीं होता और कर्म-वधन से छूटने का मार्ग प्रशस्त करता है–

वुद्धियुक्तो जहातीह उभे सुकृत दुष्कृत ।
तस्माद्योगाय युज्यस्व योग कर्मसु कौशलम ।।

– श्रीमद् भगवद्‌गीता २/५०

कर्म कौशल के ऐसे ही धनी कृति की छवि मैंने दुगड श्री सुन्दरलाल मे देखी है।

माई एहड़ा पूत जण.....

डॉ (कर्नल) दलपतसिह बया 'श्रेयस'
ई-२६, भूपालपुरा, उदयपुर (राज)

दान की महिमा अनत है। जो दान निरभिमानता व विनम्रता से दिया जाता है, विना किसी लिप्सा के दिया जाता है, नाम की आकाक्षा के विना दिया जाता है उसकी महिमा अनतानत है।

भारतीय वाङ्मय मे निरभिमान दानशीलता के मूर्तिमत उदाहरण के रूप मे नवाव अब्दुर्रहीम खानखाना का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि ऐसे ओढरदानी होते हुवे भी कि कभी कोई याचक उनके द्वार से निराश नही जाता था, उनकी यह विशेषता थी कि वे अत्यत मिष्टभाषी, विनम्र, निरभिमानी व लज्जालु स्वभाव के थे। दान देते हुवे भी उनकी निगाहे सदा नीची ही रहती थीं। वे कभी किसी याचक की ओर देखकर दान नही देते थे। उनकी इस आदत से विस्मित होकर टोडरमलजी ने इसका जिक्र गोस्वामी तुलसीदासजी से किया तथा पूछा कि इसका क्या कारण हो सकता है। गोस्वामीजी ने कहा कि इसका कारण तो खानखानाजी ही वता सकते है तथा उन्होने उन्हे एक दोहा लिखकर दिया और कहा कि वे उसे लेजाकर खानखानाजी को दे दे तो उन्हे अपना जवाव मिल जायेगा। वह दोहा था—

"सीखे कहाँ नवाव जू, ऐसी देनी दैन ?।
ज्यों-ज्यो कर उँचो चढै, त्यो-त्यो नीचे नैन।।"

जव टोडरमलजी ने यह इस दोहे वाला पत्र नवाव खानखाना को दिया तो उन्होने तुरत उसके जवाब में यह दोहा लिखकर दे दिया –

"देनहार कोऊ और है, देवत है दिन-रैन ।
लोग भरम मो पै करे, ताते नीचे नैन ।।"

कैसी विलक्षण विनम्रता, कैसी निराली निरभिमानता, कैसा भोला शर्मीलापन था उस दीनदयाल दातार में ?

प्रश्न है कि क्या आज के इस भौतिकवादी युग मे भी, जहाँ दान देने का भी व्यवसायीकरण हो गया लगता है, जहाँ दान को भी अपने प्रतिष्ठानो के प्रचार-प्रसार व विज्ञापन का साधन बना लिया गया है, जहाँ दान के साथ भव्यातिभव्य समारोहो का आयोजन जुड गया है, तथा जहाँ दान के साथ अपनी आगे-पीछे की सात पीढियो के नाम शिलापट्टो पर लगवाने की मानसिकता वनती जा रही है, ऐसे विनम्र व निरभिमानी दाता हो सकते है ?

इसे मेरा सौभाग्य ही कहना चाहिये कि ऐसे विकट कलिकाल मे भी मेरा परिचय एक ऐसे ही विनम्र, लज्जालु व निरभिमानी दानशील व्यक्तित्व से हो सका है जो प्रतिवर्ष लाखो-करोडो का दान ऐसी ही शैली मे करते है तथा अकड और अभिमान तो उन्हे छू भी नही गए है।

कलकत्ता के दानवीर श्रेष्ठिवर्य श्री सुन्दरलालजी दुगड एक ऐसा ही उदार दानी है जो सघ व

दांता में हॉस्पीटल कॉलोनी

एक श्री-प्रायमरी स्कूल, छोटे शिशुओं के जीवन का प्रारम्भ श्री दुगड़जी द्वारा निर्मित

श्री दुगड़जी द्वारा निर्मित मंगलवाड़ चौराहा जिला चितौड़गढ़में रूपरेखा प्रवचन हॉल

द आर्यन्स ICSE स्कूल दुगड़जी द्वारा निर्मित

द आर्यन्स ICSE स्कूल दुगड़जी द्वारा निर्मित, कोलकाता को अनुपम उपहार

दुगड़जी की अनोखी जीवनोपयोगी रचना, पुगल रोड बीकानेर में सरकारी सहभागिता योजना में २५००० स्कूल के बच्चों का मिड डे मिल बनाने का भोजनशाला का निर्माण

सुन्दरलालजी की कृतियों का भव्य रूप

[illegible] कन्या विद्यालय देशनोक मे दुगड़जी द्वारा निर्मित हॉल

समाज के अनेक उपक्रमो के निर्माण से लेकर सचालन तक के लिये तो दान देते ही है, अनेक असहाय जन-परिवार भी उनकी सहायता से ससम्मान अपना जीवनयापन करते है। अपनी युवावस्था मे ही 'युवा उद्योग-रत्न' जैसे प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित श्री दुगड कलकत्ता के प्रमुख उद्योगपतियो मे अपना विशिष्ट स्थान रखते है तथा आज उनके उपक्रम भवन-निर्माण, जूट-मिलो आदि उद्योगो की अग्रिम पक्ति मे खडे है।

हुक्मगच्छ व श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ के सुदृढस्तम्भ श्री सुन्दरलालजी दुगड की उदार दानशीलता व सक्रिय सहयोग से सघ की 'समता शिक्षा-सेवा सस्थान', 'श्री राम गोशाला', 'आगम अहिंसा-समता व प्राकृत सस्थान' जैसी अनेक सस्थाएँ अपने कार्यो मे आशातीत प्रगति करते हुए आगे बढ रही है। यही नहीं, कलकत्ता व देश-विदेश के अन्य क्षेत्रो मे भी अनेक शैक्षणिक, चिकित्सकीय व सेवा-सहायता सस्थान उनके द्वारा प्रदत्त उदार सहयोग से सक्रिय व सेवारत है। इतना देते हुए भी वे नवाब अब्दुर रहीम खानखाना की भाँति ही विनम्रता, सौम्यता व मृदुभाषिता की प्रतिमूर्ति है। सबको स्नेह व सम्मान देना उनके व्यक्तित्व की विशेषता है। अपने उदार हृदय से वे समस्त जगत के प्रति आत्मभाव रखते हुए जैसे 'उदार चरिताना तु वसुधैव कुटुम्बकम्' को ही चरितार्थ करते प्रतीत होते है।

दया को श्रावक-धर्म का उत्कर्ष मानते हुए 'रयणसार' मे कहा गया है, ''दाण मुक्ख सावयधम्म।'' श्री सुन्दरलालजी दुगड अपनी उदारता से अपने सुश्रावक होने का यथेष्ठ परिचय देते है।

स्वामी कार्तिकिय भी दान की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए कहते हैं कि जो मानव अपनी वर्द्धमान लक्ष्मी को सदा धर्मकार्यो मे देता है, उसी का लक्ष्मीपुत्र होना सफल है तथा वही लोक मे यश का भागी होता है। यथा –

> ''जो वड्ढमाण-लच्छि अणवरय देदि धम्म-कज्जेसु ।
> सो पडिएहि थुव्वदि तस्स वि सफला हवे लच्छी ।।''
>
> – कार्तिकियानुप्रेक्षा, १९

किसी कवि ने ठीक ही कहा है –

> ''माई एहडा पूत जण, के दाता के शूर ।
> नहीं तो रहिजे बाझडी, मती गँवाजे नूर ।।''

इस दृष्टि से श्री दुगड के माता-पिता स्व श्रीमती सूरजदेवीजी तथा स्व श्री मोतीलालजी सा दुगड अपने दानशूर लाडले पर गर्व करते हुए स्वर्ग से भी उस अपने आशीष मे सिंचित करते होगे।

सघ, समाज और कलकत्ता को भी उन पर नाज है।

रत्नप्रभा का प्रमुख रत्न :
एक निरपेक्ष दृष्टि

कन्हैयालाल भूरा
वीरसघ धर्मप्रचारक व राष्ट्रीय सयोजक व्यसन मुक्ति, कुचविहार

भगवान महावीर ने फरमाया–''माणुस्स खु सुदुल्लह'' – मनुष्य जन्म मिलना अत्यन्त कठिन है। ससार मे आत्माएँ क्रमश विनाश को प्राप्त करते-करते मनुष्य भव को प्राप्त करती हैं। ''ते ओढाणई देवे पिहेज्जा माणुस्स भव। आरिएखेत्ते जम्म सुकुल पच्चायति'' देवता भी तीन वातो को चाहते है– मनुष्य जीवन, आर्य क्षेत्र मे जन्म और श्रेष्ठ कुल की प्राप्ति। श्री रामचरित मानस मे भी लिखा है–''वडे भाग्य मानुष तनु पाना। सुर दुर्लभ सद् ग्रन्थहिं गावा।।'' आगे और लिखा है–

''नर तन सम नहिं कवनिउ देही । जीव चराचर जायत तेही।।
नरक स्वर्ग अपवर्ग निसेनी । ग्यान विराग भगति सुभ देनी।।''

मनुष्य शरीर के समान कोई शरीर नही है। चर-अचर सभी जीव इसकी याचना करते है। यह मनुष्य शरीर नरक-स्वर्ग और मोक्ष की सीढी है तथा कल्याणकारी ज्ञान, वैराग्य और भक्ति को देनेवाली है।

ऐसे दुर्लभ मनुष्य जन्म को पानेवाले निश्चय ही सौभाग्यशाली होते है। पर इस मनुष्य भव को ''सुनिरुपित'' (अच्छी तरह निर्णय कर) ''सुनिश्चय'' (दृढनिश्चय) से ''सुधर्मी'' (धर्म परायण) वही वन सकता है जो ''सुजात'' (उत्तम कुल मे उत्पन्न) है। ऐसा ही सौभाग्य प्राप्तक है हमारा सुन्दर (श्रेष्ठ, वढिया, अच्छा, मनोहर) जो यथा नाम तथा गुण को चरितार्थ कर अपने आत्मवल से वन गया ''आज का–श्री सुन्दरलाल दुगड''।

जो ''सुदर्शन'' (सुदर) है, जिसका ''सुनाम'' (यश कीर्ति) ''सुदीप्त'' (अधिक प्रकाशवाली) है एव ''सुतार'' (अत्यन्त उज्ज्वल) है।

पिता मोती (मोतीलालजी दुगड) की आभा लिये माँ ''सूरज'' (सूरजदेवी दुगड) से मार्तण्ड की तेजस्विता व ओज लिये उनकी कुक्षि से जन्मे उस नन्हे वालक ने अपना नाम 'सुन्दर' सार्थक कर दिया।

अपने अध्यवसाय, अथक लगन व परिश्रम से ''पुरुषार्थ से भाग्यवश मे होता है'' वह सव कुछ कर दिखाया जो साधारणत सभव नही होता। जाज्वल्यमान नक्षत्र की तरह शुभ कर्मो के उदय से ''शालिभद्र'' की शास्त्रीय कहानी को चरितार्थ कर दिया।

शुभ के उदय से मनुष्य को जव लक्ष्मी (धन, सपत्ति, प्रेम) प्राप्ति होती है वह उससे पुण्य या पाप कोई एक का बन्ध अवश्य करता है क्योंकि ज्ञानियो ने कहा है– धन की गति तीन है–भोग, दान और नाश। अति प्रबल पुण्योदय से इन तीन गतियो मे सर्वोपरि गति ''दान'' को चयनित कर ''दानवीर'' – ''भामाशाह'' की पदवी जन-जन के मुँह से आपके लिये उच्चारित होती है। जिस व्यक्ति ने कभी ''ना'' कहना सीखा नहीं, उनके पास जो गया, उसे

श्री दुगड़जी के कृतियों की एक झलक

एम.एल दुगड़ चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भेंट, कम्प्यूटर कक्ष, आदर्श विद्या मंदिर स्कूल, गंगाशहर, बीकानेर

समता नगर बीकानेर के समता भवन के प्रवचन हॉल का निर्माण श्री दुगड़जी द्वारा

निवास कक्ष का निर्माण श्री दुगड़जी द्वारा

पी.बी.एम अस्पताल बीकानेर में ४ डाक्टर क्वाटर्स का निर्माण श्री सुन्दरलालजी द्वारा

श्री सुन्दरलालजी द्वारा जैन पाठशाला बीकानेर में यु.को बैंक भवन बनाकर किराये पर दिया जिससे पाठशाला को नियमित आय होगी और विद्यालय का खर्च निरन्तर चलता रहेगा

श्री करणी राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय देशनोक में डाक्टर्स व स्टाफ क्वार्टर का निर्माण श्री सुन्दरलालजी दुगड़ द्वारा

कभी खाली हाथ नही लौटाया। जो दान देने मे दिग्व्यापी है और जिसका नाम दिग् दिगन्त में दिनकत, उदियामणि (सूर्य) की तरह चमक रहा है। जिसका आभामण्डल-भावन (प्रिय) है जिसकी वाणी मे मिठास व मधुरता है जिसकी भाषा मे प्रियता व मधुरता है, जिसके व्यवहार मे विनय कूट-कूट कर भरा है। ऐसा नामी व्यक्तित्व है "श्री सुन्दरलाल दुगड"।

वीर सँघ धर्म प्रचारक के रूप मे सारे देश मे यत्र-तत्र आध्यात्मिक शिविर व व्यसन मुक्ति के कार्यक्रम लोगो को परमसाध्य आचार्य श्री का सन्देश – "व्यसन मुक्त हो सारा देश" सुनाते व प्रतिज्ञाबद्ध करते जब अपने कार्यालय पहुँचा तो मेरे बचपन के अति प्रिय अनन्य सहपाठी श्री भूपराजजी जैन (जिनका नाम आज विद्वद् जगत मे अति आदर के साथ लिया जाता है) का आह्वान मिला। ऐसे ग्रथ मे मुझे भी अपने उद्‌गार प्रकट करने है (वर्तनी के द्वारा) लेखनी चली। घटनाये (एक से एक महान) स्मृति मे है पर लम्बान के भय से मात्र एक घटना जिसने श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ के प्रत्येक सदस्य को ही नही जैन-अजैन, परिचित-अपरिचित सबके हृदयस्थल के उच्चतम व प्रियतम आसन पर विराजमान करा श्रद्धास्पद बना दिया–

घटना इन्दौर शहर की– गत वर्ष आश्विन शुक्ला द्वितीया को– सघ का अधिवेशन चल रहा था। चारो तरफ श्री सुन्दरलाल दुगड को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की चर्चा जोरो पर थी। कानाफूसी यह भी थी कि वे स्वय जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है लेकिन अतिम समय मे वरिष्ठजनों का अनुरोध मान लेगे– ऐसी आशा लोग लगाये बैठे थे। अधिवेशन आरभ हुआ। प्रारम्भ मे ही उनके नाम का विधिवत प्रस्ताव हुआ। वो धीर गम्भीर चाल से मच से उठकर माईक पर पधारे। अत्यन्त सहजता से सत्यवादी हरिश्चद्र की तरह व स्पष्टवक्ता बनकर भावातिरेक से अपना हृदय निर्भीकता से सयात (पहुँचा हुआ व्यक्ति) की तरह घोषणा की कि आपलोगो के प्रेम और वात्सल्य से मै गद्‌गद् हूँ। मै क्या हूँ, मेरे क्या उद्योग है, मेरा जीवन क्या है – एक खुली किताब की तरह है। आत्म-निरीक्षण करते हुए सबके प्रति आभार प्रकट करते घोषणा की कि मै अपनी आत्मा की साक्षी से स्वय को इस पद के योग्य नहीं समझता, अतएव पदभार ग्रहण करने मे मेरी अस्वीकृति है – मै क्षमा चाहता हूँ।

सारी श्रोतृ मण्डली स्तब्ध व अवाक् होकर एक अनूठी त्याग-परायणता, एक सतोगुणी सस्कारक की तरह समधुर भावो से सवृत (आच्छादित), सयमी (आत्म निग्रही), सत्कर्मी व सत्पात्र (श्रेष्ठ मनुष्य को) माईक छोडकर जाते मन मे श्रद्धा व आदर भाव लिये उस व्यक्ति श्री सुन्दरलाल दुगड जो गुणानुवाद से दूर स्फटिक (बिल्लौर, सूर्यकान्त मणि) की तरह दूर अति दूर जाते देख रही थी।

ऐसे धन्य व्यक्ति के बारे मे जो भी लिखूँ कम है– हे प्रभो, हे शासन देव उसे शतायु ही नहीं सहस्रायु करो। जन्म-जन्म तक (जब तक की मोक्ष न हो) पुन पुन इसी धरती पर इसी तरह और अभिवर्द्धित शुभ भावो सहित पुनर्जन्म हो।

देवता पुरुष श्री सुन्दरलालजी दुगड़

हिम्मतसिह डुँगरवाल, कानोड

राजस्थान के उदयपुर शहर से ७५ कि मी दूर दक्षिण-पूर्व की ओर आदिवासी पिछडे अचल के कानोड ग्राम मे अशिक्षा के अन्धकार को दूर कर सुसस्कारित नागरिक तैयार करने की दृष्टि से पूज्य बडे चान्दमलजी म सा की प्रेरणा से स्वतन्त्रता सेनानी, शिक्षाविद्, मेवाड मालवीय स्व प उदय जैन ने शिक्षा का दीप प्रज्ज्वलित किया। २४ अक्तूबर १९४० को विद्यालय एव १९४७ मे श्री जैन शिक्षण सघ के अन्तर्गत छात्रावास का शुभारम्भ किया। सन् १९५२ मे क्रान्तिकारी विचारो के धनी ज्योतिर्धर आचार्य १००८ श्री जवाहरलालजी म सा की पुण्य स्मृति मे सस्थानो का नामकरण जवाहर विद्यापीठ एव श्री जैन शिक्षण सघ के अन्तर्गत जवाहर जैन छात्रावास किया गया। साथ ही आदिवासियो के लिए आदिवासी छात्रावास का शुभारम्भ किया। आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व पिछडे वर्ग के असहायो एव महिला शिक्षा के क्षेत्र मे समाज सेवा एव सस्कार निर्माण का जो कार्य किया गया है उसकी महक भारत के प्रत्येक प्रान्त मे ही नही वल्कि विदेशो मे भी फैली है। विद्यापीठ एव छात्रालय में प्रत्येक स्तर के विद्यार्थियो को प्रवेश दिये जाने के साथ ही आर्थिक रूप से पिछडे वालको को शुल्क मे रियायत ही नही दी जाती है बल्कि पाठ्य पुस्तके, पुस्तिकाएँ एव युनिफार्म की व्यवस्था भी श्रेष्ठीजनो एव सस्थानो से की जाती है ताकि अर्थाभाव के कारण कोई भी शिक्षा से वचित न रहे। विगत ६५ वर्षो से समाज सेवा मे कार्यरत इस सस्थान के अन्तर्गत वर्तमान मे ५ विद्यालयो, २ महाविद्यालयो एव ३ छात्रावासो का सचालन किया जा रहा है, जिनमे करीव ५०० ग्राम नगरो के लगभग ३००० एव जवाहर जैन छात्रालय मे ६०० छात्र-छात्राएँ सुसस्कारित हो रहे है। दोनो सस्थानो का वार्षिक व्यय ३ ५० करोड रुपयो से अधिक है।

सस्थान का सौभाग्य रहा है कि जव-जव सस्थान पर आर्थिक सकट गहराया, तव तव देवता पुरुषों के चरण-कमल सस्थान मे पडे और सस्थान को आर्थिक सकट से उवारा। सस्थान के अध्यक्ष पद परम श्रद्धेय श्रीमान् शातिलालजी साड, वैगलोर एव सस्थान के उपाध्यक्ष परम श्रद्धेय सघ सरदार श्रीमान् सरदारमलजी काकरिया के भगीरथ प्रयत्न से राजस्थान की मरुधरा मे जन्मे यशस्वी, सरल स्वभावी, उदारमना, मानवीय सहिष्णुता के उपासक, धर्म एव कर्मनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी परम श्रद्धेय श्रीमान् सुन्दरलालजी दुगड, कोलकाता (सस्थान के उपाध्यक्ष) रूपी गगा को आदिवासी पिछडे क्षेत्र की सस्थान मे लाकर असहायो के तारणहार वने। कोलकाता प्रवास के दौरान दुगड सा तथा काकरिया सा मे परस्पर जो आत्मीय भाव देखा, उससे हम गद्‌गद् हो गये। शिक्षा, धर्म एव चिकित्सा के क्षेत्र मे काकरिया सा की सेवाएँ दूसरों के लिए अनुकरणीय है। वहुत कम श्रेष्ठीजनो का ध्यान आदिवासी पिछडे ग्रामीण क्षेत्र की सस्थाओ पर जाता है। आपने सदैव कार्यकत्ताओ का उत्साह वढाते हुए उनको अधिक उर्जावान वनाया है।

कुछ विरले पुरुष ही होते हैं जो दूसरो की सेवा के लिए जीते है। सहज स्वाभाव के धनी, मृदु एव मितभाषी, धर्मनिष्ठ, कर्मनिष्ठ मानवीय सवेदनाओ से ओत-प्रोत, असहायो के तारणहार देवता पुरुष परम श्रद्धेय सुन्दरलालजी दुगड का सान्निध्य पाकर सस्थान गौरवान्वित ही नही हुआ अपितु कार्यकर्त्ताओ मे नये उत्साह का सचार हुआ। परम श्रद्धेय दुगड सा के सौजन्य से समता विभूति आचार्य नानेश एव सुपुत्री श्रीमती रूपरेखा झावक के नाम से सचालित "नानेश रूपरेखा वी एड छात्रावास" कानोड मे सुविधा सम्पन्न २३ कमरो एव भव्य सभा भवन (द्वितीय मजिल) का निर्माण हुआ। छात्रावास को ससाधनो से सम्पन्न करने हेतु आपने अच्छी राशि प्रदान कर पिछडे आदिवासी क्षेत्र मे एक मिसाल कायम की। राजस्थान के प्रत्येक जिले से आये कुल १०० छात्राध्यापक छात्रावास मे निवास कर शिक्षित दीक्षित हो

समता भवन खाचरोद का उद्घाटन

श्री सुन्दरलालजी दुगड़ को शेरे मारवाड़ी अवार्ड देते हुए श्री माणकचन्द सुराणा (अध्यक्ष राज. वित्त आयोग) तथा वरिष्ठ पत्रकार श्री प्रकाश पुगलिया

बोधना होम फार मेन्टली रिटार्टेड में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए डॉ. प्रतापचन्द्र चन्द्र, श्री बिमान बोस, श्री सुन्दरलालजी व अन्यान्य गणमान्य

श्री दीपचन्दजी भूरा के अभिनन्दन समारोह के अवसर पर श्री दुगड़जी

न्यु टुबेको कं. लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर माननीय एम.पी. श्री सोमनाथ चटर्जी सम्बोधित करते हुए

आर.डी.बी. रसायन के उद्घाटन के अवसर पर स्वागत भाषण एवं संक्षिप्त प्रकल्प प्रस्तुत करते हुए चि. बिनोद दुगड़

श्री तपन सिकदर-केन्द्रीय सूचना मंत्री, श्री सुभाष चक्रवर्ती-मान्य क्रीड़ा एवं परिवहन मंत्री, प.बं. एवं श्री प्रदीप चोपड़ा के साथ ओमेगा इलिवेटर्स द्वारा आयोजित समारोह में

[illegible], श्री [illegible], श्री [illegible], मंत्री प.बं. सरकार, श्री [illegible] से वार्तालाप करते हुए

रहे है। जिनके दिलो मे आपके प्रति आत्मीय भाव जागृत हुआ, उसकी खुशवू राजस्थान के प्रत्येक जिले मे पहुँचा कर गौरवान्वित होगे। दोनो महाविद्यालयो के निर्धन छात्रो को छात्रवृत्तियाँ प्रदान कर उनको विकास के पथ पर वढने की आपने हिम्मत दी है। आपके सौजन्य से सस्थान के जवाहर वाल मदिर के छोटे-छोटे वच्चो (२ ५ से ५ वर्ष) को विद्यालय लाने व लेजाने हेतु एक मारुति वैन की व्यवस्था हुई। वच्चे दुगड सा को याद करते हुए उनके प्रति मगल कामना करते है। आप श्रीमान् के सौजन्य से श्री जैन शिक्षण सघ (जवाहर जैन छात्रालय) मे अपने दोहिते श्री जीत झावक के नाम से ''जीत झाबक शिशु क्रीडा केन्द्र'' का निर्माण हुआ।

परम श्रद्धेय दुगड सा का मानना है कि जीवन-यापन के साथ-साथ मनुष्य धर्म के मर्म को समझते हुए अपने जीवन को सार्थक बनावे। इस हेतु कानोड ग्राम मे भव्य ''रूप रेखा साधना हॉल'' का निर्माण ही नही कराया अपितु भारत के छोटे-छोटे ग्रामो एव नगरो मे समता-साधना भवनो का निर्माण करा आत्म-कल्याण के भावो को मूर्त रूप प्रदान किया। जहाँ भी आपने पाया कि सामने वाला आर्थिक परेशानी मे है, आप कृष्ण की तरह सुदामा की सहायता करने दौड पडते है तथा सामने वाले के सामने ऐसे रहते है जैसे उन्होने कुछ किया ही नही। ऐसे व्यक्तित्व वाला व्यक्ति भगवान का ही रूप है।

मानवीयता के गुणो से परिपूर्ण श्रद्धेय श्री दुगड सा ने पशुओ के लिए गोशालाएँ, रोगियो के लिए अस्पताल, वालको को शिक्षित-दीक्षित करने हेतु विद्यालयो एव महाविद्यालयो के निर्माण मे सम्वल प्रदान करा, विधवाओ के आँसू पोछना, गरीबो को अनाज, कपडे एव निर्धन, अनाथ व मेघावी छात्र-छात्राओ के लिए छात्रवृत्तियाँ देकर मानव से देवता-पुरुप वन गये है। ऐसे देवता पुरुष का कोलकाता मे हमे जो प्रेम व स्नेह तथा आत्मीयता मिली, उसको याद कर गद्‌गद् हो जाते है। इतने दानी होते हुए भी आपके व्यवहार एव कार्यो मे कही भी अहम् की झलक नहीं मिलती है। सरलता व सहजता की खुशवू प्रत्येक क्षण विखेरते है। ऐसे देवता पुरुष के दर्शन मात्र से सामने वाला व्यक्ति उर्जावान होकर आपसे प्रेरणा लेकर समाज सेवी वन जाता है।

आपके सुपुत्र श्री विनोदकुमारजी दुगड एव सुपुत्री श्रीमती रूपरेखा झावक, आपके पदचिन्हो पर चल कर समाज एव देश की सेवा मे सलग्न है। आपके जवाई सा श्रीमान् आलोकजी झावक की सादगी व सरलता से हम वहुत प्रभावित हुए। वहिन रूपरेखाजी से हमे मुसीवता म भी हँसते हुए जीवन जीने की कला सीखने को मिली। रूपरेखाजी के व उनके परिजना क दर्शन करने की हमारी भावना को श्रद्धेय दुगड सा ने स्वय साथ चलकर मूर्त रूप प्रदान कराया। उसके लिए कोटिश धन्यवाद एव आभार व्यक्त करते हैं।

कोलकाता प्रवास के दौरान श्रीमान् सरदारमलजी काकरिया एव आपके द्वारा यह भावना व्यक्त की गई कि कानोड मे एक तकनीकी महाविद्यालय हो। सस्थान इस भावना को आप दोनो श्रेष्ठी प्रवर के मार्गदर्शन व आशीर्वाद मे शीघ्र ही मूर्त रूप प्रदान करेगा।

मानवीय गुणो से ओत-प्रात, दीन-दुखियो के सखा, देव पुरुष परम श्रद्धेय श्रीमान् सुन्दरलालजी सा दुगड के ५५वे जन्म दिवस पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाशित किया जा रहा अभिनन्दन ग्रन्थ नि सदह भारत के लोग ही नही, विश्व क लोग भी मानव कल्याण के लिए माननीय दुगड सा द्वारा किये जा रहे कार्यो मे प्रेरणा लेकर मानव सेवा के कार्यो मे जुड कर अपना जीवन ही नहीं अपितु दूसरो के जीवन को भी धन्य वनायग। यह ग्रन्थ दूसरो के लिये जीने का प्रेरित कर समाज एव देश का गौरवान्वित करेगा। हमारा विनम्र अनुरोध है कि अभिनन्दन समारोह मे परम श्रद्धेय दुगड सा को ''राष्ट्रपति पुरस्कार'' स अलकृत किया जाय। इससे सामाजिक कार्यकर्ताओ को प्रेरणा प्राप्त होगी। ग्रन्थ प्रकाशन के लिए सस्थान एव पिछडे क्षेत्र की जनता की ओर स हार्दिक शुभकामनाएं व्यक्त करते है।

यज्ञमय जीवन : श्री सुन्दरलाल दुगड़

डॉ वसुमति डागा
रीडर एव हिन्दी विभागाध्यक्ष
वगवासी कॉलेज, कोलकाता

आर.डी मोटर्स के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित श्री सुभाष चक्रवर्ती-मान्य क्रीड़ा एवं परिवहन मंत्री प.बं. एवं टाटा मोटर्स के पदाधिकारी

आर.डी मोटर्स के शोरूम में श्री रतनजी टाटा अन्यान्य पदाधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ

एन.टी.सी फैक्टरी के उद्घाटन के अवसर पर श्री सोमनाथ चटर्जी, श्री सुभाष चक्रवर्ती, श्री पतित पावन पाठक, मंत्री प.बं सरकार, के साथ श्री दुगड़जी

राजस्थान की धरती का पवित्र स्वर है –

जननी जण जे दोय रतन, क्या दाता, क्या शूर
नहि तो रइजे बाँझडी, मति लजाए नूर ।।

जब-जब सुन्दरलालजी दुगड के व्यक्तित्व पर दृष्टि जाती है, तब-तब राजस्थान की धरती का यह स्वर उनमे मुखर दिखाई देता है। माता का नूर तब कई गुना बढजाता है जब उसकी सतान देश और समाज के लिए कर्त्तव्यनिष्ठ बनकर निरभिमानता के साथ सेवा का आदर्श कायम करती है। श्री दुगड इस अर्थ मे सचमुच जननी जन्मभूमि की गरिमा के अनुरूप उभर कर आते हैं तथा जन्मदायिनी माता एव पिता के गौरव को और प्रदीप्त करते है।

हमारे यहाँ श्रेय प्राप्ति के तीन मार्ग बताये गए है– ज्ञान या सन्यास मार्ग, भक्ति मार्ग एव कर्म मार्ग। तीनों मे से किसी भी एक पथ का अनुसरण करने वाला व्यक्ति श्रेय को प्राप्त करता है। गीता में कहा गया है–

साङ्ख्ययोगौ पृथग्बाला प्रवदन्ति न पण्डिता ।
एकमप्यास्थित सम्यगुभयोर्विन्दते फलम् ।।

अर्थात् सन्यास और कर्मयोग को मूर्ख लोग पृथक-पृथक (फल देने वाले) कहते है, पडितजन नहीं। क्योंकि दोनो मे से एक मे भी सम्यक् प्रकार से स्थित पुरुष दोनो के फल रूप (परमात्मा को) प्राप्त होता है। कर्मयोगी के लिए गीता कहती है–

अनाश्रित कर्मफल कार्यं कर्म करोति य ।
स सन्यासी च योगी च न निग्रिर्न चाक्रिय ।।

भाव यह है कि कर्म फल का आश्रय त्याग कर जो करणीय कर्म करता है वह कर्मयोगी है, सन्यासी के तुल्य है। देखा जाए तो विधाता ने सृष्टि की रचना ही यज्ञमय की है। सूर्य और चन्द्रमा सम्पूर्ण विश्व पर अपना प्रकाश लुटाते है, नदियाँ निरन्तर प्रवाहित होकर धरती, मनुष्य, पशु-पक्षी आदि सभी को तृप्त करती है तथा वृक्ष दूसरो के लिए फलते है और अपनी छाया बिखेरते है। इसी प्रकार जो मनुष्य केवल अपने लिये नही बल्कि देश और समाज की चिन्ता रखकर कार्य करता है उसका जीवन यज्ञमय कहलाता है। जो पुरुष केवल अपने या अपने परिवारजनो के भरण-पोषण के लिए ही उपार्जन नही करते बल्कि दान देकर अपने लिए स्वीकार करते है उनके लिए ही यह कहा जाता है कि वे यज्ञ से बचा हुआ खाते है और एसा आहार ही अमृत कहलाता है।

श्री जैन कल्याण संघ की एक्स.रे मशीन का उद्घाटन कर श्री दीपचन्दजी नाहटा के साथ

मातुश्री सूरजीदेवी दुगड़ व्यसन मुक्ति भवन का उद्घाटन करते हुए, नानेशनगर दांता

भामाशाह पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री दुगड़जी, मंचस्थ हैं श्री विमान बोस, श्री सत्यव्रत मुखर्जी-केन्द्रीय मंत्री व श्री सीताराम शर्मा

इ.एस.आई की [illegible] के अवसर पर मान्य मुख्यमंत्री श्री बुद्धदेव भट्टाचार्य का स्वागत करते हुए

यज्ञ की उक्त कसौटी पर दुगड का व्यक्तित्व शुद्ध कुन्दन बनकर हमारे सामने आता है। देश और समाज मे फैली अशिक्षा, भूखमरी, अभाव, दु ख-दर्द उनके अन्तर्मन को निश्चित रूप से मथते रहते है। इसीलिए अपने कर्मठ जीवन से प्रसूत धनराशि को वे सार्थक दिशाओ मे समर्पित करते है।

शिक्षा किसी भी राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। इसी लिए श्री दुगड लाखो रुपये की राशि उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति के रूप मे प्रदान करते है। उनके मन मे बहता करुणा का स्रोत उन्हे निरतर बाध्य करता रहता है कि वे समय-समय पर असाध्य रोगो से पीडित लोगो के स्वास्थ्य लाभ के लिए विशाल धनराशि प्रदान करे और असहाय लोगो की मदद करे।

श्री दुगड आर्थिक सहयोग द्वारा तो लोगो की मदद करते ही है पर वे व्यक्तिगत स्तर पर भी लोगो के दु ख-दर्द बाँटने और परेशानी मे फँसे लोगो की कठिनाइयो को दूर करने म भी तत्पर रहते है। मेरा स्वय का एक अनुभव है कि मैंने जब सॉल्ट लेक मे फ्लैट खरीदा, तब शुरू-शुरू मे मुझे असामाजिक तत्त्वो से परेशानी का सामना करना पडा। समझ मे नही आ रहा था कि क्या करू ? किससे कहूँ ? सहसा किसी ने सुझाव दिया कि मै दुगडजी से मिलूँ। जब मैंने उन्हे अपनी समस्या बताई तब वे स्वय आए और उन्होने इस समस्या के निदान हेतु जो भी कदम उठाना था, उठाया। उनकी यह सहृदयता मुझे सदैव स्मरण रहेगी।

श्री सुन्दरलालजी दुगड उस विचारधारा के विश्वासी है जो यह कहती है–

अपने मे सबकुछ भरकर, क्या व्यक्ति विकास करेगा,
यह एकान्त स्वार्थ भीषण है सबका नाश करेगा ।
औरो को हँसते देखो मनु, हँसो और सुख पाओ,
अपने सुख को विस्तृत कर लो, जग को सुखी बनाओ ।।

सुख का विस्तार तब होता है जब व्यक्ति का अन्तस्त ल नि स्वार्थ होकर औरो की पीडा को दूर करने के लिये सकल्पबद्ध होता है। श्री दुगड का हृदय भी ऐसे ही सुख की विस्तृत सीमा को स्पर्श करता हुआ दिखाई देता है। इसी का परिणाम है कि सामाजिक, शैक्षणिक चिकित्सकीय, साहित्यिक, सास्कृतिक और धार्मिक हर क्षेत्र म उनका बेमिसाल योगदान। ईश्वर उनकी सामर्थ्य एव सेवा-भावना मे निरन्तर वृद्धि करते रहे, यही शुभाशसा है।

सुप्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति, आत्म निर्मित एव प्रेरक व्यक्तित्व

श्री सुन्दरलाल दुगड़

राजस्थान कर्मवीरो एव शूरवीरो की भूमि है, जिनके सपूतो के पावन कर्म-कौशल पर राष्ट्रीय परिवार को अधिकतम गर्व है और इतिहास के स्वर्ण पृष्ठ इस सत्य के साक्षीभूत प्रमाण है। प्रत्येक समाज और प्रत्येक वर्ग मे काल प्रवाह के बीच समय-समय पर ऐसे रत्न उत्पन्न हुए है, जिनके व्यक्तित्व एव कृतित्व से जहाँ समाज महिमामण्डित हुआ है, वही समाज को भी समय सन्दर्भ से अनेक प्रकार की विकासोन्मुखी प्रेरणा प्राप्त हुई है। उदारमना श्री सुन्दरलाल दुगड का विशिष्ट व्यक्तित्व सर्वतोभावेन अपने आप मे गौरवोज्ज्वल महिमादीप्त रूप से प्रभावशाली है।

श्री सुन्दरलालजी का जन्म भामाशाहो व शूरवीरो की धरती राजस्थान मे बीकानेर जिले के देशनोक गाँव मे १९५४ ई को हुआ था आपके स्वनामधन्य पिता स्व मोतीलालजी दुगड थे। आप बडे ही धर्मावलम्बी तथा उदार विचारो के व्यक्ति थे। समाज व गाँव मे आपकी काफी प्रतिष्ठा थी। आपकी मातुश्री स्व सूरजदेवी दुगड भी बहुत ही धर्मपरायण महिला थीं, जिन्होने मृत्यु का स्वय वरण किया, अर्थात् १९ दिनो के चौविहार सथारे के पश्चात् उन्होने अपना शरीर त्याग दिया। श्री सुन्दरलालजी ने अपने गाँव मे ही उच्च माध्यमिक तक शिक्षा प्राप्त की, तत्पश्चात् आप १९७१ मे कलकत्ता आ गए व अपने पैतृक स्टेशनरी व मणिहारी व्यवसाय मे कार्य करने लगे। सन् १९७२ मे पाणिग्रहण सस्कार बीकानेर निवासी स्व केवलचन्दजी सेठिया की सुपुत्री श्रीमती कुसुमदेवी के साथ सुसम्पन्न हुआ। कालान्तर मे रेडीमेड कपडे व कपडे की रिटेल दुकान करने के पश्चात् १९८३ मे भवन निर्माण कार्य शुरू किया। सन् १९९४ मे औद्योगीकरण के तहत सिगरेट फैक्टरी, जूट मिले व दैनिक बगला समाचार पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया। वर्तमान मे आप सिगरेट फैक्टरी, प्लास्टिक फैक्टरी, जूट फैक्टरी, ट्रासमिशन लाइन व टावर फैक्टरी, ऑटोमोबाइल तथा भवन निर्माण उद्योग से जुडे हुए है। सन् १९९४ से व्यवसाय आपके एकमात्र सुपुत्र विनोद दुगड की देखरेख मे चल रहा है तथा दिनो-दिन प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आपके होनहार युवा सुपुत्र विनोद दुगड का विवाह १९९६ मे कुमारी शीतल के साथ सम्पन्न हुआ। आप द्वारा निर्मित भवन कोलकाता मे अपना विशिष्ट स्थान रखते हैं। आपकी एकमात्र सुपुत्री रूपरेखा है, जिसका विवाह मई २००२ मे श्री आलोक झाबक (जैन) के साथ बडी धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ, जिसकी सर्वत्र मुक्तकठ से प्रशसा की गयी। आपके दो सुपौत्री यशस्वी एव मनस्वी दुगड तथा एक दौहित्र जीत झाबक है। सामाजिक कार्यो व अर्थ विसर्जन की प्रेरणा आपकी सुपुत्री रूपरेखा द्वारा मिली।

श्री दुगडजी का सार्वजनिक जीवन अत्यन्त प्रेरणादायक है। नेकी कर भूल जाओ, यही आपकी सेवा भावना का मूल मत्र है। दीन-दुखियो की सेवा करना, कलाकारो, साहित्यकारो, पत्रकारो, बुद्धिजीवियो का सम्मान करना, आपके सार्वजनिक जीवन का अभिन्न अग है। आप अपने अधीनस्थ कर्मचारियो से भातृभाव रखते है। यही कारण है कि आपसे सभी कर्मचारी पूर्ण रूप से सतुष्ट रहते है। आप अनेकानेक लोकमगलकारी व शैक्षणिक सस्थाओ से पदाधिकारी के रूप मे जुडे हुए है।

वर्तमान मे आप श्री जैन विद्यालय, हावडा के यशस्वी सभापति है। श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा, कोलकाता के कार्यकारिणी के सदस्य, श्री जैन सभा, कोलकाता के पूर्व उपसभापति तथा कार्यकारिणी सदस्य, श्री करणी गौशाला (देशनोक) के उपसभापति, श्री साधुमार्गी जैन सघ (देशनोक) के पूर्व सभापति, श्री माँ करणी आदर्श विद्यालय (देशनोक) के सरक्षक, जैन कल्याण सघ (कोलकाता) के सरक्षक, महेन्द्र मुनि मिशन (कोलकाता) के न्यासी, बीकानेर कार्डियेक केयर फाउण्डेशन ट्रस्ट के न्यासी, आगम अहिंसा समता और प्राकृत सस्थान (उदयपुर) के सरक्षक, श्री जीतयशा फाउण्डेशन (कोलकाता) के न्यासी, देशनोक नागरिक सघ (कोलकाता) के वर्तमान व सस्थापक सभापति, जैन श्वेताम्बर श्री सघ (कोलकाता) के न्यासी तथा कार्यकारी अध्यक्ष, आदिनाथ जैन श्वेताम्बर टेम्पल ट्रस्ट (हावडा) के न्यासी, लॉर्ड महावीर श्वेताम्बर श्री सघ (हावडा) के न्यासी एव मत्री, श्री जिनेश्वर सुरि फाउण्डेशन (कोलकाता) के सरक्षक सदस्य, अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गीय जैन सघ (बीकानेर) के पूर्व उपसभापति तथा कार्यकारिणी सदस्य, श्री आत्म बल्लभ जैन कल्याण ट्रस्ट (कोलकाता) के न्यासी, श्री जैन पाठशाला (बीकानेर) के न्यासी, श्री समता जन कल्याण ट्रस्ट, बीकानेर और जयपुर के न्यासी, एस एल दुगड चैरिटेबल ट्रस्ट, कोलकाता के न्यासी, श्री सच्चियाय माँ सेवा ट्रस्ट के न्यासी, राजस्थान परिषद् कोलकाता के उपाध्यक्ष, जवाहर विद्यापीठ, कानोड (उदयपुर, राजस्थान) के उपसभापति आदि पदो को सुशोभित कर रहे है। इसके अतिरिक्त आप कोलकाता वस्त्र व्यवसायी सेवा समिति के सदस्य, पश्चिम बगाल प्रादेशिक मारवाडी सम्मेलन के सरक्षक सदस्य, कास्मोपोलिटन क्लब के कार्यकारिणी सदस्य, सगीत कला मन्दिर के सदस्य, कोलकाता पिजरापोल सोसाइटी के न्यासी, आर्यन्स स्कूल, अगरपाडा के न्यासी है। मानव कल्याण समिति, कोलकाता के प्रदेश सदस्य, द यूनाईटेड फिजीकल हैन्डीकैप्ड स्कूल, कोयम्बटूर के सरक्षक सदस्य है।

अपने जन्म स्थान देशनोक मे श्री करणी अस्पताल मे क्वार्टर का निर्माण, श्री करणी कन्या विद्यालय मे हॉल का निर्माण, श्री जैन जवाहर मडल मे हाल व तलघर का निर्माण, श्री भोमियाजी के मदिर मे कमरे का निर्माण, करणी सुबोध विद्यालय निर्माण मे अर्थ सहयोग, श्री करणी गोशाला के निर्माण तथा अकाल के समय गो ग्रास के लिए अर्थ सहयोग। श्री करणी औषधालय के सचालन मे अर्थ सहयोग, वर्तमान मे श्री करणी अस्पताल को रेफरल अस्पताल का दर्जा दिलाने के बाद अस्पताल भवन निर्माण मे विशेष सहयोग (निर्माणाधीन), आदर्श विद्यामदिर, देशनोक मे २ कमरे तथा फर्नीचर बनवाकर दिए। देशनोक ग्राम मे करीब ५००० गज का प्लाट खरीद कर श्री जैन जवाहर मण्डल को भेट किया, जहाँ महिलाओ के विकास हेतु स्व सूरजी देवी दुगड समता भवन का निर्माण होगा एव उसमे भी विशेष सहयोग का आश्वासन तथा श्मशान भूमि की चारदीवारी व अन्य

कार्यो मे विशेष अर्थ सहयोग। आप गॉववासियो के साथ कधे से कधा मिलाकर गाँव के उत्थान हेतु हर समय तत्पर रहते है, जिससे गाँववासियो के दिल मे आपके प्रति असीम श्रद्धा है।

वीकानेर के पी वी एम अस्पताल के कार्डिक वार्ड को सन् १९९० मे गोद लेकर सचालन मे आपके अर्थ सहयोग फलस्वरूप सरकारी अस्पताल मे भी प्राइवेट नर्सिंग होम की तरह साफ-सुधरी व्यवस्था का सृजन हुआ है। वीकानेर मे मिड-डे मिल योजनान्तर्गत करीव २०००० छात्रो के लिए रसोई घर का निर्माण तथा समता नगर वीकानेर मे निर्माणाधीन समता भवन मे सभागार का निर्माण। वीकानेर के उपनगर गगाशहर मे आदर्श विद्या मदिर (उच्च माध्यमिक) मे छात्रो के लिए २४ कम्प्यूटर उपकरण भेट।

नोखामडी के आदर्श विद्यामदिर मे कमरे का निर्माण, महिला एव वाल विकास समिति नोखा को कम्प्यूटर भेट तथा श्री डूगरगढ के तुलसी सेवा सदन अस्पताल मे करीव ४००० वर्गफीट हॉल का निर्माण। सुगनी देवी जैसराज वैद हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, वीकानेर मे एक आई आर सी मशीन तथा एक ऑटो अनालाइजर भेट किया। वावा श्री जसनाथ मदिर ग्राम कररियासर के जीर्णोद्धार मे अर्थ सहयोग। समता भवन, नागौर के तलकक्ष का निर्माण। राजकीय वालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, ग्राम साभर मे स्व मोतीलाल सुरजीदेवी दुगड स्मृति हॉल का निर्माण। उदयपुर के जवाहर शिक्षण सस्थान मे कमरे का निर्माण एव कम्प्यूटर कक्ष हेतु अर्थ सहयोग, आचार्य नानेश ध्यान केन्द्र मे लगभग ५००० वर्गफीट के हॉल का निर्माण तथा ज्ञानशाला के लिए निधि स्थापन मे सहयोग। आगम अहिंसा प्राकृत शोध सस्थान मे रूपरेखा साहित्य निधि की स्थापना। श्री गणेश जैन छात्रावास मे कमरे का निर्माण तथा २००० वर्गफीट के प्रार्थना हॉल का निर्माण। समता भवन मगलवाड चौराहा, उदयपुर के प्रवचन हॉल का निर्माण। अरिहन्त अस्पताल एव रिसर्च सस्थान, भीवलवाडा मे दो डॉक्टर क्वार्टर का निर्माण।

कानोड जिला उदयपुर मे जवाहर विद्यापीठ मे शिक्षक प्रशिक्षण छात्रावास भवन मे २८ कमरो का निर्माण, स्कूल वच्चो के लिए एक वस तथा गाँव के समता भवन मे करीव ५००० वर्गफीट के स्वाध्यायी हॉल का निर्माण अपनी सुपुत्री रूपरेखा के नाम से करवाया। कानोड स्कूल मे ही जीत शिशु उद्यान का निर्माण। श्री आदिनाथ पशुरक्षा सस्था-कानोड को एक पशु चिकित्सा हेतु एम्वुलेन्स प्रदान की।

कपासन जिला-चित्तौडगढके समता भवन मे लगभग ५००० वर्गफीट का हॉल निर्माण तथा आचार्य नानेश रामेश रूपरेखा गौशाला का निर्माण तथा सचालन मे वरावर अर्थ सहयोग। दाता ग्राम जिला चित्तौडगढमे आचार्य नानेश शिक्षा सस्थान मे ३० कमरे का आधुनिक छात्रावास भवन का निर्माण। आचार्य रामेश ग्राम सेवा सस्थान ग्राम दाता मे करीव ४००० फीट के हॉल का निर्माण। दाता ग्राम मे ही श्रीमती सुरजीदेवी दुगड प्राथमिक विद्यालय भवन का निर्माण का आश्वासन। चित्तौडगढके आदिवासी श्रीवाल भाईयो के वच्चो के अध्ययन हेतु अर्थ सहयोग। आचार्य श्री नानेश हॅम्योपथिक मेडिकल हॉस्पीटल वडी सादडी मे २ कमरो का निर्माण। मोरवन गॉव के समता भवन के हॉल का निर्माण, जोधपुर के समता भवन के कमरे का निर्माण, ग्राम खिरकिया व कानवन मध्य प्रदेश मे समता भवन मे प्रवचन हॉल का निर्माण। समता भवन, चपलाना, वदनावर, सवाई माधोपुर, कथारियाजी का चौक तथा वाधाडी मे सहयोग। समाज के अन्य स्थानो पर जहाँ समता भवन वनते है, प्राय उन सभी मे अर्थ सहयोग। गाँव वजरिया के समता भवन मे कमरे का निर्माण, गॉव सासुसी तहसील जावरा मे समता भवन का निर्माण, ग्राम धमनिया जिला-नीमच के समता भवन मे प्रथम तल का निर्माण, ग्राम खाचरौद जिला रतलाम के समता भवन मे हॉल का निर्माण तथा चित्तौडगढमे समता स्वाध्यायी भवन मे एक हॉल का निर्माण। अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गी जैन सघ, वीकानेर की लगभग ३० धार्मिक पुस्तको के प्रकाशन मे आर्थिक सहयोग। नाना शक्ति मदिर पो-सुहरसा जिला-भिवानी के फर्श मे मार्वल लगवाने मे अर्थ सहयोग, अजमेर मे मणिपुज न्यास सेवा सस्थान मे हॉल का निर्माण तथा वहाँ रहने वाले वच्चो के लिए अर्थ सहयोग। आचार्य तुलसी कैन्सर रिलीफ सोसायटी, बीकानेर मे चार डॉक्टर क्वार्टर का निर्माण। श्री जैन पाठशाला बीकानेर के यु को वैक का भवन निर्माण एव किराये पर चलाना।

सिलचर के जैन भवन के निर्माण मे अर्थ सहयोग। तेजपुर मे महाभैरव मदिर मे तथा गौडी पार्श्वनाथ मदिर के जीर्णोद्धार मे सहयोग। विहार मे कटिहार के स्कूल मे कमरे का निर्माण। क्षत्रियकुण्ड ग्राम-लछवाड के निर्माणाधीन चिकित्सालय मे एक वार्ड का निर्माण। धनवाद जिले के आदिवासी महल गाँव के छात्रावास मे कमरे का निर्माण। गिरिडीह जिले के शिखरजी तीर्थ स्थल मे जैन म्यूजियम के निर्माण मे सहयोग तथा भोमियाजी भवन की धर्मशाला मे कमरो का निर्माण। पिछले १५ वर्षो से सचालन मे अर्थ सहयोग। शिखरजी के ही कल्याण निकेतन के निर्माण मे सहयोग व नेत्र चिकित्सा शिविर लगवाना। वीरायतन सस्थान मे समय-समय पर अर्थ सहयोग। श्री हनुमान आदर्श विद्यालय, सिरसी मे कमरे का निर्माण। रतलाम, मध्य प्रदेश के आदिवासी क्षेत्र दिलीपनगर मे श्री प्रेमराज गणपतराज वोहरा, धर्मपाल जैन छात्रावास के छात्रो के अध्ययन हेतु श्रीमती रूपरेखा धर्मपाल जैन सहयोग निधि की स्थापना। रतलाम जिले के सेलाना गाँव की गौशाला मे गायो हेतु गौ ग्रास घर का निर्माण। रतलाम मे अखिल भारतवर्षीय जैन समता युवा सघ के कार्यालय भवन के निर्माण मे आर्थिक सहयोग। समता मच राजनादगाँव मे नि शुल्क वृद्धाश्रम मे भोजनशाला का निर्माण। देव आनन्द विद्यालय, राजनन्दगाँव मे सहयोग। श्री पार्श्व भक्ति विहार दादावाडी, नलखेडा जिला-शाजापुर मे फर्श मे मार्वल लगवाया, ग्राम विकास समिति-छत्तरपुर के स्कूल मे एक कमरे का निर्माण, सत्सग भवन समिति-छपरा मे एक कमरा व हॉल का निर्माण, दादावाडी उपासरा मन्दसौर का जीर्णोद्धार। श्री आत्मवल्लभ जैन उपाश्रय, अम्वाला शहर मे व्याख्यान माला हॉल के निर्माण मे सहयोग। राजस्थान व्राह्मण सघ, कोलकाता मे अर्थ सहयोग। कोलकाता मे महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाने मे अर्थ सहयोग।

हावडा के महावीर भवन मे लगभग ३५०० वर्गफीट का हॉल अपने दादाजी श्री अमोलकचन्द दुगड स्मृति हॉल का निर्माण, श्री अपार्टमेन्ट, हावडा मे भगवान आदिनाथ मदिर निर्माण हेतु विशेष सहयोग। श्री जैन अस्पताल व रिसर्च सेन्टर

हावडा मे स्ट्रेस टेस्ट एव २२ बिस्तर के आईटीयु वार्ड का निर्माण। श्री जैन विद्यालय, हावडा के निर्माण मे विशेष सहयोग। हावडा मे ही हावडा शिक्षा सदन व हावडा शिक्षा निकेतन मे सहयोग। विचार मच, हावडा के माध्यम से विभिन्न स्कूलो के मेधावी छात्रो को पुरस्कृत करने मे सहयोग। बादल बोस मेमोरियल हेल्थ सेन्टर के सचालन मे अर्थ सहयोग। बी गार्डन क्रीडा समिति के अर्थ सहयोग, रामराजातल्ला के जगाछा मे प्राइमरी विद्यालय की दूसरी मजिल के निर्माण मे सहयोग। कुपराई हाई स्कूल जिला पूर्व मिदनापुर में १० कम्प्युटर सेट भेट।

श्री सचियाय मा सेवा ट्रस्ट, कोलकाता द्वारा निर्मित मदिर मे विशेष सहयोग, श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक सघ, कोलकाता द्वारा निर्मित महावीर सदन मे २ कमरो का निर्माण, जिनेश्वर सुरी फाउण्डेशन, कोलकाता के मदिर व भवन निर्माण मे विशेष सहयोग। सागर दत्त राजकीय विद्यालय, कमरहट्टी मे ६ कमरो के एक ब्लॉक का निर्माण। बलाईकृष्ण रामस्मृति बालिका विद्यालय, इलम बाजार जिला वीरभूमि मे एक कमरे का निर्माण। वैद्यवाटी कल्पना बसु छात्र एकादमी का लेबोटरी कक्ष बनवाने मे सहयोग। श्री चेतन ज्योति सस्कृत महाविद्यालय हरिद्वार मे स्कूल बस खरीदने मे अर्थ सहयोग।

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा, कोलकाता के प्रस्तावित कुसुम देवी सुन्दरलाल दुगड जैन डेन्टल कॉलेज के लिए विशेष सहयोग का आश्वासन तथा सभा के विभिन्न सेवा प्रकल्पो के समय-समय पर अर्थ सहयोग। अबोध बच्चो की सस्था बोधना,राजरहाट के सचालन व दूसरे तल्ले मे ५००० फीट का निर्माण। आदर्श विद्या मदिर दमदम के एक ब्लॉक का निर्माण। विभूति देव मेमोरियल सोसाइटी के विशेष आग्रह पर दमदम मे २००० वर्गफीट जगह मे एक हेल्थ सेन्टर का निर्माण। विचार मच कोलकाता व अपनी भाषा, साल्टलेक द्वारा विभिन्न क्षेत्रो के प्रतिभावन व्यक्तियो को सम्मानित करने मे अर्थ सहयोग। कलकत्ता वस्त्र व्यवसायी समिति के गगासागर मेला धर्मशाला मे विशेष अस्पताल एव रिसर्च सेन्टर, कोलकाता के चक्षु अस्पताल मे एक तल्ले के निर्माण मे अर्थ सहयोग श्री विशुद्धानन्द अस्पताल एव रिसर्च सेन्टर, कोलकाता मे एक तल्ले के निर्माण मे सहयोग। समता भवन, असावरा (चित्तौडगढ) मे प्रवचन हॉल का निर्माण, समता भवन पो खींवसार जिला नागौर के निर्माण मे अर्थ सहयोग।

कोलकाता मे एस एल दुगड चैरिटेबल ट्रस्ट के माध्यम से समय-समय पर चक्षु ऑपरेशन शिविर लगवाना, कम्बल वितरण करना तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियो की चिकित्सा के लिए सहयोग करना, उच्च शिक्षा हेतु छात्रो को पूर्णरूप से छात्रवृत्ति देना तथा देहात के बच्चो मे पुस्तक वितरण का कार्य तथा सर्दी मे कम्बल व वस्त्र वितरण समय-समय पर करते रहते है।

कोलकाता की ही श्री जिनेश्वर फाउण्डेशन के मन्दिर निर्माण आत्मबल्लभ जैन कल्याण ट्रस्ट, जैन सघ, श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति, स्पोर्ट्स काउसिल, लेकटाउन पुस्तक मेला, पजाब बिरादरी, श्री बाबोसा महाराज, सूरदास न्यास, श्री हनुमान जागरण मच, भूकैलाश वेलफेयर सोसाइटी, पद्मावती शक्तिपीठ कृष्णागिरी (कोलकाता), श्री आदिश्वर मण्डल, वीर मण्डल, मित्र मण्डल, गगासागर यात्री सेवा सस्था, जैन कल्याण सघ, अणुव्रत ग्रामभारती सस्थान विनयपुरम मे एक कमरे का निर्माण, श्री बडाबाजार कुमारसभा पुस्तकालय कोलकाता, लायस जिला ३२२बी-१ के ब्लड बैक के निर्माण मे सहयोग, रोटरी क्लब सेन्ट्रल कलकत्ता ट्रस्ट मे सहयोग। लायस क्लब ऑफ कोलकाता-पार्क स्ट्रीट मे सहयोग। गवरजा माता के मेले के आयोजन मे विशेष अर्थ सहयोग। श्री शान्तिनाथ भक्तामर जिन प्रसाद के अजनशलाका प्रतिष्ठा महोत्सव मे सहयोग। राजस्थान ब्राह्मण द्वारा आयोजित अध्यात्म महोत्सव २००५ मे विशेष अर्थ सहयोग। तालतल्ला पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन मे सहयोगी। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापथ महिला मण्डल हावडा (नॉर्थ) के मेडिकल कैम्प मे सहयोग। पानीहट्टी डॉ विधानचन्द्र राय टेक्स बुक लाइब्रेरी मे टेक्स बुक भेट। चौधरी राजाराम जाखड चैरीटेबल ट्रस्ट दिल्ली को सहयोग। श्री लक्षचण्डी महायज्ञ बीकानेर मे सहयोग। पूज्य प्रेमा दीदी के कथा सरक्षक। डॉ पी सी सेन मेमोरियल कमेटी मे सहयोग। श्री सिद्धि विनायक भक्त मण्डल कोलकाता। शहीद खुदीराम बोस इन्स्टीट्युट मे सहयोग। श्री जैन हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेन्टर, हावडा, सुगमी देवी जैसराज बैद हॉस्पीटल, बीकानेर, टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल-मुबई, शहीद खुदीराम बोस इस्टीट्यूट-कमरहट्टी, मुलजीभाई पटेल यूरोलोजिकल हॉस्पीटल, ऑल इण्डिया मेडिकल इस्टीट्यूट-दिल्ली, मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, कोलकाता, आर एन टैगोर हर्ट हॉस्पीटल-कोलकाता, सवाई मानसिह चिकित्सालय-जयपुर मे रोगी की चिकित्सा मे सहयोग।

इसके अतिरिक्त भी विभिन्न सेवा सस्थाओ को समय-समय पर आर्थिक सहयोग देते रहते है। श्री सुन्दरलाल दुगड अत्यन्त मिलनसार एव मृदुभाषी है। आपसे मिलने व बातचीत करने वालो पर आपकी शिष्टता, सौजन्य तथा गरिमा का प्रभाव पडता ही है। सामाजिक जीवन व अन्य कार्यों मे आपकी सफलता का रहस्य भी बहुत कुछ यही है।

आपकी धर्मपत्नी कुसुमजी अपने आप मे परम्परा और प्रगतिशीलता का समुज्ज्वल रूप है। आप त्याग-तपस्या की, साधना-उपासना की, मृदुता-कोमलता की, विनय-विनम्रता की तथा स्नेह-सौजन्य की साक्षात मूर्ति है। आप नारी जाति की गौरव गरिमा हैं। प्रसादजी की ये पक्तियाँ भी श्रीमती कुसुमजी पर पूरी तरह अर्थसिद्ध होती है–

नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग-पग तल मे,
पीयूष श्रोत सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल मे।

आप आदर्श भारतीय नारी की गौरव-गरिमामयी साकार सभ्रान्त परिभाषा है और लगता है कि ऐसी ही गुणवती, शीलवती भारतीय ललना को देखकर शायद महाराज मनु को लिखना पडा था–

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता।

अस्तु धन्य है श्री दुगडजी, जिन्हे ऐसी धर्म परायण, उदात्त सहयोगी मिली।

सकलित

वेयावक्त्रेणं तित्थयर नाम गोतं कम्मं निबंद्धई

रिधकरन बोथरा

'विलियम कोलगेट' अमेरिका निवासी था। कोलगेट गरीव था। उसके माता-पिता अपने घर साबुन वनाते और शहर की गलियो मे जाकर वेचते थे। गरीव लोग साबुन खरीदते क्योंकि उनको कम दाम मे साबुन मिलता था। एक दिन निराश कोलगेट को पिता ने कहा,'वेटे, तुम न्यूयॉर्क जाओ, तुम अपना भाग्य वहाँ आजमाओ।' विलियम घर से निकला। गाँव की सीमा पर एक वुजुर्ग मिला। उसने विलियम से पूछा, कहाँ जा रहे हो वेटा ?विलियम ने कहा 'न्यूयॉर्क जा रहा हूँ।' 'क्यो ?' 'भाग्य आजमाने के लिए।'

अच्छा वेटा चल, मुझे भी न्यूयॉर्क ही जाना है। वृद्ध और विलियम न्यूयॉर्क की तरफ आगे वढे। रास्ते मे उस वृद्ध पुरुष ने विलियम को कहा 'देख विलियम, धन्धे मे कुछ वाते अनिवार्य रूप से ध्यान मे रहनी चाहिए। पहली वात है 'ऑनेस्टी' की, प्रामाणिकता की। धन्धे मे प्रामाणिकता का चुस्त पालन करना। दूसरी बात है वस्तु मे मिलावट कभी नही करना। वस्तु मे मिलावट करने से धधा लम्वे अर्से तक नही चलता। कभी न कभी ग्राहको को अविश्वास हो ही जायेगा। तीसरी बात यह है कि ग्राहक को माल पूरा देना, धोखा कभी नही करना। वजन कम नही देना। चौथी बात कहता हूँ मनुष्य को जो कुछ मिलता है परमात्मा की कृपा से मिलता है। इसलिये तुझे व्यापार मे जो भी नफा हो, मुनाफा हो, उसमे से भगवान का एक हिस्सा निकालना और उसे सत्कार्य मे खर्च कर देना।'

रास्ते मे एक चर्च आया। विलियम ने वृद्ध के साथ भगवान से प्रार्थना कि 'ओ गॉड, मै धन्धे मे जो कुछ कमाऊँगा, मुझे जो मुनाफा होगा, उसका दसवाँ हिस्सा सत्कार्यो मे व्यय करूँगा।' विलियम ने करोडो डॉलर कमाया, कमाया उसे खुले हाथ से दान भी दिया। विश्व मे 'कोलगेट' दत मजन व साबुन दोनो का नाम।

उपर्युक्त सदर्भ मे हम श्री सुन्दरलालजी दुगड के जीवन का निरीक्षण करेगे।

करीव दो साल पहले कलकत्ता मे वडतल्ला एरिया मे 'ज्वेलरी पार्क' हिसाव से एक मकान की नीव का मुहूर्त किया, उसी दिन चार घन्टे मे पूरे मकान की वुकिग हो गई–समय पर मकान तैयार हो गया व दुकान मालिको को दुकाने सौप दी गई। अभी यह दृश्य मूरत मे सुनने को आया। वहाँ पर एक मार्केट के लिये नीव का मुहूर्त किया गया – उसी दिन पूरे मार्केट की वुकिग भी हो गई व समय पर सारा कार्य सम्पन्न हो गया। यह उनके कार्यो की गुडविल है।

वहुत साल पहले की वात है किसी एरिया मे मकान वनाना था। पाडे के मस्तान मोटी रकम इस हेतु माग रहे थे। इनका विचार था–मै इस हेतु उन्हे कुछ भी नहीं दूगा, मरने-मारने की नौवत थी। दूसरे दिन का समय तय हुआ–ये निहत्थे व अकेले। उनके पास गये, उनकी माग को सुना, सुनकर इन्होंने सुझाव दिया कि मेरे इस मकान मे फ्लैट जो वन रहे है उन्हे आप वेचे। उसकी दलाली मैं आपको दूगा। आपकी सारी समस्याएँ हल हो जायेगी। उन लोगो को यह सुझाव पसन्द आया – फ्लैट वेचने के साथ-साथ उस मकान की व रहने वालो की पूरी हिफाजत करने लगे। वहाँ इस तरह के लोगो को काम मिल गया व उनकी जीवनशैली मे पूरा वदलाव आ गया। यह फारमूला इन्होंने सभी एरिया मे अपनाया। वहाँ के निवासियो को काम मिला व इनकी गुडविल अच्छी रही।

जैन व जैनेतर दोनो समाज मे जिन लोगो के साथ कोशल था पर आर्थिक कमी होने के कारण वे काम नहीं कर पा रहे थे। ऐसे सैकडो लोगो के साथ इन्होंने काम किया। इनकी गुडविल व आर्थिक मदद से इन्हे भी नया काम मिला व इन लोगो को ऊपर उठने का मौका मिला। नये-नये कामो मे एक्सपर्ट व विश्वसी आदमी मिले। इनके धन्धा का फैलाव (विस्तार) थोडे से अर्से मे दिन-दुना व रात-चौगुना होता गया।

अभी कुछ दिन पहले की वात है। ये श्री जैन हॉस्पीटल से वाहर निकल रहे थे कि इनके दूर के रिश्ते की एक वहिन मिली। उसने इनसे कहा कि मैने अपने पतिदेव को यहाँ भर्ती गले की मामूली विमारी वास्ते कराया। निदान मे डॉक्टर कहते है कि व्रेन की सर्जरी अतिशीघ्र आवश्यक है तथा जो डॉक्टर इस हॉस्पीटल मे है वह वाहर चला गया है अन्य डॉक्टर यहाँ आने के लिये मना कर रहा है। इन्होने उस डॉक्टर का मोवाईल नम्बर लिया, वात की और उसी दिन श्री जैन हॉस्पीटल मे व्रेन ऑपरेशन की सारी व्यवस्था इन्होने अपने खर्चे से की। आज वह परिवार आराम से है, खुश है। इस तरह के केस इनके सम्बल से प्रति सप्ताह रिलीफ पाते है। यह सिर्फ कलकत्ता ही नहीं पूरे भारतवर्ष मे इनकी यह सहृदयता विख्यात है।

बीकानेर प्रिन्स विजयसिह मेमोरियल हॉस्पीटल आज से प्राय दो दशक पहले आई सी यु मे ४२ बेड बनवाये ही नही इसे गोद भी लिया, यानि इसकी पूरी देख-रेख का जिम्मा। उस समय ये आज की तरह सम्पन्न नही थे, पर हृदय मे इस तरह की सेवा का लगाव शुरु से ही था – ऐसा लगता है।

शिक्षा के लिए माध्यमिक, उच्च माध्यमिक, कॉलेज व उच्च शिक्षा के लिये छात्रो को हर तरह की सहायता ये बरावर करते है। उच्च शिक्षा हेतु यदि कोई लडका वाहर जाने के लिये उत्सुक है तो ये उसकी पूरी आर्थिक सहायता करते है। आर्थिक सहायता के अभाव मे कही एडमिशन इनके प्रभाव से होता हो तो वे खुद फोन करके उस कार्य को सम्पन्न कराने की पूरी चेष्टा करते है।

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा की कुछ वर्षो पहले की वात है। सभा के कर्मठ कार्यकर्त्ता व ट्रस्टी महोदय से किसी वात पर काफी तू-तू मै-मै हो गई, वोलचाल भी वद हो गई। इसी पिरियड मे पर्यूषण पर्व आया। ट्रस्टी महोदय के मन मे विचार आया इनसे खमतखामणा करने का। वे इनकी ऑफिस गये, खमतखामणा करने हेतु। उन्हे देखते ही श्री दुगडजी के मन मे विचार आया, गल्ती मेरी थी और ये आये है खमत खामणा करने। तत्क्षण मानसिक भावो मे परिवर्तन आया और ये ट्रस्टी महोदय से पूरे मन से खमत खामणा किया। यही नही कई वार खुले मच पर से भी इन्होने इस घटना का जिक्र किया। आज दोनो महानुभाव अभिन्न अग है। यह है दिल की सरलता व सहजता का उदाहरण।

अभी पिछले साल की वात है। अखिल भारतवर्षीय स्तर की एक सस्था इनको अध्यक्ष वनाने के लिए पूरा जोर लगा रही थी। इन्होंने स्थिति को समझा व आचार्यश्री को निवेदन किया कि अध्यक्ष मे जो आवश्यक गुण चाहिए वे मै पालन नही कर रहा हूँ। अध्यक्ष वनना ठीक नही। जिस पद को पाने के लिये लोगो मे होड लगी हुई थी, सहज मे ही इनको मिल रहा था, ऐसे मे इसे सही स्थिति का जायजा लेना व ठुकराना विरले व्यक्ति ही कर पाते है।

उपर्युक्त तथ्यो पर हम गहराई मे ध्यान करते है तो ऐसा लगता है – पीडितो की पीडा निवृत्ति के लिये अपने जीवन का एक-एक क्षण, अपने प्राप्त साधना का एक एक कण पीडितो की सेवा मे अर्पण करना ही इनके जीवन का ध्येय लगता है। वास्तव मे निष्काम भाव से किये गये ये कार्य, किसी भी प्रकार के स्वार्थ या प्रतिफल की आकाक्षा के विना केवल कर्त्तव्य के नाते किया जाए तो ये सत्कर्म हमारे जीवन के वन्धनो को तोडकर मुक्ति का द्वार खोल सकते है।

इनके इन सद्गुणो सेवा, करुणा और सहिष्णुता को देखकर उत्तराध्ययन सूत्र (२९०४३) निम्न सूत्र की कामना इनके जीवन के लिये श्री जिनशासन देव से करते है–

"वयावच्चेण तित्थयर नामगोत कम्म निवद्धई

सुन्दरलालजी की सुन्दरता दानशीलता से सुशोभित है

अभयसिह सुराणा

श्री सुन्दरलालजी दुगड का विचार मन मे आते ही मेरे समक्ष उनके पूर्ववर्ती दो महान् दुगड मनीषियो की भव्य एव सौम्य मूर्ति प्रकट हो उठती है – स्वनामधन्य स्व सोहनलालजी दुगड एव स्व भवरलालजी दुगड की, जिन्होने अपनी दानशीलता एव जनसेवा से जुडे कार्यो के कारण पूरे समाज को गौरवान्वित किया है। उसी शृखला मे आज तीसरा नाम जुडा है श्री सुन्दरलालजी दुगड का, जिन्होने अपनी उदात्त सेवाभावना, दानवीरता एव त्यागोत्कर्ष के फलस्वरूप पूरे समाज एव देश मे अजस्र यश अर्जित किया है। स्व सोहनलालजी दुगड के बारे मे सर्व विख्यात है कि उनके पास जो भी याचक जाता था वह मनवाछित सब कुछ सहज ही पाता था। कहा जाता है कि वे भारतीय इतिहास के अविस्मरणीय महान दानवीर भामाशाह के साक्षात् अवतार थे। ऐसा ही यश स्व भवरलालजी दुगड ने भी अर्जित किया था। विद्यमान समय मे हमारे सर्वप्रिय एव सर्वजन हितैषी श्री सुदरलालजी दुगड भी उन्ही दोनो महान् दुगडो के पदचिह्नो पर चलते हुए समाज सेवा के प्राय सभी क्षेत्रो – शिक्षा, स्वास्थ्य, सस्कृति, जनकल्याण के कार्यो मे अपना अप्रतिम योगदान कर रहे हैं। मानव-जीवन से सबधित शायद की कोई ऐसा क्षेत्र होगा जिसमे सुदरलाल दुगड किसी न किसी रूप मे सहयोगी के रूप मे शामिल नही होगे।

श्री सुदरलाल दुगड की विशेषता केवल इस बात मे नही है कि वे महान् दानी है, बल्कि उनकी दानवीरता उनकी विनम्रता, सौम्यता, सुदरता के साथ जुडकर अत्यत महान् बन गई है। भगवद्गीता की यह पक्ति उन पर सटीक बैठती है कि–

दातव्यमिति यद्यान दीयतेऽनुपकारिणे।
देशे काले च पात्रे च तद्दान सात्विक स्मृतत्।।

अर्थात् दान देना अपना कर्त्तव्य है, ऐसे भाव से जो दान देश, काल और पात्र के प्राप्त होने पर प्रत्युपकार न करने वाले को दिया जाता है, वह सात्विक दान है।

अपने नाम की सार्थकता को सिद्ध करने वाले श्री सुदरलाल केवल अपने माता-पिता या परिजनो के लिए ही सुदर लाल नही हैं बल्कि वे पूरे समाज के सुदर लाल है। उन्होंने नामरूपात्मक सृष्टि मे अपने नाम को सार्थक किया है और सुदरलाल केवल सुदर नहीं, बल्कि सुदरतर एव सुदरतम भी है। शास्त्र कहता है कि व्यक्ति की सुदरता तन की सुदरता से नहीं, बल्कि मन की सुदरता से निर्धारित होती है। श्री सुदरलाल के मामले मे हम देखते है कि वे न केवल मन से सुदर एव आकर्षक है, अपितु कर्म से भी अत्यत मनोहर है। उनके सारे सेवार्थ कार्य अत्यत सुदर एव सर्वमान्य हैं। शेक्सपियर ने कहा है कि – Beauty lives with kindness सही अर्थो मे देखे तो सुदरलालजी की सुदरता उनकी दयालुता एव दानशीलता से सुशोभित है।

सुदरलालजी ने समाज हित मे जो कुछ भी किया है वह किसी यशैषणा के वशीभूत नही, बल्कि सहज मानवीय मूल्यो के तहत किया है। यह कर्त्तव्य समझ कर किया है कि प्रत्येक समर्थ व्यक्ति का धर्म है कि वह मानव एव समाज के उन्नयन के लिए यथायोग्य सहयोग करे। इसीलिए सुदरलाल के प्रत्येक कार्य मे एक विनम्र, शालीन, अहकाररहित भाव विद्यमान रहता है।

सुदरलालजी तकदीर के साड है। उन्होने जिस कार्य मे हाथ दिया वही स्वर्ण सदृश्य हो गया। उन्होने अपने परिश्रम एव उद्यम से अजस्र धन अर्जित किया और उसका सदुपयोग भी कर रहे है। उनके द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रो मे किए गए महान् योगदान की सूची को देखकर सहज आश्चर्य होता है कि यह व्यक्ति मन का कितना सुदर एव उदात्त है। बिना किसी प्रत्याशा के जीवन एव समाज के तमाम क्षेत्रो मे वे सहज भाव से सहयोग करते रहे है। यह उनके उन्नत विचारो एव मानवीय हिताकाक्षा को प्रमाणित करती है।

मेरी मान्यता है कि सुदरलालजी के उत्थान मे उनकी पत्नी श्रीमती कुसुमजी दुगड का भी बडा योगदान है। कुसुमजी का सहज स्वभाव, दयाशीलता, परहितकातरता और पति के मनोनुकूल कार्य करने की अदम्य इच्छा देखते ही बनती है।

सुदरलालजी माँ करणी के परम उपासक है और उन पर उनकी असीम कृपा भी रही है। उनकी श्रद्धा भावना ने उन्हे सभी सकीर्णताओ से ऊपर कर दिया है और सभी धर्मो, सप्रदायो एव आस्थाओ के प्रति उनमे समान समादर है।

मै श्री सुदरलालजी की यश से पूरित दीर्घायु जीवन की कामना करता हूँ और यही शास्त्रोक्त अभिशसा करता हूँ कि–

शत जीव शरदो वर्धमान
शत हेमन्ताछतमु वसन्तान्।

सात्विक शिक्षा सम्पन्न

आसकरण सुराणा
देशनोक (बीकानेर)

भरा नही जो भावो से, बहती जिसमे रस-धार नही।
हृदय नही वह पत्थर है, जिसमे करुणा की पुकार नही।।

सफलता का स्वरूप क्या है तथा किसे सफल व्यक्ति कहा जाये, यह एक सामान्य दृष्टिकोण है।

आचार्य चाणक्य ने अपने अमर ग्रन्थ अर्थ शास्त्र मे लिखा कि जो व्यक्ति अपनी बुद्धि से सामान्यो के बीच मे अपनी योग्यता को साबित कर सफलता अर्जित करता है तथा उसे सफल मानते है जो सासारिक वस्तुओ से ऊपर उठ कर सोचते है, ऐसा ही मेरा एक शिष्य है – सुन्दरलाल दुगड।

सुन्दरलाल दुगड का जन्म ५ फरवरी १९५४ को श्री मोतीलालजी दुगड के यहाँ हुआ। इनका लालन-पालन मृदु भाषी, धर्मपरायण, साहसी और कर्त्तव्यनिष्ठ माता सूरजदेवी की देखरेख मे हुआ। प्रारभिक शिक्षा दुगड विद्यालय मे हुई। उसके बाद मे सत्र १९६४-७० तक राजकीय करणी उच्च माध्यमिक विद्यालय मे अध्ययनरत रहे। हमेशा ही अध्ययन मे स्तर सामान्य से निम्न रहा तथा कक्षा सात मे एक बार असफल भी रहे। कक्षा आठ मे सानुग्रह अको से उत्तीर्ण हुए तथा कक्षा ११ मे पूरक परीक्षा मे उत्तीर्ण हुए। परन्तु दुगड अन्य सहगामी गतिविधियो मे जैसे खेल, समाज सेवा, एन सी सी व सास्कृतिक कार्यक्रमो मे अव्वल रहे। इस कारण ही आज वे सफल समाज-सेवी व उद्योगपति है। क्योंकि ये सस्कार उन्हे अपने माता-पिता, परिवार व समाज तथा शाला से हमेशा मिलते रहे। इनके लिए एक कहावत लागु होती है– '''होनहार वीरवान के हीत चीकने पात।'

आपकी इच्छा शक्ति वस्तुत ही कम्पास है जो समताओ और सभावनाओ को इगित करती है। यह एक विद्वान का कथन है कि जो व्यक्ति सफल होना चाहे उसे तीन शक्तिशाली परम अस्त्रो से युक्त होना चाहिए प्रथम, लक्ष्य पर अनवरत एव एकाग्र दृष्टि, दूसरा, उद्देश्य के लिए महत्त्वाकाक्षा एव तीसरा, सफल होने के लिए दृढ-निश्चय और अटूट विश्वास। ये तीनो ही गुण दुगड मे विद्यमान है जिसके कारण निरन्तर सफलता को प्राप्त कर रहा है। सफलता के मूल मन्त्र निम्न हैं–

वह पुरुष धन्य है जो धन होते हुए भी मदहीन तथा विनम्र है परन्तु ऐसे पुरुष ससार मे विरले ही होते है। धन बटोरकर मागना तृष्णा रखना बुरी बात है। ये शब्द भाईजी सुन्दरलाल दुगड के है–

भटक्या देस विदेस, यहाँ कुछ फलहु न पायो।
न कुछ को अभिमान छोड, सेवा चित्त लायो।।

दुगड के पास देश के प्राय सभी भागो से प्रतिदिन अनेको पत्र आते है जिसमे बच्चो की पुस्तके खरीदने के लिए, बच्चो के अन्न और वस्त्र की व्यवस्था के लिए, गायो के घास की व्यवस्था के लिए तथा कन्या के विवाह के लिए आर्थिक सहयोग की प्रार्थना करते है। स्वय दुगड इन पत्रो को पढते है और यथासाध्य सहायता भिजवाने का प्रयत्न करते है तथा निम्न से निम्न स्तर के व्यक्ति के साथ मिलकर उनकी माँग के अनुसार सहायता करते है और खाली हाथ नही लौटाते है। सबसे सहज, शान्त और प्रसन्न परिवार के सदस्यो की भाँति मिलकर बातचीत करते है। दुगड के मुख पर सदैव करुणा, कृतज्ञता और प्रसन्नचित्त भाव रहता है। अपने परिवार के सुजनो की सेवा भावना को अक्षुण्ण रूप मे अपनाये रखने के लिए प्रेरित करते है। अनेक सस्थाओ को वह बाढ, अकाल, भूकम्प, अग्निदाह, दैवी प्रकोपो से पीडित प्राणियो की हमेशा सहायता करने मे तत्पर रहते है। जब आपकी माता को असाध्य बीमारी हो गयी तो सभी काम-काज को छोडकर माता के इलाज हेतु सेवा मे तत्पर रहे।

रिश्ते मे छोटे सभी, माँ से बडा न कोय।
माँ की अनुकम्पा बिना, कोई बडा न होय।।

यह कथन दुगड के है। जब उनकी माता वृक्क रोग से पीडित थी तो अपनी माता को देशनोक से दिल्ले ले गये। वहाँ उन्होने अपोलो अस्पताल मे भर्ती करवाया और दिन-रात उनकी सेवा मे लगे रहे। जब हालात स्थिर रहे तो माता को पुन देशनोक लाकर माता के कहे अनुसार पुनीत कार्यो मे लग गये। किन्तु अपने व्यावसायिक कार्यो को माताजी की अतिम सेवा के आगे उस समय नगण्य माना। अगर कही से भी व्यावसायिक सदेश मिला तो उन्होने अपने अधीनस्थ को यही कहा कि आप ही इन कार्यो को देखे। अभी मेरे लिए माताजी की सेवा ही सर्वोपरि है। ऐसा कहने म मुझे गर्व है कि मेरा प्रिय शिष्य दुगड कर्त्तव्यबोध का ही सहजता से पालन करता है। मै इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

दुगड की सफलता के मूल मन्त्र

लक्ष्य	–	अर्जुन की तरह
ध्यान	–	बाज की तरह
एकाग्रता	–	बगुले की तरह
कडी मेहनत	–	किसान की तरह
नियोजन एव प्रबधन	–	आचार्य नानालालजी की तरह
रफ्तार	–	चीते की तरह
नीद	–	श्वान की तरह
प्रेम भाव	–	स्वामी विवेकानन्द की तरह

वही इन्सान सफल है जो माता-पिता और गुरुजनो का सम्मान करता हो, उनकी सेवा-आदर करता हो, ऐसा उदाहरण मेरे सामने कलकत्ता प्रवास के दौरान देखा गया। जब मै वहाँ गया तो मैंने देखा कि वहाँ पर दुगड से मिलने वाले व्यक्तियो की लाइन लगी हुई थी। व्यवसायी कार्यो वाले व अन्य निजी कार्यो वाले लोग उनसे मिलने आये हुए थे। जब मैंने एक सदेश शिष्य को भेजा तो वह विनम्र भाव से बाहर आकर नत-मस्तक प्रणाम किया और मेरा परिचय मैनेजमेन्ट कमेटी से करवाया। ऐसी विनम्रता शिष्य दुगड मे विद्यमान है तथा गुरुजनो के [illegible] आदर्शो पर चलना, सच्चे अर्थ मे तो यही शिक्षा ली दुगड ने।

दान : अर्थ की सर्वोत्तम गति

कृष्णबिहारी मिश्र, कोलकाता

धनपति की अर्थ-क्षमता के समुचित नियोजन की सर्वोत्तम विधि दान है, ऐसा भारतीय ऋषियो ने निर्देश दिया है और भारत के आर्य चिन्तन का एक मूल्यवान निष्कर्ष यह है कि स्व-कल्याण के लिये लोक-मगल की चिन्ता-चेतना को निरन्तर समृद्ध-पुष्ट करते रहना ही सटीक राह है। किसी भी अर्थ-समर्थ व्यक्ति के जीवन की कृतार्थता का निर्णायक आधार उसकी लोक-कल्याणमूलक भूमिका ही है। उसकी अर्थ-क्षमता कितने बडे मानव-समाज के हित मे नियोजित हुई है, इसी दृष्टि से उसकी जीवनचर्या का मूल्याकन होता है और उसकी महत्ता इतिहास मे टाकी जाती है। स्वनाम धन्य जमनालाल बजाज और काशी के बाबू शिवप्रसाद गुप्त की आर्थिक क्षमता महामना प मदनमोहन मालवीय और महात्मा गाँधी के महत् प्रयोजन से जुड कर धन्य हुई थी और ऐतिहासिक तथ्य है कि खेतडी-नरेश अजीत सिह ने एक युवा सन्यासी स्वामी विदिशानन्द सूर महत रायकृष्ण देव के आध्यात्मिक वारिस स्वामी विवेकानन्द को अपेक्षित आर्थिक सहयोग देकर धन्यता का वह उच्च सोपान उपलब्ध किया था, जिसके सामने बडे-बडो का माथा श्रद्धानत था। भारत का विवेक मानता है कि वही अर्थ-दान महत् दान की कोटि का होता है तो श्रद्धा-नमित होकर दिया जाता है। मूल्यवान निर्देश है–श्रदया देयम। कर्म-धन्य पुरुष वही माना जाता है जिसमे औदार्य और श्रद्धा-भाव सहज होता है। खेतडी-नरेश, सेठ जमनालाल बजाज और बाबू शिवप्रसाद गुप्त के दान-धर्म का महत् है कैशिष्ट्य यही है कि उसका प्रेरक तत्त्व श्रद्धा-भाव था, जिसने उन्हे लोक-वध बनाया। केवल वही श्रीमत कर्म-धन्य और समाज का श्रद्धाभाजन बन पाता है, जिसका अर्थ क्षमता लोक मगल सम्पन्न होता है।

कोलकाता के नव धनाढ्य श्री सुन्दरलाल दुगड के सुकृत्य का वृतात अपने समाज-विशिष्ट राजस्थानी बन्धुओ से सुनकर मेरा मन-आश्वस्त-प्रीत हुआ कि आज के उपभोक्तावाही समाज के उत्पाद के रूप मे खडे सघन और डरावने तमस् के बीच ऐसे उदारमना और जागरुक व्यक्ति है जो भारतीय आदर्श को अपनी जीवन-साधना से रक्षा करने मे श्रद्धया सक्रिय है।

मैंने मित्रो से सुना है कि श्री सुन्दरलालजी का आरम्भिक जीवन कठिन तपस्या और सघर्ष से, अर्थाभाव की ज्वाला से मुठभेड करते बीता है और यह कि आज वे जिस विपुल सम्पदा के स्वामी है वह उनकी स्व-निर्मित है। उज्ज्वल पक्ष है दुगडजी के चरित्र का कि बडी सम्पदा अर्जित करने के बाद भी अर्थाभाव के दश को भूले नही है। इसलिये दम्भ उनकी नैसर्गिक सरलता, नम्रता और सौजन्य पर हावी नही हो सका, उनकी भाषा और आचरणशैली मे एक सहज मानुष ही दिखाई पडता है, सौजन्य जिसका आकर्षक गुण है। वे अर्थ-अक्षम लोगो के प्रति सवेदनशील है।

सामर्थ्य और सहदयता का योग मानव जाति के लिये मागल्य विधायक होता है। सुन्दरलालजी सहदय नव श्रीमत है। अपनी विचक्षणता और श्रम-उद्योग से उन्होने बडी अर्थ-क्षमता अर्जित की है। और अपने इस सौभाग्य को दुगडजी ने लोक के मगल मे नियोजित कर धन की सद्गति का आस्वाद उपलब्ध किया है, अपने सद्कर्म और दान-धर्म से लोक-सम्मान की पात्रता का आधार तैयार किया है। यह आधार और पुण्य-सुमुखता निरन्तर पुष्ट-समृद्ध होती रहे ताकि सामाजिक मूल्यो के सरक्षण-सम्वर्द्धन का आश्वासन कायम रहे।

मेरा कर्म-क्षेत्र भिन्न है। इसलिये अपने शहर के नये समर्थ श्रीमत श्री सुन्दरलालजी दुगड से मेरा नैकट्य और अन्तरग परिचिति नही बन पाई है। महज एक बार १५ जनवरी २००७ को साहित्य-कला-जगत के कृत्री पुरुष के सम्मान मे आयोजित कोलकाता की एक सभा मे उनसे भेट हुई थी। उनकी शराफत ने मुझे स्पर्श किया था। उनकी नम्रता और मृदु व्यावहारिकता ने मुझे इसलिये प्रभावित किया था, क्योंकि ये मानवीय गुण आज विरल है। आज के उपभोक्ता-सभ्यता के अधड मे मनुष्य का शील-पक्ष बेहद कमजोर हो गया है, शालीनता, विनम्रता, शील की स्वच्छता-सादगी को भोग और दम्भ जैसे लील गया हो और घर-बाहर मनुष्य रूप मे दिखने वाला आदमी का सटीक परिचय अमानुष रूप मे दिया जाना सही जान पडने लगा है। मूल्यो की ढाही के इस अधे युग मे मानव-मूल्य और सच्चे मानुष भाव को अपने आचरण और अर्जित शक्ति से अपेक्षित पोषण देनेवाला कोई मनुष्य दिखाई पडता है तो टूटते आश्वासन को एक सहारा मिलता है। अपने राजस्थानी मित्रो, विशेषत प्रेमी मानुष श्री अभयसिह सुराणा तथा मेरे चिरकाल के परिचित भोजपुरिया भाई श्री कृष्ण गोपाल सिन्हा से श्री सुन्दरलालजी के चरित्र के बारे मे जो जानकारी मिली है वह आश्वास्तिवर्द्धक है। मन कामना है मेरी कि ऐसे चरित्रो की सख्या दिनोंदिन बढे, जो सामर्थ्य के साथ सहृदयता का मालिक हो ताकि समाज सच्ची समृद्धि का दावा कर सके।

निष्काम भाव से विवेकपूर्वक किया गया दान ही पुण्य का रूप लेता है, इस सत्य के मर्म का सटीक बोध समर्थ लोगो को होना चाहिये। मनु कहते है– 'दान सम् विभाग '। एरामस्तु।

अजातशत्रु :: श्री सुन्दरलाल दुगड़

अनूपचन्द सेठिया
अध्यक्ष, श्री अरिहन्तमार्गी जैन सघ

खामेमि सच्चे जीवा, सव्वे जीवा खमतु मे।
मित्ती मे सव्वे भूएसु, वैर मज्झ न केणई।।

उपर्युक्त गाथा हर जैन कम से कम साल मे एक वार तो अवश्य उच्चारण करता ही है और कई श्रावकगण प्रतिदिन ही इसका उच्चारण करते है लेकिन श्रीमान् सुन्दरलालजी दुगड ने इसको जीवन मे उतार लिया है।

श्रीमान सुन्दरलालजी दुगड ने क्रोध को जीत लिया है। वे किसी से भी वैर का वदला लेने की भावना नही रखते। ईट का जवाव पत्थर से व चॉटे का जवाब मुक्के से नही देते किन्तु उनके रोम-रोम से करुणा निर्झरित होती रहती है। वे शारीरिक या मानसिक कष्ट देने वाले को भी तहे दिल से क्षमा कर देते है यानि उनका क्रोध उपशान्त हो चुका है। होठ मुस्कुराते है, नयन शीतल झरना निर्झरित करते है, रोम-रोम वात्सल्य वरसाता है। इनके गुणो मे वे निम्न वाक्य को अन्त करण से उच्चरित करते है–

''खामेमि सव्वे जीवा''

श्री सुन्दरलालजी दुगड ने अभिमान को तिलाजली दे दी है। आपके अन्त करण मे प्रेम का सागर हिलोरे लेता है और प्रेम का दीप जगमगाता है। आपके कार्य एव चितन निम्न स्तर के नही है। आपमे अह का रोग नही होने के कारण ही आप अर्ह की यात्रा करने की शक्ति रखते है और इन्ही गुणो वाला व्यक्ति ही किसी से याचना कर सकता है– 'सव्वे जीवा खमतु मे' सभी जीव मुझे क्षमा करे।

आपमे माया नही है, छल, कपट नही है। आप किसी से धोखा खाने के बाद भी उससे मित्रता समाप्त नही करते। आपके किसी भी क्रिया-कलाप से स्वार्थ की वू नही आती। आपने अपनी शक्ति किसी का विध्वश करने मे नही वल्कि निर्माण करने मे लगायी है। आपने किसी की लकीर छोटी नही की वल्कि अपनी लकीर वडी की है। इन्हीं गुणो का धारण करने वाला ही उच्चरित कर सकता है–

''मित्ती मे सव्व भएसु'' सभी जीवों से मेरी मित्रता है।

आपमे लाभ नही है। आप किमी दूसरे का अधिकार नही छीनते है। आपके अन्त करण मे ''वसुधैव कुटुम्वकम्'' की भावना हिलोरें लेती रहती है। आपके लिए कोई पराया नही है और इमीलिए आपका किसी से वैर-विरोध नही है।

''वैर मज्झ न केणई''

अर्थात् आपने चारो कपायो का उपशमन कर लिया है और इसी कारण से उपर्युक्त गाथा आपके जीवन मे उतर गयी है।

देशनोक मे ही नही, वीकानेर जिले म ही नहीं, वगाल मे ही नही वल्कि पूरे भारतवर्ष के सार जैन समाज मे आप जैमा व्यक्तित्व मिलना दुर्लभ है। मै आपका दानवीर की उपमा नहीं देता भामाशाह की उपमा नही देता क्योंकि लोगो ने अपने तुच्छ स्वार्थ की पूर्ति के लिए इन उपमाओ का महत्त्व ही खत्म कर दिया है। मै तो सिर्फ इतना ही कह सकता हूँ कि आप जैन समाज के एक आदर्श है एव आपका अभिनन्दन करके जैन समाज अपने आपको गौरवान्वित अनुभव कर रहा है एव अपने दायित्व का पालन कर रहा है।

राष्ट्र गौरव :: श्री सुन्दरलाल दुगड़

जयचदलाल मिन्नी, कोलकाता

श्री सुन्दरलाल दुगड ने मारवाड की माँ करणी के तीर्थ देशनोक धाम, बीकानेर जिले मे श्री मोतीलाल दुगड के यहाँ जन्म लिया। ओसवाल जैन समाज के इस बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न, प्रखर मेधावी तथा अथक अध्यवसायी व्यक्तित्व ने न केवल अपनी जन्मभूमि एव प्रदेश अपितु समग्र राष्ट्र को अपने बहुआयामी नेक क्रियाकलापो से गौरवान्वित किया है। श्री दुगड उत्कृष्ट समाज सेवी तथा सम्मानित बुद्धिजीवी है। मानवीय अधिकारो एव सरोकारो के प्रबल समर्थक आपका सम्पूर्ण जीवन लोककल्याणकारी कार्यो के लिए समर्पित है।

आप अनेक रूपो–प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से लोकोपकारी गतिविधियो से घनिष्ठ रूप से सवद्ध है। श्री श्वेताम्वर स्थानकवासी जैन सभा, कोलकाता के शिक्षा, सेवा एव साधना के बहुआयामी सर्वजन-हित कार्यो से प्राणपण से जुडे है। विद्यालय, हॉस्पीटल, कॉलेज आदि कार्य आपके सक्रिय सहयोग से निरन्तर प्रगति पथ पर आरूढ है।

आप एक सफल भवन निर्माता, लब्धप्रतिष्ठ उद्योगपति एव ख्यातिप्राप्त व्यवसायी है। मरुधरा के इस सपूत ने राजस्थान के अतिरिक्त पश्चिम बगाल तथा अन्य प्रदेशो में निस्पृह, निष्काम एव कमलवत निर्लिप्त रहते हुए अत्यन्त उदारतापूर्वक विना किसी यश, कीर्ति एव प्रशसा के उदार एव उदात्त भाव से सहयोग देकर अपने जीवन को ही कृतार्थ नही किया है वरन् अपनी जन्मभूमि को धन्य बनाया है। एमी तप पूत आत्मा को हमारा अशेष साधुवाद। आप दीर्घायु एव यशस्वी हो, यही हार्दिक कामना।

गीत

(राग माढ) रचयिता सुश्री कल्पना जैन

सुन्दर, सुन्दर, सुन्दर, सुन्दर
सुन्दर थारो नाम ।
वीकाणे री धरती जाम्या,
दुगड कुल मे थे हो जाम्या
माँ करणी रे धाम ।। म्हाने आछा लागोसा
म्हाने चोखा लागोसा सैन वाला लागोसा
तन स्यू सुन्दर, मन स्यू समुदर, मधरा मधरा वाल ।
मान मरोड न राई रत्ती, जाणा मिनखा माल ।। म्हाने आछा लागोसा
म्हाने चोखा लागोसा सैन वाला लागोसा
भामाशाह री खोड खुडाई, दुगड़ मोहनलाल ।
वाँरै पथ पर थे हो चाल्या मोती-सुरज लाल ।। म्हाने आछा लागोसा
म्हाने चोखा लागोसा सैन वाला लागोसा

श्री सुन्दरलाल दुगड़ : उदारता एवं विनम्रता के पर्याय

डॉ० प्रेमशकर त्रिपाठी

यद्यपि श्री सुन्दरलालजी दुगड से मेरा व्यक्तिगत सम्पर्क नही है परन्तु उनकी उदारता एव विनम्रता से मै सुपरिचित हूँ। इन गुणो के कारण समाज मे उनकी अपार प्रतिष्ठा है।

समाज मे वही व्यक्ति समादृत होता है, जो क्षेत्र-विशेष मे विशेषज्ञता हासिल कर लोक-मगल के लिए स्वय को समर्पित करता है। सुन्दरलालजी ने कठिन परिश्रम एव निष्ठा से उद्योग एव व्यवसाय के क्षेत्र मे शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। अपने उपार्जित धन के एक भाग को समाज-कल्याण के लिए मुक्त-मन से समर्पित कर वे कृतकृत्यता का अनुभव करते है। शिक्षा, चिकित्सा, धर्म तथा लोककल्याण के विभिन्न क्षेत्रो को उन्होने अपनी उदारता से परिपुष्ट किया है। अगणित सस्थाएँ, अनगिनत सेवा-प्रकल्प तथा अनेकानेक योजनाएँ उनके सहयोग से गतिशील है।

शास्त्रो मे धन की तीन गतियाँ बताई गई है–दान, भोग और नाश। गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा भी है – 'सो धन धन्य प्रथम गति जाकी'। यानी वही धन श्रेष्ठ है, जो अपनी सर्वोत्तम गति (दान) प्राप्त करता है। इस दृष्टि से सुन्दरलालजी धन का सर्वोत्तम उपयोग कर अपनी विवेक दृष्टि का परिचय दे रहे है। उनकी खासियत यह है कि वह उदारता, विनम्रता से समन्वित है। अह का भाव उनमे लेश-मात्र भी नही है। अपनी सदाशयता से वे सबको प्रभावित कर लेते है। आमतौर पर ऐसा देखा जाता है कि उदारमना कहे जानेवाले लोग वाणी से, कर्म से तथा अपनी देह-भाषा (Body language) से अपनी श्रेष्ठता प्रमाणित करने को उद्यत रहते है, परन्तु उसके विपरीत सुन्दरलालजी को जिस किसी सामाजिक-सास्कृतिक आयोजन मे देखा है, उनकी मिलनसारिता तथा विनयशीलता को मैंने सदैव लक्षित किया है। मृदुभाषी, मितभाषी और मिष्ट भाषी सुन्दरलालजी को देखकर तथा मित्रो से उनकी दानशीलता की बाते सुनकर एक दोहा याद आ रहा है–

दया धरम हिरदै बसै, बोलै अमरित बैन ।
तेई ऊँचे जानिए, जिनके नीचे नैन ।।

भर्तृहरि के 'नीति-शतक' के एक श्लोक मे परोपकार पद्धति का विश्लेषण करते हुए कहा गया है कि जिस प्रकार फलो से लदने पर वृक्ष झुक जाते है, नवीन जल से परिपूर्ण मेघ भी पृथ्वी पर झुक-झुककर विहार करने लगते है, उसी प्रकार सज्जन पुरुष भी ऐश्वर्य सम्पन्न होने पर विनम्र हो जाते है। सदैव विनम्र रहना परोपकारियो का स्वभाव है–

भवन्ति नम्रास्तरव फलोद्‌गमै–
नंवाम्बुभिर्भूमिविलम्बिनो घना ।
अनुद्धता सत्पुरुषा समृद्धिभ
स्वभाव एवैष परोपकारिणाम ।।

कहने की आवश्यकता नही कि श्री सुन्दरलालजी दुगड के सदर्भ मे भी यह श्लोक सार्थक है। प्रभु की कृपा उन पर अनवरत बरसती रहे तथा समाज-कल्याण की भावना अधिक बलवती होकर उन्हे अनत कीर्ति प्रदान करे, अभिनदन समारोह पर यही मगल कामना है।

"वैष्णव जन तो तेने कहिए जे, पीड़ पराई जाबे रे"

जिदगी स्वय ही प्रेरणा स्रोत बन जाती है औरो के लिए एव भोगा हुआ यथार्थ जीवन को सद्‌कर्मों की ओर प्रवृत्त करने का प्रकाश स्तम्भ। जी हाँ, मैं सुदरलालजी दुगड के सन्दर्भ मे इन पक्तियो को गुनगुना रही हूँ। परोपकार और समाज सेवा के लिए जीवनानुभवो ने ही उनको प्रेरित किया कुछ रचने के लिए कर्मठ, उद्यमी, सुन्दरलालजी दुगड को। मरुधर राजस्थान के रेतीले ग्राम देशनोक मे जन्मे सुन्दरलालजी को शिक्षा, स्वास्थ्य एव रोजगार इन तीनो क्षेत्रो मे सहयोग देने की यह प्रेरणा दी उन्ही के अपने जीवन ने। अर्थ के अभाव मे जीवन अर्थहीन न हो यही उनका मकसद था। स्वय कष्ट सहे बिना दूसरो के कष्टो का अनुभव जीवन मे नही होता। कम वय मे ही आपका विवाह उन्मुक्त वातावरण मे पली-बढी कान्वेट सुशिक्षिता कन्या से हुआ। सयुक्त परिवार का ग्रामीण परिवेश, सयुक्त परिवार की अपनी विडम्बनाओ के बीच जीवन से तालमेल बिठा पाना जब असहज हो गया तब सपत्नीक कलकत्ता आगमन हुआ। निजी व्यवसाय आरम्भ हुआ। इसी दौरान उनकी कन्या 'रूपरेखा' का जन्म हुआ। कन्या 'मेन्टली वीक' हुई। आर्थिक तगी के दिन। परिवार वालो से भी असहयोग। फलत समय से कन्या की समुचित चिकित्सा नहीं हुई। तीन-चार वर्ष के पश्चात् समर्थ होने पर इलाज हुआ किन्तु पत्नी के मन मे एक गहरा विक्षोभ था जो सम्पूर्ण जीवन मे दश देता रहा। माता-पिता के प्यार को पाने की एक नन्ही ी चाहत अन्तत पूरी हुई उनके अस्वस्थता के समय। माँ का आशीर्वाद प्रतिफलित हुआ उनके श्रीसमृद्धि की वृद्धि मे। पुत्री, माता-पिता की चिकित्सा के दौरान तय किया कि यदि चिकित्सा के लिए कोई सहयोग माँगेगा तो यथाशक्ति सहयोग देगे। इसी विचार के तहत देशनोक मे चिकित्सालय बनवाया। बीकानेर के सरकारी अस्पताल मे ३० बेड का वार्ड बनवाया और साथ ही अनेकानेक चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध करवाईं।

तीसरा प्रण हुआ विकलाग बच्चो की देखभाल की व्यवस्था के सहयोग एव वयोवृद्धो की देख-रेख के लिए वृद्धाश्रम की स्थापना। इस सम्पूर्ण यात्रा के पीछे बुनियाद के रूपरेखा की दयालु प्रवृत्ति थी।

कहते हैं ना कि दर्द को स्व से निकालकर पर की पीडा की अनुभूति के रूप मे लेते हैं वही श्रेष्ठ होता है। उद्योग-धधो मे सफलता तो बहुतो को मिलती है किन्तु पहचान उसी की होती है जो औरो के लिए जीता है। यही तो पहचान है दुगडजी की।

माला बैद

प्रधानाध्यापिका, जैन शिक्षालय,

मणिकांचन संयोग

सुरेन्द्रकुमार बाँठिया

श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा, कोलकाता

समाज रत्न भाई सुन्दरलालजी दुगड का अभिनदन समारोह वस्तुत उनके गुणो का ही अभिनदन है। एक स्वनिर्मित व्यक्ति के रूप मे आपने अथक परिश्रम अध्यवसाय एव दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपने को एक व्यवसायी से ऊपर उठाकर उद्योगपति के रूप मे प्रतिष्ठित किया। उन्होंने व्यवसाय और उद्योग के जिस क्षेत्र मे हाथ डाला, सफलता अर्जित की। अपने अर्जित धन का सदुपयोग वे उसकी उत्तम गति मे ही करते है। धन की उत्तमगति है दान। सुन्दरलालजी ने कल्पवृक्ष की भाँति विभिन्न सस्थाओ, विद्यालयो, वृद्धाश्रमो, अस्पतालो, परमार्थिक सस्थानो, उपाश्रयो, धर्मस्थलो, छात्रावासो आदि के निर्माण से लेकर उसे पुष्पित और पल्लवित करने का प्रयास किया। उनकी सबसे बडी रूचि विद्यार्थियो की उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति और आर्थिक सहयोग देने मे है। उनकी धारणा है कि उस सहायता से छात्र आत्म-निर्भर होकर भविष्य मे अपनी और राष्ट्र की सेवा कर सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर सहायता-दान और सेवा को ध्यान मे रखकर राजस्थान परिषद् के तत्त्वावधान मे उन्हे भामाशाह सम्मान से सम्मानित किया गया।

भाई सुन्दरलालजी दानवीर तो है ही परन्तु उसमे सोने मे सुगध का कार्य करती है उनकी विनयशीलता। असहाय, रोगी, परेशान, निराश व्यक्ति जब उनसे मिलता है तो उसकी हर तरह से सहायता करके उसमे पुन आशा की किरण जगा देते है। ऐसे निरभिमानी, विनयी व्यक्ति की शीतलता के सन्मुख सभी नत मस्तक हो जाते है।

भाई सुन्दरलालजी ने 'ना' कहना तो सिखा ही नही। नैपोलियन की तरह उनके शब्दकोष मे 'असम्भव' और 'ना' है ही नही। मुझे भाई सुन्दर के साथ कई सामाजिक सस्थानो मे कार्य करने का मौका मिला। उनके साथ काम करने का मजा ही और है। यदि काम (Project) उनकी समझ मे आ जाये और कार्य को करने वाले पर उनका विश्वास हो तो वे तुरन्त ही आर्थिक अनुदान हेतु तत्पर हो जाते है।

अद्भुत कार्यक्षमता, कुशल प्रबन्ध क्षमता युक्त सुन्दरलालजी कार्य मे आने वाली हर बाधाओ का बडी आसानी से निराकरण कर देते है।

भाई सुन्दरलालजी मे एक अद्भुत विशेषता यह भी है कि उनका सम्बन्ध राजनेताओ, उच्च अधिकारियो, राजनैतिक अधिकारियो से जैसे है वैसे ही उनका सम्बन्ध साधारण लोगो, जरुरतमदों से भी है। वे उनके साथ कोई अनादर का व्यवहार नही रखते। यह उनके समता दृष्टि का परिचायक है। सभी से प्रेम से मिलना, मद-मुस्कान, मृदु भाषिता और शालीनता उनके गुणो मे चार चाँद लगा देते है।

वस्तुत उनका यश अक्षुण्ण है। उनका यश शरीर युगो-युगो तक स्मरणीय रहेगा। आज समाज उनका अभिनदन कर रहा है। वस्तुत समाज अभिनंदित हो रहा है उनके गुणो का अभिनदन कर हम आने वाली पीढी को उन गुणो का अनुसरण करने की प्रेरणा देंगे।

सुन्दरलालजी स्वस्थ रहते हुए शतायु हो और समाज को अपने अक्षय निधि से इसी प्रकार अनुदानित करते रहे। समाज को उनसे और उनके सुपुत्र श्री विनोदकुमार दुगड से काफी उम्मीद है। आशा है उनके गुणो और दान की श्रीवृद्धि उनके सुपुत्र करते रहेंगे। [illegible] वस्तुत [illegible] है।

जन-जन के हृदय सम्राट

चादमल बरडिया, उपाध्यक्ष

कर्मठ सुश्रावक श्री सुन्दरलाल दुगड जिनके जीवन की विशषताओ का वर्णन शब्द नही अपितु उनके कार्य स्वय बतलाते है। आप उद्योगपति होते हुए भी सरल स्वभावी, परोपकारी एव दयालु है। आप जरुरतमदो को बिना किसी भेदभाव के मन मे अच्छे विचार रखते हुए सहयोग देकर उपकार करते है तथा साधार्मिक भक्ति के प्रति आपकी विशेष रुचि है। आपने धार्मिक, सामाजिक एव सेवा क्षेत्र मे महत्त्वपूर्ण कार्य किये है जो सदैव स्मरणीय रहेगे। आप तन-मन-धन से सस्थाओ को सहयोग प्रदान कर उनको उन्नति की ओर ले जाते हुए पुण्योपार्जन करते है। आप शिक्षा प्रेमी है, मानव सेवा मे आपकी विशेष रुचि है, साथ ही धार्मिक क्षेत्र मे भी आप अपना सहयोग प्रदान करते रहते है। विनम्रता, प्रेम, विनय आपके जीवन के अभिन्न अग है जो आपको ऊँचाइयो के शिखर पर ले जा रही है। आप दृढविश्वासी, वाणी के पक्के, कर्मठ एव सरल स्वभावी है। व्यापार मे आपने अनेको बिल्डिगो का निर्माण करवाकर समाज व जनता को आवास-निवास की सुविधाएँ उपलब्ध करवायी है जो जीवन-निर्वाह के लिए अत्यन्त आवश्यक है। आपकी विश्वसनीयता ही व्यापार जगत मे चार चाँद लगा रही है और यही कारण है कि बिल्डीग प्रमोटरो मे आर डी बी समूह अपना विशेष स्थान रखती है। जो भी प्रोजेक्ट आप लाते है उद्घाटन के दौरान ही सम्पूर्ण बुकिग हो जाती है। एन टी सी जैसी रुग्ण कम्पनी का अधिग्रहण कर उसे लाभ मे लाकर सचालन करना आपकी कार्य कुशलता का परिचायक है। अहकार, विज्ञापनबाजी, प्रदर्शन आदि आपके जीवन से कोसो दूर हैं। विनम्रता एव सरलता ही आपके जीवन का अभिन्न अग है। यही कारण है कि आज सैकडो सस्थान आपके अभिनन्दन करने को लालायित है। आपके जीवन की यह सबसे बडी उपलब्धि है। राजनैतिक क्षेत्र मे सक्रिय न होने के बावजूद आपका इतना प्रभाव है कि सभी कार्य बिना किसी कठिनाइयो के निष्पादित हो जाता है। श्री अपार्टमेन्ट की छत पर आपने मन्दिर बनाने मे अभूतपूर्व सहयोग, यह आपकी विशुद्ध धर्म भावना का प्रतीक और पुण्याई का फल है।

प्रारम्भ से ही आप जैन श्वेताम्बर श्रीसघ के सक्रिय एव आजीवन सदस्यो मे से है तथा अविभाज्य अग भी। श्री सम्मेदशिखर महातीर्थ मे निर्मित इसकी शाखा "भोमियाजी भवन" मे आप शुरू से ही तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करते रहे है। आपकी बराबर यही भावना रही कि तीर्थयात्रा मे पधारे हुए श्रद्धालु भक्तो की सुविधाजनक आवास-निवास एव भोजन की सुन्दर व्यवस्था हो। होली के पुनीत अवसर पर प्रतिवर्ष फाल्गुन सुदी १५ को आपकी तरफ से साधार्मिक भक्ति का आयोजन रखा जाता है जिसमे हजारो लोग इसका लाभ लेते है। १२००० वर्ग फीट की विशाल भोजनशाला निर्माण मे तथा धर्मशाला के विकास मे आपकी सेवा व सहयोग सदैव स्मरणीय रहेगा। वर्तमान मे आप संस्था के संयुक्त अध्यक्ष का भार सम्भाले हुए है। आपके मार्गदर्शन एव सहयोग से संस्था निरन्तर उन्नति की ओर अग्रसर होगी, यही आशा रखते है।

प्रभु से यही मगल कामना है कि आपकी सरलता, परोपकारिता, दया भावना आदि सुन्दर विचारो को कायम रखते हुए आपके विचारो का इतना सुदृढ [illegible] जन-जन के हृदय मे समा जाये।

सरस्वती उपासक, लक्ष्मी पुत्र

चिमनलाल ओस्तवाल, सयोजक
श्री गणेश जैन छात्रावास, उदयपुर

लक्ष्मी और सरस्वती का निवास एक साथ हो, यह प्राय देखने-सुनने मे कम ही आता है किन्तु आदरणीय श्री सुन्दरलालजी दुगड इसके अपवाद है। इनमे मणि-काचन का यह योग है। पुण्य कर्मों के पुण्योदय और स्वय के पुरुषार्थ से अल्प समय और अल्पायु मे ही अथाह सम्पत्ति अर्जित कर जहाँ एक ओर आप लक्ष्मी पुत्र है वही दूसरी ओर अपनी इस प्रचुर धन राशि का विनियोजन उदारता पूर्वक विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र मे जिस द्रुत गति से कर रहे है उससे यह स्थापित होता है कि आप सच्चे अर्थो मे सरस्वती के उपासक हैं।

श्री गणेश जैन छात्रावास के सयोजक पद का कार्य निर्वहन करते हुए मेरे मन मे सदैव इस बात की विडम्बना रही कि विगत कुछ वर्षों से छात्रावास का कोई भी भौतिक विकास सम्बन्धी कार्य नही हुआ है, इतना ही नही छात्रावास मे रहने वाले छात्रो के लिए प्रार्थना एव सामायिक करने का उपयुक्त स्थान भी नही है। अत मैंने अपने कार्यों की प्राथमिकता मे यह सम्मिलित किया कि छात्रावास के सयोजक पद पर रहते हुए इस वर्ष छात्रावास मे सामायिक हॉल का निर्माण अवश्य करवा सकूँ। मै अपने इस दृढनिश्चय के साथ ही आचार्य श्री रामेश के इन्दौर चातुर्मास मे पहुँचा और जब मैंने अपनी इस भावना को आदरणीय श्री सुन्दरलालजी सा दुगड के सामने रखी तो आपने तत्काल ही मेरे द्वारा इस कार्य हेतु मागी गई सम्पूर्ण ५ लाख की राशि अपनी ओर से देने की न केवल स्वीकृति प्रदान की वरन् कुछ ही समय मे आपने यह सम्पूर्ण राशि भी हमे भिजवा दी जिससे हमारे कार्य का उत्साह द्विगुणीत हो गया और मात्र ६ माह की अल्पावधि मे ही इस सामायिक हॉल का निर्माण पूर्ण हो सका। वर्तमान मे यहाँ ८५ छात्र नियमित प्रार्थना एव सामायिक की आराधना कर रहे है। इस धार्मिक कार्य हेतु पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करने का जो पुण्यार्जन आदरणीय दुगड सा ने अर्जित किया है उसके लिए निश्चय ही आप साधुवाद के पात्र है।

आप सच्चे अर्थो मे सरस्वती पुत्र हैं। शिक्षा के प्रति अनुराग का ही परिणाम है कि छात्रावास के कई जरुरतमद छात्रो को न केवल छात्रावास शुल्क वरन् कॉलेज शुल्क भी आपने अपनी ओर से प्रदान किया है। मैने सदैव यही पाया है कि शिक्षा, सेवा, चिकित्सा और जरुरतमदो को सहयोग करने मे आप सदैव अग्रणी रहते हैं। आप जैसे उदारमना व्यक्ति की जितनी प्रशसा की जाए उतनी कम है। मैं स्वय अपनी ओर से तथा छात्रावास प्रबध समिति की ओर से आपके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ और भविष्य मे भी आपसे ऐसे सहयोग की कामना करता हूँ।

आप जैसे उदारमना व्यक्ति का अभिनन्दन कर हम गौरवान्वित है। आप सदा निरोग रहे और शतायु हो – यह प्रभु से मगलकामना है।

सरल व्यक्तित्व सम्पन्न

डॉ सागरमल जैन
पूर्व निदेशक, पार्श्वनाथ विद्यापीठ, वाराणसी

श्री सुन्दरलालजी दुगड से मेरा परिचय श्री सरदारमलजी काकरिया के कारण हुआ है। विगत कुछ वर्षों से शिक्षा, सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र मे जिस उदारता के साथ सुन्दरलाल दुगड ने अर्थ सहयोग दिया वह सदा-सदा के लिए चिरस्मरणीय रहेगा। आपके अनुदान से अनेक शिक्षण सस्थाएँ सस्थापित हुई हैं, पल्लवित हुई है और निरन्तर गतिमान हैं। अनेक जरूरतमद व्यक्तियो को जाति-सम्प्रदाय भेद से ऊपर उठकर आपने सम्बल प्रदान किया, इस हेतु आप निश्चय ही साधुवाद के पात्र है।

श्री सुन्दरलालजी दुगड़ के सरल व्यक्तित्व का एक प्रसग मेरे मानस-पटल पर अकित है, जिसे मै यहाँ उल्लेख करना चाहता हूँ। तीन वर्ष पूर्व श्री सुन्दरलालजी दुगड का अपने कुछ साथियो एव श्री सरदारमलजी काकरिया के साथ उदयपुर आने का प्रसग बना था तब मेवाड क्षेत्र के विभिन्न सभागो की अनेक सस्थाओ को श्री सुन्दरलालजी दुगड ने लाखो रुपये का अनुदान दिया था। उस समय सयोगवश मै भी उदयपुर मे ही था। मैं अपने शिष्य डॉ सुरेश सिसोदिया के साथ श्री सरदारमलजी काकरिया से मिलने जहाँ वो ठहरे थे उस होटल पर गया। वहाँ श्री सुन्दरलालजी दुगड भी ठहरे हुए थे किन्तु जब मै गया तब वो किसी अन्यान्य समारोह मे व्यस्त होने के कारण वहाँ नहीं मिल पाए, तब मैंने वहाँ उनके साथियो को अपनी यह भावना प्रकट की कि सम्पूर्ण भारत मे जिस उदारता के साथ श्री सुन्दरलालजी विभिन्न सस्थाओ और व्यक्तियो को अर्थ सहयोग दे रहे है यदि आगम-अहिंसा, समता एव प्राकृत सस्थान को भी ५ लाख रुपये का अनुदान दुगड सा द्वारा प्राप्त हो जाये तो सस्थान के नवीन साहित्य प्रकाशन करने की जो अर्थ की आवश्यकता सस्थान को है उसकी पूर्ति होकर सस्थान अच्छा कार्य कर सकती है। मैं तो यह भावना उनके साथियो को कह कर प्राय भूल चुका था किन्तु मुझे तब आश्चर्य हुआ कि सायकाल जब मै डॉ सुरेश के घर खाना खा रहा था तो श्री सुन्दरलालजी दुगड का सुरेश के मोबाइल पर फोन आया और उन्होने सुरेश से कहा कि डॉ साहब मुझसे मिलने आये और मै नही मिल सका, इसका मुझे बेहद अफसोस है किन्तु सुरेशजी आप डॉ साहब को बता देना कि उनकी भावनारूप राशि मै आगम सस्थान को शीघ्र ही भेज दूगा। सुरेश से यह कर कर उन्होने मुझसे भी बात की किन्तु अपनी निस्पृहीवृत्ति के कारण उन्होने सिर्फ मेरे स्वास्थ्य आदि के बारे मे सामान्य बातचीत की किन्तु आगम सस्थान को सहयोग राशि देने का कोई जिक्र उस वार्ता मे उन्होने नही किया। यह सुन्दरलालजी दुगड के उदारमना सरल व्यक्तित्व होने का मेरे लिए प्रत्यक्ष अनुभव था। कुछ दिनो बाद ही मुझे सुरेश से पता चला कि श्री सुन्दरलालजी दुगड ने वह ५ लाख रुपये की राशि कुछ ही दिनो मे आगम-अहिंसा, समता एव प्राकृत सस्थान को भिजवा दी। ५ लाख राशि के अनुदान का जिक्र करना मेरी लेखनी का विषय नही है किन्तु जिस निस्पृही भाव से सुन्दरलालजी दुगड ने न केवल आगम सस्थान को वरन् ऐसे ही अन्यान्य सस्थाओ एव व्यक्तियो को जो सहयोग एव सम्बल प्रदान किया है, कर रहे है और उसको स्मरण करते हुए अपनी ओर से उन्हे साधुवाद देते हुए परमपिता परमेश्वर से मगल कामना करता हूँ कि वे सस्वस्थ दीर्घायु हो तथा अपने पुरुषार्थ से अर्जित सम्पत्ति का विनियोजन इसी प्रकार सृजनात्मक कार्यो मे करते रहे, इसी शुभ भावना सहित।

ईश्वर की सर्वोत्तम कृति श्री दुगड़

कृष्णगोपाल सिन्हा
कोलकाता

दुगड जी से मेरा परिचय सन् १९८२ मे एक छोटे भाई के रूप मे हुआ और यह सम्बन्ध दिन प्रतिदिन घनिष्ठ होते हुए कव अभिन्न हो गया, याद नहीं। हम दोनो के अपने व्यक्तिगत जीवन मे अनेक उतार-चढाव आये, पर उनके कारण हमारे सम्बन्धो को कभी खटास-मिठास का अनुभव नही हुआ। विगत २५ वर्षो के भीतर दुगड जी के जीवन मे भी अनेक उतार-चढाव आये, पर कभी भी मैंने कष्ट के समय उन्हे वहुत दु खी या निराश होते हुए एव सुख के समय अति खुश होते हुए नही देखा। दुगडजी को मैंने सम्पन्नता-अभाव, सुख-दु ख सफलता-विफलता सव समय एक भाव मे मस्त पाया। गीता के अनुसार परिणाम से निश्चित होकर कार्य मे लगे रहना, परोपकार करते रहना, दुगडजी का स्वभाव है, जीवन दर्शन है।

दुगडजी जैन धर्मावलम्वी है, केवल जन्म से नही अपितु कर्म से भी। भगवान महावीर ने अपने अनुयायियो को पाँच महाव्रतो का उपदेश दिया है। ये पाँच महाव्रत है– अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह एव व्रह्मचर्य। अहिंसा का अर्थ है किसी जीवधारी को कष्ट न पहुँचाना, सत्य का अर्थ है असत्य से दूर रहना, अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना, अपरिग्रह का अर्थ है सपत्ति का सचय न करना, व्रह्मचर्य अर्थात् इन्द्रियो पर नियत्रण रखना। किसी ससारी व्यक्ति के लिए इन व्रतो का कठोरता पूर्वक पालन करना वहुत मरल नही है, पर मैंने देखा है कि दुगड जी अपने कर्म और व्यवहार मे इन मार्गो पर चलने का मदा प्रयास करते है।

दुगडजी एक साधारण व्यक्ति से सम्पन्नता और व्यक्तित्व की वुलन्दी पर पहुँचने मे सफल हुए है। उनकी इस सफलता मे उनका सबसे वडा साथी उनका श्रम, उनकी कर्मठता और उनका आकर्षक व्यक्तित्व रहा है। अपने आचरण और व्यवहार से किसी को अपना वना लेना दुगडजी के व्यक्तित्व की सबसे वडी विशेषता रही है। आदमी वडा हो [illegible] छोटा [illegible] सबको समान सम्मान देना दुगडजी के लिए ही सम्भव है। अपने इन्ही सद्गुणो एव कर्मठता के कारण कभी पीछे मुडकर नही देखा।

गाँधीजी कहा करते थे कि यदि तुम एक रुपये का रोजगार करते हो तो याद रखो उसमे से १२ आना समाज का है। दुगडजी ने गाँधीजी के इस अर्थशास्त्र को अपने जीवन मे मूर्तरूप से उतारा है। दुगडजी धन की तीनो गतियो के वारे मे भी ठीक जानते है, अत वे चचला लक्ष्मी को कैद कर रखना नहीं चाहते है। यही कारण है कि दोनो हाथो से समाज कल्याण के क्षेत्र मे अपनी कमाई का वडा भाग खर्च कर देते है। वे जानते है कि धन का उपयोग सदुपयोग मे है।

कविवर पत ने मनुष्य को प्रकृति या ईश्वर की सर्वोत्तम कृति कहा है। मनुष्य अपने बल-विद्या-बुद्धि, सुन्दर शरीर के कारण सुन्दर नही है, बल्कि वह अपने मानवीय गुणो के कारण सुन्दर माना जाता है। मेरे मित्र सुन्दरलाल दुगडजी अपने मानवीय गुणो के कारण ही ईश्वर की कृति का एक सुन्दर उदाहरण है। इनके स्वभाव की सरलता, वाणी की नम्रता, मन की दानशीलता, सबसे बढकर इनका अभिमान रहित व्यवहार इन्हे कविवर पन्त का सुन्दरतम मानव बना देता है। अपने व्यवसाय से भी अधिक ध्यान सामाजिक कार्यो के लिए देना इनका स्वभाव है। कोई भी जरूरतमद व्यक्ति इनके द्वार से निराश होकर नही लौटता। इन्होने विद्यालया, छात्रावासो, मन्दिरो, अनाथालयो, अस्पतालो का निर्माण करवाया है तथा अनेक लोगो को इन कार्यो के लिए सहयोग भी किया है। सुदूर क्षेत्रो मे इनकी सहायता से अनेक सस्थाये निर्मित हो रही है और चल रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र मे दुगड का अतुलनीय सहयोग रहा है।

अन्त मे मै अपने इस कर्मठ परोपकारी, सुहदय मित्र के दीर्घ सफल जीवन के लिए ईश्वर से शत-शत विनय करता हूँ।

एक सजीव ग्रन्थ

डॉ शुभकरण बोथरा, कोलकाता

अग्रणी उद्योगपति, सुप्रसिद्ध समाजसेवी और यशस्वी दानवीर श्री सुन्दरलालजी दुगड अपने आपमे एक सजीव ग्रन्थ हैं जिसके सिर्फ कुछ पृष्ठो पर मै प्रकाश डालना चाहूँगा।

श्री दुगड से मेरा परिचय मेरे जीजाजी स्व भवरलालजी लूनिया ने १९८५ मे करवाया था जब मैं फ्लैट के विषय मे उनके हावडा निवास मे मिलने गया था। तब मुझे वे अत्यन्त सरल, सादगीपूर्ण एव सहयोगी प्रकृति के इसान लगे।

सन् १९८८ मे मेरी भानजी (सुपुत्री श्री कन्हैयालालजी लूनिया) की शादी के लिए श्री अपार्टमेन्ट, हावडा का हॉल आपने रात-दिन एक करके समय से पूर्व तैयार करवा दिया था। उन दिनो आप भोजन भी सिर्फ एक समय करते थे। मुझे लगा कि आप मेरे बाबाजी स्व मूलचन्दजी बोथरा की तरह बहुत ही कर्मठ व्यक्ति है।

कुछ वर्षो बाद आपने अपने लडके और लडकी की शादी खूब धूमधाम से की, ऐसी शादियाँ मैंने पहले कभी नही देखी। ऐसा भव्य और विशाल आयोजन हुआ जिसमे समूचे बीकानेर जिले के प्रवासी बधुओ के अलावा देश के कोने-कोने से लोग पधारे।

आपकी सर्वविदित दानशीलता के बारे मे तो जितना कहा जाय, उतना ही कम है। सामाजिक, सास्कृतिक, धार्मिक, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि हर क्षेत्र मे आपने अपनी अमिट छाप छोडी है। हर धर्म, सम्प्रदाय, प्रान्त, सस्था आदि के लोग सेवा कार्यों के लिए सर्वप्रथम आपको स्मरण करते है। आपने कोलकाता मे मद बुद्धि वाले बच्चो के लिए एक वार्ड बनाया है जो विशेष रूप से सराहनीय एव अनुकरणीय है क्योंकि मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र मे सेवाकार्यों का अभी तक बहुत ही अभाव है, यद्यपि मानसिक अस्वस्थता एक बहुत बडा अभिशाप है, सबसे बडी विकलागता है।

आपकी धर्मपत्नी श्रीमती कुसुमदेवी दुगड मे भी सेवाकार्यों के प्रति अत्यधिक रुचि है और दान करने की असीम आकाक्षा-अभिलाषा है।

अपनी पुत्री रूपरेखा के प्रति आपका अगाध स्नेह अद्वितीय है। जन्म से मूक व बधिर होने के बावजूद वह मुझे फोन करके अपनी तकलीफ बता सकती है तथा सुन भी सकती है। यह आपका वात्सल्य ही है जिसने असभव को सभव बना दिया है। ससुराल जाने के बाद भी तेज बुखार होने पर आप उसके पास बैठकर पट्टी कर सकते है, ऐसा दृश्य अन्यत्र दुर्लभ है।

आपने अपने पूज्य माता-पिता की सेवा मे कोई कसर नही रखी, यह सबको मालूम है लेकिन यहाँ मै यह भी बताना चाहता हूँ कि आपने अपने ससुरजी को भी पिता तुल्य समझ उनकी जो सेवा की, वह सचमुच ही अवर्णनीय है। आप अपने परिवार, भाई-बहिनो, सगे-सबधियो और गाँव वालो का भी पूरा ख्याल रखते है। सबसे छोटे भाई व उसकी बहू को आप अपने बच्चो की तरह समझते है।

आपने एक साधारण व्यक्ति के रूप मे अपनी जीवन-यात्रा शुरू की तथा बिना किसी सहारे के अपने अदम्य साहस, परिश्रम और लगन से एक असाधारण एव अविस्मरणीय व्यक्ति बन गये। आप युवा उद्यमियो के लिए हमेशा प्रेरणा के अजस्र स्रोत बनकर रहेगे। आपमे नाम व पद का लालच भी नही है। अनेक जगहो पर आपने गुप्तदान किये है और अनेक महत्वपूर्ण पद व अलकरण आपने स्वीकार नही किये। आप सिर्फ काम करने मे मगन रहते है, बोलते भी कम है। आपमे मैंने समय की पाबदी, मिलनसारिता, विनम्रता, छोटे-बड़े सबके प्रति सम्मान व समभाव, बुजुर्गों के प्रति आदर, सहिष्णुता, आधुनिकता और प्राचीनता का समावेश, वक्त के साथ चलने की कला आदि अनेक सद्गुण देखे है जो आपकी सफलता की कुजी है। आपके सेवा कार्यों का विवरण अगर कोई प्रस्तुत करे तो वह थक जायेगा, लेकिन आपके सेवाकार्य कभी खत्म नही होगे।

मेरे विचार से देशनोक की मरुधरा के तीन रत्न इतिहास मे हमेशा अमर रहेगे– करणीमाता और उनका मदिर, युग प्रधान आचार्य श्री रामेशजी महाराज और दानवीर दयावान मानव प्रेमी श्री सुन्दरलालजी दुगड। यहाँ कोलकाता मे किसी जमाने मे दानवीर सेठ सोहनलालजी दुगड हुआ करते थे और आज के युग के दानवीर सेठ सुन्दरलालजी दुगड हैं।

मै आपके दीर्घायु, सुखी एव स्वस्थ रहने की कामना करता हूँ।

वीतरागता की परिणति ही समताऽमृत बरसायेगी

राधेश्याम मिश्रा

शीर्षक पढकर चौक गए न। चौकिए मत। श्री सुन्दरलालजी दुगड वस्तुत वीतरागी है। अर्जन और उपार्जन का स्वामी यदि मुक्त हाथो से जन-कल्याण के लिए मानव ही नही प्राणीमात्र की सेवा मे अहर्निश देता रहे तो उसे आप यदि वीतरागी नही कहेगे तो क्या कहेगे ?

कष्ट काठिन्यो, झँझावतो से सघर्ष करते हुए जो व्यक्ति अपने पैरो पर खडा ही नही होता अपितु वह दूसरो को पैरो पर खडा कर उसमे स्वावलम्वी जीवन जीने की आशा-आकाक्षा जगा देता है तो वह निश्चित ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का 'वैष्णव जन' है। इसलिए कि वह पराई पीडा को जानता एव समझता ही नहीं अपितु स्वय भी उससे गुजर चुका है, उन्हे भोग चुका है। दर्द क्या होता है, सघर्ष क्या होता है ? उसे वे खूब जानते, पहचानते है, अत उन्होने दूसरो को दुख-मुक्त करना अपने जीवन का मिशन बना लिया है, उद्देश्य बना लिया है, बिना किसी प्रदर्शन, पाखण्ड, विज्ञापन और दिखावे से दूर रहकर।

महाकवि तुलसीदासजी ने कहा है कि इस ससार मे तीन प्रकार के मनुष्य है, एक कहता है करता नही पर उपदेश कुशल बहुतेरे की उक्ति चरितार्थ करता है ... कहता है और करता भी है यानि विज्ञापन और प्रदर्शन के साथ तीसरा करता ... नाम-स्मार प्रदर्शन पाखण्ड विज्ञापन आदि से सर्वथा दूर।

ससार मह पुरुष त्रिविध, पाटल रसाल, पानस समा।
एक कहहि, कहहि करहि अपरस, एक कहहिं कहत न बाजहिं।।

अप्रतिम व्यक्तित्व सम्पन्न श्री दुगडजी तीसरी और उत्तम कोटि की श्रेणी मे आते है। वे त्याग और विसर्जन के ऐसे प्रकाश स्तम्भ है जो आने वाले कई वर्षो तक नई युवा पीढी के लिए मार्गदर्शक और आदर्श रहेगे। खाओ, पीओ और मौज उडाओ की भौतिकवादी पाश्चात्य सस्कृति की गहन तमसावृत पीढी के लिए भोर की तरोताजा नव्य प्रकाश युक्त प्रथम किरण सिद्ध होगे श्री दुगडजी।

दानवीर कर्ण, भामाशाह, जगडू शाह की तरह श्री दुगडजी का जीवन उदारता, परदुख-कातरता एव लोक-कल्याण का प्रतीक है, ऐसा त्रिवेणी सगम है जिसमे अवगाहन कर शुद्ध, निर्मल और सात्विक जीवन जी सकता है व्यक्ति। विपरीत परिस्थितियो एव सकट की घडियो मे सतुलन, विश्वसनीयता और साख को कायम रखना श्री दुगडजी जैसे व्यक्तित्व के लिए ही सभव है।

सम्पन्न होकर भी सादगी, सरलता और सहजता से जीवन जीने की कला के एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप मे श्री दुगडजी को प्रस्तुत किया जा सकता है। माता-पिता का आशीर्वाद बचपन के सस्कारो एव धर्मपत्नी के सयम, अनाग्रह एव कारुण्य भाव से आवेष्टित श्री दुगडजी का जीवन जिस उदग्रता एव उदात्त सेवा भावना स परिप्लावित होकर समाज, धर्म, शिक्षा, चिकित्सा जगत मे लोक-कल्याण क लेख लिख रहे है वे काल के भाल पर लिखे गये अमिट लेख है, कालजयी है एव है उनकी कीर्ति कौमुदी के अमिट कीर्तिमान।

श्री दुगडजी का समग्र जीवन निम्नाकित दोहे का ही प्रतिरूप है–

ज्यौ जल बाढै नाव मे, घर मे बाढै दाम।
दोनो हाथ उलीचिये, यही सयानो काम।।

सदा मुस्कराते रहना एव दूसरो के चेहरे पर मुस्कान बिखेरना, उपार्जन कर उस का उदारता पूर्वक विसर्जन करना श्री सुन्दरलालजी के जीवन की नियति है। सदा स्वस्थ सुखी रहे और मानव कल्याण मे दत्तचित्त – यही अभीप्सा है, प्रभु से प्रार्थना है।

रागद्वेष के कण्टक वन को, शुद्ध बोध से पूर्ण जलाएँ।
सदा मुस्कराने वाला, मुक्ति भाव के पुष्प खिलाएँ।।

सहृदयता की प्रतिमूर्ति

डॉ सुरेश सिसोदिया
शोधाधिकारी, आगम, अहिंसा,
प्राकृत एव समता शोध सस्थान, उदयपुर

मै अपने आपको अत्यन्त सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मैं सहृदयता की प्रतिमूर्ति श्री सुन्दरलालजी दुगड से व्यक्तिश परिचित हूँ। कोई ८-१० वर्ष पूर्ण आदरणीय दुगड सा की पुत्री रूपरेखा के विवाह समारोह के अवसर पर श्री सरदारमलजी सा काकरिया के कारण मेरा परिचय श्री सुन्दरलालजी दुगड से हुआ था। १० वर्ष की इस अल्प अवधि मे मैंने श्रद्धेय श्री सुन्दरलालजी दुगड के व्यक्तित्व को जिस रूप मे देखा है उसे शब्दो की परिसीमाओ मे बाँधना मेरे लिए असम्भव नही तो दुष्कर अवश्य है। सौम्यता, सरलता एव मृदुता के पर्याय श्री सुन्दरलालजी दुगड जहाँ एक ओर कुशल व्यवसायी है वही दूसरी ओर उदारमना सुश्रावक के रूप मे आपकी विशिष्ट पहचान है। आप जैसे उदात्तचित्त, निरहकारचेता एव सहृदयी व्यक्ति विरले ही होते हैं। धन एव सम्पत्ति की प्रचुरता होते हुए भी सादगी और सरलता की आप प्रतिमूर्ति है आप और आपका व्यक्तित्व सम्प्रदायातीत है। जबसे मेरा आदरणीय दुगड सा से परिचय हुआ है मैंने सदैव यही पाया है कि वे विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक सस्थाओ और जरुरतमद व्यक्तियो को उदारभाव से अर्थ सहयोग करने मे सदैव अग्रणी रहते है। ''नैकी कर कुएँ मे डाल'' यह दुगड साहब का स्वभाव है। लाखो रुपये का अनुदान देकर भी उनके चेहरे पर अथवा उनके व्यक्तित्व मे अहकार के किचित भी भाव मैंने कभी नही देखे।

तीन व्यक्तित्व मेरे आदर्श है–प्रथम मेरे लेखन और चितन को निश्चित दिशा मे गतिमान करने मे मेरे शिक्षाप्रदाता गुरू डॉ सागरमल जैन तथा दूसरे व्यक्तित्व है श्री सरदारमलजी काकरिया, जिन्होने सदैव मुझे पुत्रवत स्नेह दिया और कार्य करने का ऐसा उचित अवसर एव मच दिया ताकि मै जैन विद्या के क्षेत्र मे आगे बढसकू और मेरे आदर्श का तीसरा व्यक्तित्व श्री सुन्दरलालजी दुगड है जिनके उदारमना व्यक्तित्व से मैं बहुत कुछ सीखा हूँ कि इस भौतिकवाद के समय मे भी कोई व्यक्ति इतनी उदारता के साथ, निस्पृही भावना के साथ प्रचूर धन राशि का विनियोजन सत्कार्यो मे करता हो, यह सब मैंने सुन्दरलालजी दुगड मे देखा है। मै इन तीनो महानुभावो का अत्यन्त उपकार मानता हूँ।

श्री सुन्दरलालजी दुगड के अभिनन्दन के अवसर पर उनके उदारमना व्यक्तित्व के सदर्भ में एक घटना का उल्लेख मै अवश्य करना चाहता हूँ कि मेरे एक परिचित की दोहित्री का डी फार्मेसी मे एडमिशन हो गया किन्तु पारिवारिक स्थिति ऐसी नही थी कि वो फीस का भुगतान (रुपये ४७ हजार) कर सके। उस परिचित ने मुझसे सम्पर्क साधा और किसी महानुभाव से यह राशि उपलब्ध कराने का मुझसे आग्रह किया। प्रथम तो मेरे स्वभाव मे नही कि मैं किसी को अनुदान देने हेतु कहूँ किन्तु उस परिवार की आर्थिक स्थिति और बच्ची के भविष्य को देखते हुए मैंने सहज ही उस बच्ची से एक पत्र लिखवा कर आदरणीय दुगड सा को अपनी अनुशसा सहित वह पत्र भेजा। पत्र जब कलकत्ता पहुँचा तब दुगड सा विदेश प्रवास पर थे और दस दिन बाद जब वो पुन कलकत्ता आये तो उस पत्र को पढते ही उन्होंने मुझे फोन किया कि सुरेशजी आप बच्ची के नानाजी को कह दे कि बच्ची की फीस की सम्पूर्ण राशि मै उस महाविद्यालय को सीधे यहाँ से ड्राफ्ट द्वारा भेज दूगा। आप मुझे सिर्फ इतना बता दे कि उसकी कॉलेज और हॉस्टल की फीस कितनी-कितनी है ताकि दोनो ड्राफ्ट अलग-अलग बनवाकर भेज सकू। इस उदारता हेतु मैंने दुगड सा का आभार व्यक्त किया और तुरन्त ही सदर्भित व्यक्ति को अपने कार्यालय मे बुला कर कहा कि आपकी समस्या दूर हो गई है और आपकी दोहित्री के लिए जो फीस की राशि दिलाने का आपने मुझे आग्रह किया था उसकी सम्पूर्ण पूर्ति आदरणीय सुन्दरलालजी दुगड कर रहे है। तब उन्होने मुझे कहा कि डॉ साहब इस उदारता हेतु मै दुगड साहब का अत्यन्त आभारी हूँ किन्तु कुछ समय व्यतीत हो जाने के कारण कॉलेज की फीस जमा कराने की तिथि निकल रही थी। अत बच्ची ने बैंक से शैक्षणिक ऋण लेकर अपनी फीस का भुगतान कर दिया है। तब मैंने उसी समय आदरणीय दुगड सा को फोन कर यह बात कही कि बच्ची ने शैक्षणिक ऋण लेकर कॉलेज की फीस जमा करवा दी है इसलिए आपको अब यह राशि नही भिजवानी है तब आदरणीय दुगड सा ने तुरन्त ही कहा कि मुझे लेकुना नही देखना है। बैंक से ऋण लेकर बच्ची पढाई करेगी तो उसके मस्तिष्क पर ऋण का भार बना रहेगा अत आप पता करे कि सात दिन बाद ब्याज सहित बैंक को कितनी राशि का भुगतान करना है ताकि मै वह राशि आपको भेज सकू और आप उस बच्ची का वह शैक्षणिक ऋण जमा करवाकर उसे ऋण भार से मुक्त करवा दे। ऐसे विचार श्री सुन्दरलालजी दुगड जैसे उदारमना व्यक्ति के ही हो सकते है अन्यथा और कोई महानुभाव होता तो उसका उत्तर यही होता कि मेरी तो सहयोग करने की भावना थी किन्तु अब जब व्यवस्था हो गई है तो आगे और किसी के लिए काम पडे तो याद करना किन्तु आदरणीय दुगड सा ने ऐसा जवाब नही देकर उस बच्ची के फीस की सम्पूर्ण राशि का भुगतान बैंक को कर उसे ऋण मुक्त किया। आज वह बच्ची डी फार्मेसी करके कुशलता पूर्वक नौकरी कर रही है और अपने परिवार के सचालन मे भी सहयोगी बनी हुई है।

मै सोचता हूँ आदरणीय श्री सुन्दरलालजी दुगड सा ने अपनी मेहनत से अर्जित सम्पत्ति से न जाने ऐसे कितने ही विद्यार्थियो, जरुरतमद व्यक्तियो एव सस्थाओ को सहयोग किया है, कितने ही लोगो की मगलकामनाएँ आदरणीय दुगड सा के प्रति सतत निकलती होगी जो दुगड सा के व्यक्तित्व को उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने मे सहयोगी बनेगी।

बहुविध सस्थाओ की तरह ही आगम-अहिंसा, समता एव प्राकृत सस्थान, उदयपुर के प्रमुख अर्थ सहयोगी भी आदरणीय दुगड सा ही है। प्राय देखा जाता है कि दानदाता अपना अर्थ सहयोग वहाँ प्रदान करता है जहाँ उनका नामपट्ट प्रदर्शित किया जाता हो किन्तु आदरणीय दुगड सा ने लाखो रुपये का अर्थ सहयोग आगम सस्थान को कर रखा है किन्तु वहाँ किसी भी रूप मे उनका कोई नामोल्लेख नही है। मैंने आदरणीय दुगड साहब को सदैव एक उदारमना दानी महानुभाव, सरलचित्त व्यक्तित्व, हसमुख स्वभाव वाले एव अपने से छोटे से छोटे व्यक्ति के साथ भी आत्मीयता के साथ व्यवहार करते हुए देखा है। मै उन्हे कोटिश वन्दन करता हूँ और जिनदेव से कामना करता हूँ कि जरुरतमदो को सहयोग करने मे सहयो[illegible] बनने हेतु आदरणीय दुगड साहब को चिरायु होने का यशस्वी वरदान प्रद[illegible] आप सदा निरोग रहे और शतायु रहे, यही मगलकामना करते हु[illegible] को विराम देता हूँ।

एक सामाजिक प्राणी

तिलोकचद डागा, कोलकाता

जिस समाज म हम जीते है, उसके प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ भी होती हैं। समाज के समर्थ-सक्षम व्यक्ति अगर सामाजिक जरुरतो और समस्याओ से मुँह फेर लेगे तो फिर प्राचीनकाल से चली आरही सामाजिक अवधारणा समाप्त हो जायेगी। इसलिए सामाजिक सरोकारो से जुडे रहना आज की सबसे बडी जरुरत है। समाज क सुपरिचित उद्योगपति श्री सुन्दरलाल दुगड का कर्मजीवन कुछ ऐसा ही सदेश देता है। श्री दुगड के व्यक्तित्व और कृतित्व दोनो मे ही सामाजिक चिता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। स्वभाव से सरल, मिलनसार और मृदुभाषी श्री दुगड ने अपने कर्मजीवन की दोनो धाराओ मे समान रूप से सफलता अर्जित की है। पहली धारा व्यापार-उद्योग की है, जिसमे सफलता की बुलदियाँ चूम रहे है और दूसरी धारा है– सामाजिक चितन की, इस क्षेत्र मे भी एक अनुकरणीय व्यक्तित्व के रूप मे उभर कर सामने आए है।

आजकल के अर्थ प्रधान युग मे उद्योग-व्यापार की बुलदियो तक पहुँचने के बाद समाज की चिता बहुत कम लोग कर पाते है। लोग तो यहाँ तक भूल जाते है कि समाज क्या है। लेकिन श्री दुगड इस मामले मे अपवाद ही कहे जाएँगे। आपने उद्योग-व्यापार क्षेत्र मे तरक्की की गति के साथ-साथ अपने को सामाजिक जरुरतो-समस्याओ से उतनी ही गति से जोडे रखा है। विभिन्न समाजसेवी सस्थाओ के प्लेटफार्म से समाज के कमजोर और जरुरतमद तबके की सेवा से जुडे हुए है। कई ऐसी सस्थाएँ है, जिनसे सीधे तौर पर जुडे न रहने के बावजूद आर्थिक सहयोग देकर सेवा के अपने दृढसकल्प को पूरा करते जा रहे है जग जाहिर है कि श्री दुगड गरीबो की सेवा के काम मे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है सबसे बडी सेवा और पूजा गरीबो की मदद करना है। यह बात आपके व्यावहारिक जीवन के हर मोड पर दखने-सुनने को मिल जाती है। आपका व्यक्तित्व शायद इसीलिए अनुकरणीय है, जो समाज की युवा पीढी को सदेश देता है कि आर्थिक उपलब्धियाँ हासिल कर लेना ही व्यक्ति का एकमात्र लक्ष्य नही होना चाहिए। जिस समाज मे हम पले-बढे, जहाँ से हमे सासारिक जीवन की जानकारियाँ हासिल हुई, उसक प्रति हमारा उत्तरदायित्व भी होता है और उसका पालन करना एक 'सामाजिक व्यक्ति' के लिए अनिवार्य होता है। समाज को नजरअदाज कर कोई भी व्यक्ति कभी भी 'पूर्ण मानव' नही बन सकता। यह बात हमारे वेद-शास्त्रो ने भी साफतौर पर कही है।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने जो नर-लीला सतयुग मे की वह आज कलियुग मे भी अनुकरणीय है। उनके पावन जीवन को देखे तो उनमे सत्य, चिंतन, सुधार उत्तरदायित्व, कर्तव्य, न्याय का उत्कृष्ट उदाहरण मिलता है। राम के जीवन मे सामाजिक उत्तरदायित्व का महत्व साफ दिखता है। भगवान राम ने सामाजिकता का निर्वाह करना [illegible] और जब १४ वर्षों के वनवास के बाद वापस लौटे तो राजा बनने के पश्चात् भी उन्होने समाज को ही तरजीह दी एव रामराज्य का श्रेष्ठ उदाहरण दिया। सब कुछ पाने के पश्चात् भी उन्होने कभी भेदभाव नही किया। सभी को समान समझा और न्याय किया। श्री दुगड ने भी हमेशा समाज को महत्व दिया है। हर तरह से सक्षम एव सपन्न होने के बावजूद हर वर्ग के लोगो के साथ सहजता से जुडे रहे है। धन के आगमन के साथ जैसे ही सपन्नता आती है, लोग यह समझते हैं कि उन्हे सब कुछ मिल गया है। उन्हे समाज की नही, समाज को उनकी जरुरत है, जैसी बडी भूल कर बैठते है। वह किसी से सपर्क नही करेगे, जिन्हे उनसे सपर्क करना होगा, वह उन तक पहुँचेगे। पर श्री दुगड का यह बडप्पन ही है कि आपने अपनी सपन्नता को अपने कोमल मन की राह मे रोडा नही बनाया। आपने हर किसी को अपनाया। बराबर के लोगो से हाथ मिलाया, तो बेसहारो को सहारा देकर उन्हे गले भी लगाया।

श्री दुगड का जीवन हर क्षण कर्त्तव्य से भरा रहा है। जीवन के हर मोड पर उन्होने अपने कर्तव्य एव उत्तरदायित्व का पालन किया है। हाँ, ऐसा करते वक्त आपको कठिनाइयो का सामना भी करना पडा, पर आप कभी भी अपने कर्तव्यपथ से डिगे नही और डटे रहे। आपके इसी अटल निश्चय क कारण उनकी राह मे रोडा बने बड़े से बडे तूफान भी शात हो गए। एक सार्थक जीवन जीने के उद्देश्य से आपने जीवनमूल्यो को न सिर्फ अपने जीवन मे अपनाया, बल्कि औरो को भी ऐसी ही नसीहत दी।

अगर सच कहे तो आपका जीवन ही ऐसा है कि कोई भी अनायास उनमे प्रभावित हो जाता है। लोग आपके सान्निध्य मे बने रहना चाहते है। हर वर्ग, हर उम्र के लोगो को आपसे उचित सम्मान, स्नेह व प्रेम मिलता रहता है। हर किसी को आपसे सीख मिलती है। सामाजिकता के साथ-साथ आपकी धर्मपरायणता भी उत्कृष्ट श्रेणी की है। आपने अपने हर धर्म का निर्वाह किया है। आपकी धार्मिक भावनाएँ सदैव उदाहरणीय एव अनुकरणीय रही है। ईश्वर म अगाध विश्वास तथा परमपिता के प्रति असीम श्रद्धा का परिणाम है कि आज आप सभी सुखो से परिपूर्ण है।

अपनी तरक्की के दौरान श्री दुगड ने कभी भी अनियमितताओ का सहारा नही लिया। मन की उत्तम भावनाओ को कभी चोटिल नही होने दिया। आपने उन्ही कार्यो को किया, जिसने उनके जीवन मे सतुष्टि प्रदान की। हर हाल म आपने अपने चित्त को विचलित नही किया। उच्च विचारो से भरे श्री दुगड ने सादा जीवन जिया है। तडक-भडक और दिखावे से दूर रहकर आपने सिर्फ जरूरत को ही ज्यादा तरजीह दी। आत्मा और मन के द्वद्व मे आप कभी विचलित नही हुए। आपके हर कर्म मे विवेक के दर्शन होते है। यही कारण है कि आप पर परमपिता का असीम आशीर्वाद है और हर दृष्टि मे सफलता के सभी सोपानो को प्राप्त कर रहे है।

समाज के नव-रत्न

मानमल कुदाल, उदयपुर (राज)

आदरणीय सुन्दरलालजी सा दुगड का जीवन एक विशाल ग्रन्थ है और वह ग्रन्थ है जिसका हर पृष्ठ प्रेरणा का पृष्ठ है। वैयक्तिक साधना के उत्कर्ष पर चलने वाला व्यक्ति समाज के लिए कितना योग दे सकता,उसका यह एक अन्यतम उदाहरण है। श्रीमान् दुगड सा समाज के उन नव-रत्नो मे से एक है जिन्होने अपने जीवन का उत्कृष्ट समय समाज के विकास एव सवर्द्धन मे समर्पित किया है। आपकी उदारतापूर्वक दान देने की शैली अद्भुत है। आपको वर्तमान समय का 'लोंकाशाह' कह दे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। "नेकी कर कुएँ मे डाल" वाली उक्ति को आपने जीवन-व्यवहार मे आत्मसात कर रखा है। विगत एक दशक मे सम्पूर्ण भारत के विभिन्न प्रातो मे सम्प्रदाय निरपेक्ष दृष्टि से आपने स्कूलों, कॉलेजो, छात्रावासो, स्थानको, मदिरो, गौशालाओ आदि मे करोडो रुपये के स्थाई निर्माण कार्य करवाये तथा निर्धन, असहाय, जरुरतमदों, विधवाओ एव छात्रो को उच्च एव तकनीकी शिक्षा के लिए मुक्त हस्त से आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। यश और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का अशमात्र भाव भी आपमे नही देखा। आप सदैव निस्पृह भाव से दान देते है। सहजता, सरलता, समता, समान्वेता, निर्मलता, धैर्य, गभीरता, उदारता आदि बाह्य एव आन्तरिक दीप्तिमान गुणरत्न एव विलक्षण दानवीर के व्यक्तित्व की अलग ही पहचान है। यही कारण है कि आज जब हम किसी को दानी कहते है तो श्रीमान् दुगड सा की भव्य आकृति स्मृति-पटल पर हठात् उभर आती है।

आपके रोम-रोम एव जीवन के पल-पल मे दया, करुणा, प्रेम, सौहार्द और सवेदनशीलता का अजस्र स्रोत प्रवाहमान है। आडम्बर और प्रदर्शन से दूर रहने वाले दुगड सा सरल एव सादगीमय जीवन जीने वाले है। आपकी मान्यता है कि मानव जितना सभ्य, सुसस्कृत एव नैतिक एव उदार होगा, उतना ही समाज एव राष्ट्र सुसम्पन्न होगा। इसलिए आपने मानव मे मानवीय गुणो का प्रादुर्भाव हो, इसका जीवन भर प्रयत्न किया – जो आपके जीवन से झलकता है। भारतवर्ष के कोने-कोने मे 'समता-भवनो' का निर्माण हुआ जो आपके आशीर्वाद और सहयोग का ही सुफल है। विचार, कथन एव आचरण की एकरूपता आपका जीवन मत्र है।

समाज सेवा के लिए समर्पित जीवन जीने वाले माननीय दुगड सा की अद्भुत कार्यक्षमता लोगो को आश्चर्यचकित किये बिना नहीं रहती, क्योंकि निस्वार्थ भाव से लोकोपकार की भावना के वशीभूत होकर समाज के लिए जीवन अर्पण कर देना अति दु साध्य कार्य है। जो व्यक्ति ऐसा करते है, वे विरले ही होते है। श्रीमान् दुगड सा इन्हीं विरल व्यक्तियो में से एक है। आपकी सेवाओ का मूल्याकन किया जाना समाज का परम पुनीत कर्त्तव्य है। आपका साधुवत् आचरण समाज के लिए प्रेरणाप्रद एव अनुकरणीय है। आचरण की शुद्धता, विचारो की परिष्कृतता, हृदय की निर्मलता आपकी साधुवृत्ति के ही परिचायक हैं। अपार सम्पत्ति के स्वामी होते हुए भी सरल एव सादगीपूर्ण जीवन आपकी निर्लोभवृत्ति एव अपरिग्रही जीवन का द्योतक है।

आप केवल समाज की ही नही अपितु देश की महान विभूति हैं। समाज आपकी सेवाओ से उपकृत है। आपने समाज को जो कुछ दिया है वह अकल्पनीय है। आप जैसे साधु पुरुष समाज के लिए अनुकरणीय आदर्श हैं।

वर्तमान युग के शालिभद्र

प्यारेलाल भडारी, अलीबाग (महाराष्ट्र)

